हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

www.naisochlive.com | पटना, शनिवार, 13 जून 2026, वर्ष- 09, अंक- 109, पृष्ठ-12, मूल्य - 3:00 | naisochexpress@gmail.com

पेज : 12

तेज गेंदबाज आकाशदीप 24 जून को रचाएंगे शादी




# केंद्र की पूर्वोत्तर में बड़े बदलाव की तैयारी: 2027 तक हटेगा अफस्पा

## असम-नागालैंड सीमा पर फिर शुरू होगा तेल-गैस उत्पादन

एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पूर्वोत्तर भारत के लिए दो महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं, जो क्षेत्र में शांति और विकास की नई दिशा देंगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2027 तक एक-दो राज्यों को छोड़कर पूरे पूर्वोत्तर से सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) हटाया जाएगा। इसके साथ ही, केंद्र सरकार, असम और नागालैंड के बीच सीमा विवाद वाले क्षेत्र में लंबे समय से बंद पड़ा तेल और गैस उत्पादन फिर से शुरू करेगी। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने इस निर्णय के पीछे पूर्वोत्तर में सुरक्षा स्थिति में आए उल्लेखनीय सुधार और उग्रवादी गतिविधियों में आई कमी को प्रमुख कारण बताया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न शांति समझौतों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं, जिससे क्षेत्र में स्थायी शांति की बहाली संभव हुई है। अफस्पा के दायरे में लगातार की जा रही कटौती इसी प्रगति का प्रमाण है। केंद्रीय गृह मंत्री ने उम्मीद जाहिर की कि यदि कानून-व्यवस्था की वर्तमान स्थिति बनी रहती है, तब अगले वर्ष तक अधिकांश क्षेत्रों से यह कठोर कानून हटा दिया जाएगा। वहीं ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी दूसरी बड़ी घोषणा कर शाह ने बताया कि केंद्र सरकार तथा असम और नागालैंड की सरकारों के बीच सीमा विवाद वाले उस क्षेत्र में तेल और गैस उत्पादन फिर से शुरू करने पर सहमति बनी है, जो लंबे समय से विवाद और प्रशासनिक चुनौतियों के कारण निष्क्रिय पड़ा हुआ था। केंद्र सरकार का अनुमान है कि इस क्षेत्र में 15,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के तेल और गैस भंडार मौजूद हैं। उत्पादन शुरू होने के बाद, क्षेत्र की तेल उत्पादन क्षमता वर्तमान 1,000-1,500 बैरल प्रतिदिन से बढ़कर करीब दस गुना तक पहुंच सकती है। इस परियोजना से न केवल देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होने और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। केंद्र सरकार का मानना है कि शांति, सुरक्षा और आर्थिक विकास के ये कदम पूर्वोत्तर भारत को देश की विकास यात्रा में एक अधिक प्रभावी और गतिशील भूमिका निभाने में सक्षम बनाएंगे।

## अमरनाथ यात्रा: सुरक्षा और व्यवस्था पर अमित शाह की उच्चस्तरीय समीक्षा



नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में आगामी अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस महत्वपूर्ण बैठक में यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, तीर्थयात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं और किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने की तैयारियों सहित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो (आईबी) के निदेशक और सेना प्रमुख सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और अन्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के महानिदेशक भी उपस्थित थे। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने अधिकारियों से यात्रा मार्गों पर सुरक्षा प्रबंधों, निगरानी व्यवस्था, आपदा प्रबंधन तैयारियों और तीर्थयात्रियों को उपलब्ध होने वाली स्वास्थ्य तथा अन्य सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने विशेष जोर दिया कि श्रद्धालुओं को एक सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यात्रा का अनुभव मिले। सूत्रों के अनुसार, बैठक में यात्रा के दौरान सुरक्षा बलों की पर्याप्त तैनाती, संवेदनशील क्षेत्रों की कड़ी निगरानी, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और संचार व्यवस्था को मजबूत बनाने पर गहन विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही, मौसम संबंधी चुनौतियों और किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक समन्वित कार्ययोजना की भी विस्तृत समीक्षा की गई। केंद्र सरकार ने अमरनाथ यात्रा के सफल और सुरक्षित संचालन के लिए सभी संबंधित एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता जताई है।

# ईंधन संकट: अब 200 लीटर से ज्यादा नहीं खरीद पाएंगे डीजल

नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली

### रिटेल पंपों से ये लोग नहीं खरीद पाएंगे तेल



देशभर में पेट्रोल और डीजल की संभावित किल्लत को रोकने और आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए केंद्र सरकार ने एक बेहद सख्त और बड़ा कदम उठाया है। नए सरकारी आदेश के तहत, अब सामान्य पेट्रोल पंपों से इंडस्ट्रियल (औद्योगिक) और कमर्शियल (व्यावसायिक) उपभोक्ताओं द्वारा पेट्रोल-डीजल खरीदने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। अब ऐसे बड़े उपभोक्ताओं को अपनी जरूरत का ईंधन केवल अधिकृत बल्क सप्लाई प्वाइंट्स (थोक आपूर्ति केंद्रों) से ही खरीदना होगा। सरकार ने फिलहाल इस कड़े प्रतिबंध को 90 दिनों की अवधि के लिए लागू किया है, हालांकि स्थिति में संतोषजनक सुधार होने पर इसे तय समय से पहले भी वापस लिया जा सकता है। सरकार को यह कदम इसलिए उठाना पड़ा क्योंकि अब तक कई बड़ी ट्रांसपोर्ट कंपनियां और औद्योगिक इकाइयां निर्धारित बल्क डिपो से ईंधन खरीदने के बजाय सीधे खुदरा पेट्रोल पंपों का रुख कर रही थीं। इसकी मुख्य वजह खुदरा और थोक कीमतों के बीच का भारी अंतर था। उदाहरण के लिए, दिल्ली में जहां आम खुदरा पेट्रोल पंप पर डीजल की कीमत 95.20 रुपये प्रति लीटर है, वहीं थोक (बल्क) ग्राहकों के लिए यही डीजल 134.50 रुपये प्रति लीटर की दर से मिल रहा है। कीमतों में प्रति लीटर करीब 39 रुपये का यह बड़ा अंतर होने के कारण बड़ी कंपनियां खुदरा पंपों से भारी मात्रा में डीजल खरीद रही थीं, जिससे कई क्षेत्रों में ईंधन की कमी की स्थिति बनने लगी थी।

### घरेलू उपभोक्ताओं को घबराने की जरुरत नहीं

इस बड़े फैसले के साथ ही सरकार ने खुदरा पेट्रोल पंपों पर डीजल की बिक्री को लेकर एक दैनिक सीमा (डेली लिमिट) भी निर्धारित कर दी है। नए नियमों के मुताबिक, अब किसी भी सामान्य खुदरा पेट्रोल पंप से एक ग्राहक या एक वाहन को एक दिन में अधिकतम केवल 200 लीटर डीजल ही जारी किया जा सकेगा। सरकार ने इस बात को पूरी तरह स्पष्ट किया है कि इस कदम से सामान्य वाहन चालकों और घरेलू उपभोक्ताओं को घबराने की बिल्कुल भी आवश्यकता नहीं है। आम जनता के लिए पेट्रोल और डीजल की नियमित सप्लाई पूरी तरह सामान्य बनी रहेगी, क्योंकि यह फैसला मुख्य रूप से बड़े व्यावसायिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर लिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत-बांग्लादेश सीमा वार्ता संपन्न: घुसपैठ और सीमा सुरक्षा पर सीधी चर्चा



**नई दिल्ली**। नई दिल्ली में भारत और बांग्लादेश के बीच सीमा सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर आयोजित चार दिवसीय महानिदेशक (डीजी) स्तर की महत्वपूर्ण वार्ता संपन्न हुई। इस बैठक में सीमा पर बढ़ते तनाव, अवैध घुसपैठ, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों पर हमलों और सीमा बाड़ को क्षति पहुंचाने जैसी घटनाओं पर चर्चा की गई। यह 57वां महानिदेशक स्तरीय सम्मेलन था, जो नई दिल्ली स्थित बीएसएफ मुख्यालय में बार्डर सिक्योरिटी फार्स (बीएसएफ) और बार्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के महानिदेशकों के बीच आयोजित हुई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीएसएफ के महानिदेशक प्रवीण कुमार ने किया, जबकि बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई बीजीबी के महानिदेशक मोहम्मद अशरफुज्जमां सिद्दीकी ने की। वार्ता के दौरान भारत ने सीमा पार से होने वाली अवैध घुसपैठ, बांग्लादेशी नागरिकों द्वारा बीएसएफ कर्मियों और भारतीय नागरिकों पर हमलों, तथा सीमा पर लगी बाड़ को नुकसान पहुंचाने जैसे मामलों को अत्यंत गंभीरता से उठाया। बीएसएफ प्रमुख कुमार ने इन मुद्दों को प्राथमिकता के साथ संबोधित कर सीमा पर शांति और सुरक्षा बनाए रखने की अनिवार्यता पर जोर दिया।

### डोनाल्ड ट्रंप का दावा- यूरोप में फाइनल होगी समझौते की डील

**वॉशिंगटन**। अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से जारी गंभीर सैन्य और कूटनीतिक तनाव के बीच



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा दावा किया है। ट्रंप का कहना है कि दोनों देशों के बीच एक बहुत बड़ा और ऐतिहासिक समझौता होने वाला है, जो अंतिम दौर में पहुंच चुका है। हालांकि, इस समझौते का श्रेय लेने की कोशिशों में जुटे पाकिस्तान को झटका देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने साफ कर दिया है कि इस शांति समझौते पर हस्ताक्षर पाकिस्तान की धरती पर नहीं होंगे, बल्कि इस अंतिम डील को यूरोप में फाइनल किया जाएगा। गौरतलब है कि पाकिस्तान लंबे समय से इन दोनों देशों के बीच मध्यस्थता कराने और इसका क्रेडिट लेने के प्रयास कर रहा था, और वहां पहले भी एक दौर की वार्ता पूरी तरह विफल हो चुकी थी। इस बीच, जहां ट्रंप इस समझौते को लेकर पूरी तरह आश्वस्त दिख रहे हैं, वहीं ईरान ने फिलहाल अमेरिकी दावे को सिरे से खारिज करते हुए ऐसी किसी भी डील से इनकार किया है। जब डोनाल्ड ट्रंप से सीधे तौर पर यह सवाल पूछा गया कि क्या ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतभा खामेनेई इस समझौते के लिए पूरी तरह तैयार हो गए हैं, तो ट्रंप ने बेहद आत्मविश्वास के साथ कहा कि वह अच्छी तरह जानते हैं कि ईरानी नेतृत्व का जवाब हां में ही है। ट्रंप के मुताबिक, इस नए समझौते के तहत ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को रोकने और परमाणु हथियारों को पूरी तरह से छोड़ने के लिए राजी हो गया है।

## वाणिज्यिक जहाजों पर हमलों को लेकर अमेरिका दूतावास के प्रभारी राजनयिक तलब




**नई दिल्ली**। विदेश मंत्रालय में शुक्रवार को अमेरिकी दूतावास के प्रभारी राजनयिक जेसन मीक्स को ओमान की खाड़ी में भारतीय नाविकों को ले जा रहे वाणिज्यिक जहाजों पर अमेरिकी नौसेना के लगातार हमलों के संबंध में तलब किया गया। मंत्रालय ने नागरिक जहाजों पर घातक बल प्रयोग पर गहरी चिंता व्यक्त की और स्पष्ट कहा कि ऐसे कृत्य अस्वीकार्य हैं। एक दिन पहले एक बार फिर एक भारतीय चालक दल वाले जहाज को अमेरिकी नौसेना की ओर से निशाना बनाया गया। इस संबंध में आज अमेरिकी दूतावास के प्रभारी राजनयिक को तलब किया गया। राजनयिक करीब 45 मिनट तक विदेश मंत्रालय में रहे। इसके बाद विदेश मंत्रालय की ओर से एक वक्तव्य जारी किया गया। इसमें कहा गया कि मंत्रालय ने नागरिक जहाजों के खिलाफ घातक बल के प्रयोग पर एक बार फिर गहरी चिंता व्यक्त की। उनसे कहा गया कि ऐसे कृत्य अस्वीकार्य हैं और एक संवेदनशील क्षेत्र में कठिन समय में अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार की सुरक्षा, संरक्षा और स्थिरता को कमजोर करते हैं। मंत्रालय के अनुसार अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रभारी से कहा गया कि वे अपने अधिकारियों को भारत की गंभीर चिंताओं से अवगत कराएं और यह सुनिश्चित करें कि क्षेत्र में तैनात अमेरिकी सेनाएं नागरिक जीवन की हानि को रोकने के लिए सभी आवश्यक उपाय करें। उल्लेखनीय है कि पिछले चार दिनों में तीन बार भारतीय चालक दल वाले तीन जहाजों को लाल सागर क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना की ओर से निशाना बना जा चुका है।

# एमआरपी व्यवस्था में लाई जाए पारदर्शिता, ग्राहकों को पता रहे उत्पादन लगात : नारायणभाई शाह

नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली



अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के देश भर से आए कर्यकर्ताओं ने अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग को लेकर शुक्रवार को जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन किया। मंच से ग्राहक पंचायत ने अपने कार्यकर्ताओं से उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा तथा एमआरपी व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग को लेकर एक जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाने का आह्वान किया। जंतर मंतर पर आज आयोजित धरने में देश के विभिन्न राज्यों से आए उपभोक्ता अधिकार कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित करीब 500 लोगों ने भाग लिया। एमआरपी की विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर आयोजित धरने में अपने संबोधन में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष नारायणभाई शाह ने कहा कि एमआरपी व्यवस्था का मूल उद्देश्य उपभोक्ताओं को मनमानी कीमतों से बचाना था, लेकिन वर्तमान व्यवस्था में खामियां है। उपभोक्ताओं को यह जानने का अधिकार है कि किसी वस्तु की वास्तविक लागत क्या है और उस पर कितना लाभ जोड़ा गया है। सरकार को इस संबंध में तुरंत कोई व्यवस्था या कानून बनाना चाहिए। उपभोक्ताओं के अधिकारों का यूं ही कब तक हनन होता रहेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव जयंतभाई कथिरिया ने कहा कि एमआरपी के विषय पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने पिछले दिनों वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की थी और उन्हें ज्ञापन सौंपा था। इस दौरान कई मंत्रियों तक मांगे रखी गई। लेकिन अभी तक सरकार की तरफ से इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है। आज यह धरना सरकार को जगाने के लिए किया गया है ताकि नीति निर्धारकों तक ग्राहकों के हितों के बात पहुंचाई जा सके।

## गोविंदपुरी में पांच मंजिला इमारत में आग तीन की मौत, पांच लोगों को बचाया गया

**नई दिल्ली**। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में बीती देर रात एक पांच मंजिला रिहायशी इमारत में लगी आग ने तीन लोगों की जान ले ली। जबकि पांच लोगों को धुएं और आग के बीच से सुरक्षित बाहर निकाला गया। हादसे में दो अन्य लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। दक्षिण-पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त डॉ हेमंत तिवारी ने शुक्रवार को बताया कि 11 और 12 जून की दरम्यानी रात करीब 2:24 बजे गोविंदपुरी थाना पुलिस को तुगलकाबाद एक्सटेंशन स्थित एक इमारत में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, थाना प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। इसके साथ ही दमकल विभाग की चार गाड़ियां और कैट्स एंबुलेंस भी घटनास्थल पर पहुंचीं। आग लगने के बाद पूरी इमारत धुएं से भर गई, जिससे कई लोग अंदर फंस गए। पुलिस, दमकल कर्मियों और बचाव दल ने संयुक्त अभियान चलाकर धुएं में फंसे आठ लोगों को बाहर निकाला और उन्हें सफदरजंग अस्पताल तथा एम्स ट्रॉमा सेंटर भेजा। पुलिस के बताया कि हादसे में एक 22 वर्षीय युवक और दो महिलाओं की मौत हो गई है। वहीं दो अन्य घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## पीएम मोदी के पास समारोह में शामिल होने का समय है, अमेरिकी हमले की निंदा का नहीं



**नई दिल्ली**। ओमान तट के पास एक वाणिज्यिक पोत पर अमेरिकी सेना के हमले में तीन भारतीय की मौत के बाद देश में सियासत गरमा गई है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार और पीएम मोदी पर तीखा हमला बोला। ओवैसी ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी के पास समारोहों में शामिल होने के लिए तो समय है, लेकिन अमेरिकी हमले में मारे गए भारतीयों की मौत की निंदा करने का समय नहीं है। ओवैसी ने दावा किया कि केंद्र सरकार अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में काम करने वाले भारतीय नागरिकों और नाविकों की जान की रक्षा करने में बार-बार विफल साबित हो रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ओवैसी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीयों की जान बचाना सरकार का पहला कर्तव्य है। यह दुखद और व्यथित करने वाला है कि पीएम मोदी के पास समारोहों के लिए समय है लेकिन भारतीयों की जान लेने के लिए अमेरिकी सेना की निंदा करने का समय नहीं है। उन्होंने सवाल किया कि क्या भारत के इतिहास में कभी इससे कमजोर सरकार रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि रूस अब भी भारतीयों को सैनिकों के रूप में भर्ती कर रहा है "जो कई मारे जा रहे हैं" लेकिन सरकार असहाय है।

# अनुशासनहीनता मात्र पर नौकरी से नहीं निकाला जा सकता कर्मचारी: सुप्रीम कोर्ट

नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि किसी कर्मचारी को केवल अनुशासनहीनता, आदेशों की अवहेलना या वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश न मानने के आधार पर नौकरी से नहीं निकाला जा सकता। अदालत ने स्पष्ट किया कि बर्खास्तगी जैसी कठोर सजा केवल उन मामलों में दी जानी चाहिए, जहां भ्रष्टाचार, अनैतिक आचरण, वित्तीय अनियमितता या नियोक्ता को गंभीर नुकसान पहुंचाने वाली हरकतें साबित हों। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एनके सिंह की पीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि कार्यस्थल पर अनुशासन का महत्व निर्विवाद है, लेकिन अनुशासनहीनता के हर मामले में नौकरी से निकालना न्यायसंगत नहीं माना जा सकता। पीठ ने कहा कि भ्रष्टाचार, अवैध लाभ प्राप्त करना, फंड का दुरुपयोग, संगठन की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना या नियोक्ता को प्रत्यक्ष क्षति पहुंचाने जैसे गंभीर मामलों के अभाव में कर्मचारी को सेवा से हटाना अत्यधिक कठोर कदम होगा। अदालत के अनुसार, किसी भी सजा का संबंध कर्मचारी के कृत्य की गंभीरता, उसके पूर्व सेवा रिकॉर्ड, परिस्थितियों और संस्थान पर पड़े प्रभाव से होना चाहिए। यह टिप्पणी महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के एक कर्मचारी को वर्ष 2017 में सेवा से बर्खास्त किए जाने के आदेश को निरस्त करते हुए की गई। अदालत ने कहा कि बर्खास्तगी कर्मचारी और नियोक्ता के संबंधों को स्थायी रूप से समाप्त कर देती है तथा कर्मचारी को सेवानिवृत्ति और अन्य सेवा लाभों से भी वंचित कर देती है। पीठ ने यह भी कहा कि ऐसे निर्णयों का प्रभाव केवल कर्मचारी तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसके परिवार की आर्थिक सुरक्षा और भविष्य भी प्रभावित होता है।

# अब अपने दोस्त रूस को ब्रह्मोस मिसाइल देगा भारत

नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली

### रक्षा निर्यात में नई दिल्ली लगा रही बड़ी छलांग




भारत और रूस के संयुक्त प्रयासों से विकसित हुई ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल अब वापस रूस को ही बेची जा सकती है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस ने स्पष्ट किया है कि यदि मॉस्को की ओर से इस मिसाइल को लेकर कोई ऑर्डर आता है, तो कंपनी उसे पूरा करने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार है। इसका सीधा मतलब यह है कि जिस अचूक मिसाइल को भारत ने अपनी सैन्य संप्रभुता और सामरिक ताकत का मुख्य स्तंभ बनाया है, वह अब रूस की थलसेना और नौसेना के शस्त्रागार की भी शोभा बढ़ा सकती है। अंतरराष्ट्रीय नौसेना प्रदर्शनी 'फ्लीट-2026' के दौरान ब्रह्मोस एयरोस्पेस के शीर्ष नेतृत्व ने इस बात की पुष्टि की कि उनके पास पर्याप्त उत्पादन क्षमता है और वे रूस की सैन्य आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझते हैं। यह मिसाइल भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और रूस के एनपीओ मशीनोस्ट्रोयेनिया का एक संयुक्त उपक्रम है। दोनों देशों ने साल 1995 में मिलकर ब्रह्मोस एयरोस्पेस की स्थापना की थी। भारत की ब्रह्मपुत्र और रूस की मॉस्कवा नदी के नाम पर इस घातक मिसाइल का नाम ब्रह्मोस रखा गया था, जिसे आज दुनिया की सबसे तेज और सटीक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों में गिना जाता है। जमीन, हवा और समुद्र— तीनों ही प्लेटफॉर्म से दागी जा सकने वाली इस मिसाइल की मारक क्षमता और सटीकता का लोहा पूरी दुनिया मानती है। भारतीय थलसेना, वायुसेना और नौसेना लंबे समय से इसका सफलतापूर्वक संचालन कर रही हैं। पड़ोसी देश पाकिस्तान के खिलाफ एक विशेष सैन्य ऑपरेशन के दौरान भी इस मिसाइल ने अपनी अचूक मारक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया था, जिसके बाद वैश्विक स्तर पर इसकी मांग में भारी उछाल आया है।

वर्तमान में भारत एक बड़े रक्षा निर्यातक के रूप में उभर रहा है। ब्रह्मोस का पहला विदेशी ग्राहक फिलीपींस बना, जिसके साथ साल 2022 में 37.5 करोड़ डॉलर का सौदा हुआ था। इस समझौते के तहत मिसाइलों की खेप सफलतापूर्वक पहुंचाई जा चुकी है। फिलीपींस के बाद हाल ही में भारत ने वियतनाम को भी ब्रह्मोस मिसाइल की आपूर्ति करने की आधिकारिक पुष्टि की है। इसके अतिरिक्त, सिंगापुर में हुए एक बड़े रक्षा संवाद के दौरान अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि इंडोनेशिया के साथ भी मिसाइल आपूर्ति को लेकर बातचीत अंतिम चरण में पहुंच चुकी है।

## भारतीय निशानेबाजी को बड़ा झटका, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता जसपाल राणा का 49 वर्ष की उम्र में निधन

**नई दिल्ली**। भारत के दिग्गज निशानेबाजी कोच और पूर्व स्टार शूटर जसपाल राणा का गुरुवार देर रात नई दिल्ली के साकेत स्थित एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 49 वर्ष के थे। उनके निधन से भारतीय खेल जगत, विशेषकर निशानेबाजी समुदाय में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार, हाल ही में जर्मनी के म्यूनिख में आयोजित आईएसएसएफ विश्व कप से भारतीय दल के साथ लौटते समय उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। इसके बाद उनका हृदय संबंधी उपचार हुआ था, जिसमें स्टेंट डाला गया था। निधन के समय वह भारत की पिस्टल निशानेबाजी टीम के उच्च प्रदर्शन कोच के रूप में कार्यरत थे। जसपाल राणा भारतीय निशानेबाजी के सबसे प्रभावशाली नामों में गिने जाते थे। कोच के रूप में उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को तैयार किया और भारतीय निशानेबाजी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनके मार्गदर्शन में मनु भाकर ने 2024 पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतकर इतिहास रचा था। वह स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बनी थीं जिसने एक ही ओलंपिक में दो पदक हासिल किए।

## जिस कोच में संघ प्रमुख सफर कर रहे थे उसी पर हुआ पथराव

**नई दिल्ली**। उत्तर प्रदेश से देश की राजधानी दिल्ली आ रही शताब्दी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12003) में उस समय अचानक अफरा-तफरी और हड़कंप मच गया, जब कुछ अज्ञात तत्वों द्वारा ट्रेन पर पथराव कर दिया गया। यह हैरान कर देने वाली घटना यूपी के फिरोजाबाद जिले के आउटर इलाके में घटित हुई, जहां तेज रफ्तार से गुजर रही शताब्दी एक्सप्रेस को निशाना बनाकर पत्थर फेंके गए। इस पथराव के कारण ट्रेन की खिड़की का शीशा चकनाचूर हो गया। इस घटना ने सुरक्षा एजेंसियों के कान इसलिए खड़े कर दिए क्योंकि जिस वक्त यह हमला हुआ, उस समय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत उसी प्रभावित कोच में मौजूद थे। संघ प्रमुख कानपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद इसी लखनऊ-दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस से वापस दिल्ली लौट रहे थे। यह पूरी घटना गुरुवार की रात करीब 7.20 से 8 बजे के बीच की बताई जा रही है। जब ट्रेन फिरोजाबाद जिले से गुजरते हुए मक्खनपुर स्टेशन को बिना रुके पार कर चुकी थी, तभी अचानक एक बड़ा पत्थर ट्रेन के ई-1 कोच की खिड़की से आकर टकराया।

हर खबर पर पैनी नजर
# नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

### रोजगार, शिक्षा और निवेश को नई गति, नीतीश मॉडल से आगे बढ़ रहा बिहार : जदयू

**पटना**। जदयू प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार, प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम एवं मीडिया पैनलिस्ट डा मधुरेंदु पांडेय ने जारी बयान में कहा कि बिहार आज एक नए आत्मविश्वास, नई सोच और विकास के नए प्रतिमानों के साथ आगे बढ़ रहा है। नीतीश कुमार की विकासोन्मुखी सोच ने राज्य को शिक्षा, रोजगार, बुनियादी ढांचे और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया है। राज्य सरकार द्वारा 7 निश्चय-3 के तहत उठाए जा रहे कदम बिहार के समग्र विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। नए डिग्री कॉलेजों की स्थापना, मॉडल स्कूलों का विस्तार, युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण केंद्रों का निर्माण, आधुनिक ग्रीनफील्ड टाउनशिप की परिकल्पना तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना जैसे ऐतिहासिक निर्णय बिहार को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। नीतीश कुमार ने हमेशा यह सुनिश्चित किया कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। यही कारण है कि शिक्षा के बेहतर अवसर, युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार की संभावनाएं, उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तथा पर्यटन के क्षेत्र में नई संभावनाओं का सृजन आज बिहार की नई पहचान बन रहा है। हरित विकास और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए राज्य में हरियाली बढ़ाने तथा सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए भी अनेक योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की जा रही हैं।

### जनसुनवाई कार्यक्रम में मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने सुनीं आमजनों की समस्याएँ

**पटना**।जदयू प्रदेश कार्यालय, पटना में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में योजना एवं विकास मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित मामलों के विधिसम्मत एवं त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस मौके पर विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी मौजूद रहे। इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि जनसुनवाई कार्यक्रम में आने वाली हर एक शिकायत के त्वरित निवारण हेतु संबंधित अधिकारियों को तत्काल दूरभाष के माध्यम से निर्देश दिए जाते हैं, जिससे सभी फरियादी पूर्णतः संतुष्ट होकर लौटते हैं। नीतीश कुमार के कुशल दिशा-निर्देशन में शुरू किए गए इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का मूल उद्देश्य ही आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करना है और आज इस दिशा में यह जन-कल्याणकारी पहल पूरी तरह कारगर साबित हो रही है।

### सिमुलतला आवासीय विद्यालय का गौरव लौटाएंगे : तिवारी

**पटना**। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने सिमुलतला आवासीय विद्यालय की मौजूदा हालात पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के इस ड्रीम प्रोजेक्ट का गौरव वापस लौटाएंगे। शुक्रवार को एक दिवसीय प्रवास के क्रम में मंत्री ने जमुई एवं बांका जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। जमुई प्रवास के दौरान शिक्षा मंत्री ने सिमुलतला आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा विद्यालय के पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन, आधारभूत सुविधाओं एवं शैक्षणिक परिणामों की विस्तार से समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने तथा विद्यार्थियों को उत्कृष्ट वातावरण उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद बांका के दौरे के क्रम में शिक्षा मंत्री बेलहर प्रखंड स्थित बछौर प्राथमिक विद्यालय पहुंचे। विद्यालय का निरीक्षण कर पठन-पाठन व्यवस्था का जायजा लिया तथा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय में स्थापित स्मार्ट क्लास का भी उद्घाटन किया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीक आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। स्मार्ट क्लास जैसी आधुनिक सुविधाएं विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और रुचिकर बनाएंगी। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं नैतिक विकास के प्रति पूरी निष्ठा के साथ काम करने का आह्वान किया। मंत्री के निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी, विद्यालय प्रबंधन से जुड़े पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### पढ़ाई की जगह लड़ाई करने वाले कोचिंग संस्थानों को लेकर राज्य सरकार गंभीर : शिक्षा मंत्री

**पटना**। जमुई दौरे के क्रम में शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। स्थानीय परिसदन में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि पढ़ाई की जगह विवाद, अव्यवस्था या अनावश्यक गतिविधियों में लिप्त कोचिंग संस्थानों को बख्शा नहीं जाएगा। मंत्री ने कहा कि कोचिंग संस्थानों का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। यदि कोई संस्थान शिक्षा के बजाय लड़ाई-झगड़े, अनुशासनहीनता या अन्य आपत्तिजनक गतिविधियों का केंद्र बनते हैं तो उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों के हितों की रक्षा के लिए गंभीर है और शिक्षा के माहौल को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि को स्वीकार नहीं किया जाएगा। मंत्री ने कोचिंग संस्थानों से निर्धारित मानकों और नियमों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की।

### बिहार लोक भवन में महिला इमदाद कमिटी की बैठक सम्पन्न हुई

**पटना**। महिला इमदाद कमिटी की बैठक में माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने बिहार लोक भवन में समय-समय पर विविध विषयों पर आयोजित किये जाने वाले सेमिनार में कमिटी की सहभागिता सुनिश्चित करने का निदेश दिया। बैठक में बताया गया कि महिला इमदाद कमिटी द्वारा माह जुलाई, 2026 में बिहार लोक भवन रिस्टोरिंग चाइल्डहुड-प्रिवेन्टिंग ड्रग एब्यूज एण्ड रिइंटीग्रेशन ऑफ चिल्ड्रेन इन नीड ऑफ केयर एण्ड प्रोटेक्शन विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। इसमें निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले प्रत्येक विश्वविद्यालय के पाँच-पाँच विद्यार्थी भी भाग लेंगे। कमिटी द्वारा अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को बिहार लोक भवन में योग शिविर का आयोजन भी कराया जायेगा। बैठक में बताया गया कि महिला इमदाद कमिटी के प्रशिक्षण केन्द्र में महिलाओं और बच्चों के लिए डिजिटल साक्षरता, साइबर सुरक्षा एवं कृत्रिम साक्षरता से संबंधित एड ऑन पाठ्यक्रम का संचालन किया जायेगा। बैठक में लेडी गवर्नर सबीहा हसनैन ने महिला इमदाद कमिटी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन का भी निदेश दिया। उल्लेखनीय है कि लेडी गवर्नर महिला इमदाद कमिटी की पदेन अध्यक्ष होती हैं। बिहार लोक भवन में आयोजित इस बैठक में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव, दीपक कुमार सिंह, महिला इमदाद कमिटी के पदाधिकारी, सदस्य तथा राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारी एवं अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# नीति आयोग की बैठक में बिहार के लिए सम्राट चौधरी की बड़ी मांग

नई सोच एक्सप्रेस



» पीएम मोदी से मांगे 20 हजार करोड़ से ज्यादा के विशेष पैकेज

**पटना**।नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद की बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में शिक्षा, कौशल विकास, जल आपूर्ति, पर्यटन, उद्योग और कृषि सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए विशेष वित्तीय सहायता का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री ने 'विकसित भारत @2047' के लक्ष्य को आधार बनाते हुए बिहार की प्राथमिकताओं, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को पेश किया तथा राज्य के लिए 20,250 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता और कई बड़े राष्ट्रीय स्तर के प्रोजेक्ट्स की मांग की। मुख्यमंत्री ने सबसे बड़ी मांग जल जीवन मिशन और हर घर नल का जल योजना के लिए की। उन्होंने केंद्र से कुल 18 हजार करोड़ रुपये की विशेष सहायता देने का अनुरोध किया। इसमें पहले से खर्च की गई राशि के केंद्रांश के रूप में 13 हजार करोड़ रुपये और वर्तमान योजनाओं के लिए 5 हजार करोड़ रुपए शामिल हैं। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार युवाओं का राज्य है और कौशल विकास को मजबूत करने के लिए उन्होंने इंटिग्रेटेड स्कीम इन स्कीलींग आर्किटेक्चर पायलट परियोजना के लिए 750 करोड़ रुपये, जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय के लिए 1,500 करोड़ रुपये और भागलपुर में नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट की स्थापना के लिए सहयोग की मांग की। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार अब केवल विकास यात्रा का सहभागी नहीं, बल्कि 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को हासिल करने में एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में उभर रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से बिहार में भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) और स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर की क्षेत्रीय शाखा की स्थापना, 2030 हॉकी विश्व कप और 2031 राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए सहयोग की भी मांग की। कृषि क्षेत्र को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के किसानों की आय बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय मखाना बोर्ड कार्यालय की स्थापना, उपोष्णकटिबंधीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट की जल्द स्थापना के लिए केंद्र का सहयोग आवश्यक है। पर्यटन क्षेत्र में मुख्यमंत्री ने गया, बोधगया, राजगीर और नालंदा को विश्वस्तरीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना रखी। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई संपर्क बढ़ाने का भी अनुरोध किया गया। साथ ही औद्योगिक विकास को गति देने के लिए 10 प्लग एंड प्ले इंडस्ट्रियल पार्क और डिजाइन के क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना का भी प्रस्ताव रखा गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के 91 प्रतिशत सरकारी स्कूलों में इंटरनेट सुविधा उपलब्ध हो चुकी है और 9 हजार से अधिक स्मार्ट क्लास संचालित हैं। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में बिहार देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है, जहां 48.30 लाख 'लखपति दीदियां' ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रही हैं। वहीं भागलपुर के पीरपैंती में 2400 मेगावाट का थर्मल पावर प्रोजेक्ट और कजरा में विकसित हो रहा देश का सबसे बड़ा बैटरी आधारित सौर ऊर्जा संयंत्र बिहार को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और पावर सरप्लस राज्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अब निगाहें केंद्र सरकार के फैसले पर टिकी हैं कि बिहार की इन बड़ी मांगों पर कितना सहयोग मिलता है और राज्य को कितना आर्थिक पैकेज हासिल हो पाता है।

# भूमि अधिग्रहण एवं आधारभूत संरचना विकास कार्यों में तेजी लाने का मुख्यमंत्री का निर्देश

नई सोच एक्सप्रेस



» निवेश, औद्योगिक विकास एवं शहरीकरण से संबंधित सभी परियोजनाओं के क्रियान्वयन में समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए
» भूमि अधिग्रहण से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करायें
» सरकार का उद्देश्य है कि बिहार को औद्योगिक एवं आर्थिक विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाए

**पटना**।मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में उद्योग विभाग तथा नगर विकास एवं आवास विभाग के साथ भूमि अधिग्रहण तथा आधारभूत संरचना विकास से संबंधित योजनाओं की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। बैठक में उद्योग विभाग के सचिव श्री कुंदन कुमार ने विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के लिये भूमि अधिग्रहण की प्रगति, निवेश परियोजनाओं की प्रगति तथा नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री विनय कुमार ने शहरी विकास योजनाओं के लिए आवश्यक भूमि उपलब्धता/ भू-अर्जन की प्रक्रिया, टाउन प्लानिंग का स्वरूप के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिहार में निवेश को प्रोत्साहित करने तथा रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए उद्योगों के लिए आवश्यक भूमि एवं आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता तेजी से सुनिश्चित करायें। भूमि अधिग्रहण से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करायें तथा किसी भी प्रकार की प्रशासनिक बाधा को तत्काल दूर किया जाए। निवेशकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करें। मुख्यमंत्री ने नगर विकास एवं आवास विभाग को निर्देश दिया कि प्रस्तावित औद्योगिक एवं शहरी विकास क्षेत्रों में समेकित आधारभूत संरचना विकसित करने की कार्य योजना पर तेजी से काम करें और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। भूमि पहचान, भूमि अधिग्रहण एवं हस्तांतरण के कार्य की प्रक्रिया तेज करें। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में विकसित किए जा रहे नए औद्योगिक क्षेत्रों एवं सैटेलाइट टाउनशिप परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने हेतु नियमित समीक्षा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवे निवेश, औद्योगिक विकास एवं शहरीकरण से संबंधित सभी परियोजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। सरकार का उद्देश्य है कि बिहार को औद्योगिक एवं आर्थिक विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाएं।

## मोदी सरकार के 12 वर्षों में बदला बिहार का परिदृश्य : सम्राट चौधरी

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार विकसित भारत की यात्रा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि जीएसटी और केंद्र की नीतियों से राज्य की वित्तीय स्थिति मजबूत हुई है तथा 2004-14 के दौरान मिले 2.80 लाख करोड़ रुपये की तुलना में पिछले 12 वर्षों में बिहार को करीब 12.90 लाख करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव-गांव तक बिजली, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाएं पहुंची हैं। राज्य में कई एक्सप्रेस-वे, गंगा पर नए पुल तथा हवाई संपर्क विस्तार की परियोजनाएं तेजी से चल रही हैं। उन्होंने बताया कि सहरसा, मुजफ्फरपुर, वाल्मीकिनगर सहित कई स्थानों पर एयर कनेक्टिविटी विकसित की जा रही है। सम्राट चौधरी ने घोषणा की कि सरकार 20 नवंबर तक 5 लाख करोड़ रुपये के औद्योगिक निवेश को धरातल पर उतारने का लक्ष्य लेकर काम कर रही है। उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए निवेशकों को 30 दिनों के भीतर स्वचालित मंजूरी देने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि राजगीर और मुंगेर को डिफेंस कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ने, दरभंगा एम्स और अन्य परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से करोड़ों लोगों को लाभ मिला है। शिक्षा, कौशल विकास और महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना, सामाजिक न्याय और औद्योगिक विकास के माध्यम से देश को नई दिशा दी है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश वर्तमान में मंत्री हैं और आगे भी मंत्री बने रहेंगे।

# 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पटना में होगा राज्यस्तरीय आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

» योग स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवनशैली का आधार : निशांत

**पटना**। 21 जून 2026 को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य आयुष समिति, स्वास्थ्य विभाग, बिहार द्वारा पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में राज्यस्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त लोक भवन, पटना तथा उच्च न्यायालय परिसर पटना में भी सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग" निर्धारित की गई है। इस थीम के माध्यम से लोगों को बढ़ती उम्र में बेहतर स्वास्थ्य, सक्रिय जीवनशैली और मानसिक संतुलन के लिए योग अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य के सभी जिलों, प्रखंडों सहित आयुष केंद्रों में व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने के लिए विभिन्न सहभागिता एवं जागरूकता आधारित गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी। निशांत ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने की एक प्रभावी जीवन पद्धति है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से सशक्त बनाता है तथा अनेक बीमारियों से बचाव में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बिहार के निर्माण में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है। विशेष रूप से वृद्धावस्था में स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को कम करने, जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने तथा सक्रिय एवं आत्मनिर्भर जीवन जीने में योग अत्यंत लाभकारी सिद्ध होता है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राज्य में वर्तमान में 294 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं, जहां आयुष चिकित्सा पद्धति के माध्यम से लोगों को उपचार एवं आयुष औषधियां निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन केंद्रों पर नियमित योगाभ्यास कराया जाता है तथा औषधीय पौधों एवं जड़ी-बूटियों के गुणों एवं उपयोगिता के संबंध में भी जानकारी दी जाती है।उन्होंने कहा कि राज्य के आयुर्वेद महाविद्यालयों में पंचकर्म चिकित्सा की सुविधाओं को सुदृढ़ किया गया है, जिससे लोगों को आयुर्वेद आधारित गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने राज्यवासियों से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाने की अपील की।

# बिहार में अब किरायेदारों को मिलेगा125 यूनिट मुफ्त बिजली और सब्सिडी का मिलेगा लाभ

नई सोच एक्सप्रेस

» मकान मालिक नहीं वसूल सकेंगे अधिक पैसा
» आवेदक को किरायानामा , आधार कार्ड और अन्य आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे

**पटना**।राज्य सरकार ने किराए के मकानों में रहने वाले लोगों को बड़ी राहत देते हुए बिजली सब्सिडी योजना का दायरा बढ़ा दिया है। अब किरायेदार भी 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली और सरकारी सब्सिडी का लाभ उठा सकेंगे। इस फैसले से राज्य के लाखों शहरी और ग्रामीण किरायेदारों को सीधा फायदा मिलने की उम्मीद है।अब तक कई स्थानों पर किरायेदारों को मकान मालिकों द्वारा तय किए गए बिजली शुल्क का भुगतान करना पड़ता था। नई व्यवस्था लागू होने के बाद किरायेदार सरकारी दरों और बिजली सब्सिडी का लाभ सीधे प्राप्त कर सकेंगे। सरकार का मानना है कि इससे बिजली बिल का बोझ कम होगा और उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत मिलेगी।राज्य सरकार के अनुसार बिजली सब्सिडी का लाभ उसी उपभोक्ता को मिलेगा, जिसके नाम पर बिजली कनेक्शन दर्ज होगा। ऐसे में किरायेदारों के लिए अपने नाम से अलग बिजली मीटर लगवाना सबसे बेहतर विकल्प माना गया है। इसके लिए आवेदक को किरायानामा , आधार कार्ड और अन्य आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे। निर्धारित प्रक्रिया पूरी करने के बाद वे योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने कहा कि मकान मालिक किरायेदारों से केवल सरकार द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार ही बिजली शुल्क वसूल सकते हैं। यदि कोई मकान मालिक अधिक राशि वसूलता है या किसी प्रकार की अनियमितता करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि बिजली सब्सिडी और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र उपभोक्ता तक पहुंचे। इसी उद्देश्य से किरायेदारों को भी इस योजना में शामिल किया गया है। सरकार के अनुसार पात्र उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली खपत पर सब्सिडी या मुफ्त बिजली का लाभ मिलेगा। इससे किरायेदारों के मासिक बिजली खर्च में उल्लेखनीय कमी आएगी और बिजली शुल्क को लेकर होने वाले विवाद भी कम होंगे। किरायेदार अपने नजदीकी बिजली कार्यालय में जाकर या ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के दौरान रेंट एग्रीमेंट, पहचान पत्र और अन्य जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। सरकार का मानना है कि इस नई पहल से बिजली सब्सिडी का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचेगा और किराए के मकानों में रहने वाले परिवारों को आर्थिक सुरक्षा एवं राहत मिलेगी।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर आयोजित हुआ "बाल श्रम के विरुद्ध बिहार" कार्यक्रम

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 2026 के अवसर पर श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, बिहार द्वारा दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना में "बाल श्रम के विरुद्ध बिहार" विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि बाल श्रम बच्चों के बचपन, शिक्षा और सम्मानजनक भविष्य पर सीधा आघात है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और अपने सपनों को पूरा करने का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने समाज से बाल श्रम मुक्त बिहार के निर्माण में सहयोग की अपील की। मंत्री ने बताया कि बिहार देश का पहला राज्य है, जहां बाल श्रम से मुक्त कराए गए किशोर श्रमिकों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 25 हजार की आर्थिक सहायता दी जाती है, ताकि उन्हें शिक्षा एवं कौशल विकास से जोड़कर मुख्यधारा में लाया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार बाल श्रमिकों की मुक्ति के साथ-साथ उनके पुनर्वास और भविष्य निर्माण के लिए भी लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत बाल श्रम कराने वालों पर 20 हजार से 50 हजार तक जुर्माना तथा दो वर्ष तक कारावास का प्रावधान है। बाल श्रम की सूचना देने के लिए विभाग ने 9471229133 व्हाट्सएप नंबर जारी किया है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने बाल श्रम के विरुद्ध प्रचार वाहनों को रवाना किया। साथ ही विमुक्त कराए गए 10 बाल एवं किशोर श्रमिकों को आर्थिक सहायता के प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए गए। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर आयोजित प्रमंडलीय वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बाल श्रम उन्मूलन पर आधारित प्रचार फिल्म एवं डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों, यूनिसेफ के प्रतिनिधियों तथा बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के पदाधिकारियों ने भाग लिया। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने "शिक्षित, सुरक्षित और बाल श्रम मुक्त बिहार" के संकल्प को दोहराया।

## तेजस्वी यादव ज्ञान 'बटाई' या किराये पर नहीं मिलताः नीरज

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।जदयू विधान पार्षद सह मुख्य प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार एवं प्रदेश प्रवक्ता मनीष यादव ने संयुक्त रुप से प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें आधी-अधूरी जानकारी के आधार पर झूठ की राजनीति बंद करने की सलाह दी। तेजस्वी यादव के ट्वीट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने उस ट्वीट के आधार पर झूठ फैलाना का काम किया। तेजस्वी यादव ने उस ट्वीट में लिखा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान एकमात्र वीवीआईपी शौचालय के निर्माण के लिए 7 लाख 41 हजार रुपए खर्च किए गए। जबकि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के पत्र में ये साफ-साफ लिखा है कि उस दौरान अलग-अलग जगहों पर एक नहीं बल्कि चार शौचालयों का निर्माण कराया गया । जिसकी कुल लागत 4 लाख 71 हजार 691 रुपए थी। मतलब एक वीवीआईपी शौचालय के निर्माण पर महज 1 लाख 17 हजार 922 रुपए ही खर्च हुए। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक के अनुसार—1 शौचालय नहीं 4 शौचालय का निर्माण कराया गया। एक अस्थायी टॉयलेट पर 7 लाख 41 हजार रुपए खर्च हुए। वहीं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए आकस्मिक निधि से 3 हजार 662 करोड़ रुपए की निकासी को दिवालियापन बताने वाले बयान पर पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि आकस्मिक निधि का उपयोग आर्थिक दिवालियापन नहीं होता। किसी राज्य के दिवालिया होने का आकलन उसके ऋण भुगतान में चूक, कर्मचारियों के वेतन और पेंशन के दीर्घकालिक अवरोध, बाजार से उधार लेने की क्षमता समाप्त होने अथवा संवैधानिक वित्तीय हस्तक्षेप जैसी परिस्थितियों से किया जाता है। बिहार में ऐसी कोई स्थिति वर्तमान में नहीं है। बिहार सरकार का ऋण-जीएसडीप अनुपात हाल के वर्षों में लगभग 33 से 40 प्रतिशत के बीच रहा है, जो भारतीय रिजर्व बैंक और वित्त आयोग द्वारा राज्यों के लिए स्वीकार्य मानी जाने वाली सीमा के आसपास है। तुलना करें तो पंजाब का ऋण-जीएसडीपी अनुपात 45 प्रतिशत से अधिक, पश्चिम बंगाल का लगभग 38-40 प्रतिशत तथा केरल का लगभग 35-40 प्रतिशत के बीच रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में 124 करोड़ से बनेंगे 19 आधुनिक वेंडिंग जोन

» म्यूनिसिपल बॉन्ड से मिलेगा फंड, 4400 फुटपाथी वेंडर्स का मिलेगा स्थायी दुकान

**पटना।** पटना नगर निगम 124 करोड़ रुपये की लागत से 19 आधुनिक वेंडिंग जोन बनाने जा रहा है। इसके लिए 760.81 डिसमिल जमीन चिन्हित की गई है। इससे 4400 वेंडरों को राहत मिलेगी।प्रत्येक वेंडिंग जोन में 200 से 235 दुकानों की व्यवस्था होगी। भविष्य में कुल 31 वेंडिंग जोन बनाकर 7200 वेंडरों को बसाने का लक्ष्य है। इस पर खर्च होने वाली राशि 200 करोड़ रुपये के म्यूनिशिपल बॉन्ड से जुटाई जाएगी। नगर निगम का प्रस्ताव अंतिम चरण में है और अगले दो महीने में बॉन्ड जारी होने की उम्मीद है।अभी चिन्हित 19 वेंडिंग जोन में 9 जगहों पर नगर निगम की अपनी जमीन है, जबकि बाकी 10 जगहों के लिए पथ निर्माण, सिंचाई और भवन निर्माण विभाग से उनके जमीन पर बनाने के लिए ठडउ के लिए पत्र लिखा गया था। वर्तमान में सबसे अधिक 8 वेंडिंग जोन नूतन राजधानी अंचल में बनेंगे। नूतन राजधानी और पाटलिपुत्र अंचल में 12 वेंडिंग जोन बनेंगे। नूतन राजधानी अंचल में सबसे ज्यादा 8 वेंडिंग जोन बनाने का प्रस्ताव है, जिस पर 61.69 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके तहत शेखपुरा रैन बसेरा, अमला टोला, पंच मंदिर, इको पार्क डीपीएस के पास, चित्रगुप्त समाज मंदिर, साकेत नगर, बेउर मोड़ व स्टेशन रोड मल्टीलेवल पार्किंग के पीछे जी1 वेंडिंग जोन बनेंगे। वहीं, पाटलिपुत्र अंचल में 24.29 करोड़ की लागत से 4 वेंडिंग जोन प्रस्तावित हैं। इनमें मछली मार्केट के पास आरसीडी की जमीन, वार्ड 20 में सब्जी मार्केट के पास, वार्ड 8 में बीएमएसआइसीएल के सामने और वार्ड 24 में दीघा पोस्ट के सूर्य मंदिर के पास आधुनिक जी+1 परिसर तैयार किए जाएंगे। वेंडिंग जोन बनाने में म्यूनिशिपल बॉन्ड का पैसा खर्च किया जायेगा। दरअसल, पटना नगर निगम 200 करोड़ रुपये का म्यूनिशिपल बॉन्ड जारी करने जा रहा है। इसके लिए बाजार नियामक सेबी से हरी झंडी मिल चुकी है और निगम जल्द ही इसका फाइनल प्रस्ताव मंजूरी के लिए भेजने वाला है।बॉन्ड से मिलने वाली राशि को मुख्य रूप से उन योजनाओं में निवेश किया जाएगा, जहां से निगम को स्थायी राजस्व मिल सके और वेंडिंग जोन इसका सबसे बड़ा जरिया बनेंगे।

### गौरी शंकर भूटान के बॉल बैडमिंटन कार्यशाला में भाग लेंगे

**पटना।** बॉल बैडमिंटन फेडरेशन ऑफ एशिया ने भूटान में बॉल बैडमिंटन खेल के संगठन बनाने व प्रशिक्षण कार्यक्रम के देखरेख के लिए भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ के संयुक्त सचिव-सह-भारतीय महिला बॉल बैडमिंटन टीम के प्रशिक्षक गौरी शंकर को संयोजक एवं बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के संयुक्त सचिव रंजन कुमार गुप्ता को सह-संयोजक मनोनीत किया है। बॉल बैडमिंटन फेडरेशन ऑफ एशिया के अध्यक्ष वाई.राजा राव के अनुसार भूटान में 14 से 17 जून तक बॉल बैडमिंटन खेल के विकास हेतु कार्यशाला व प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है जिसमें संयोजक गौरी शंकर व रंजन कुमार गुप्ता शामिल होंगे। श्री राव ने एक पत्र के माध्यम से सूचित किया है कि वर्ष 2026 के अंत या 2027 के प्रारंभ में एशियन बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप (पुरुष व महिला) का आयोजन होना है उससे पूर्व एशियन बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप में सहभागिता करने वाली सभी देशों की टीमों की तैयारी पूरी हो सके। सैमड्रप झोंखर व फूंसटलिंग (भूटान) में आयोजित होने वाली कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए गौरी शंकर व रंजन गुप्ता 13 को पटना से रवाना होंगे।

### मशरूम उद्यमिता प्रशिक्षण एवं स्वयंसेवा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य कल्याण गतिविधियाँ आयोजित

**पटना।**टी.पी.एस. कॉलेज, पटना में शुक्रवार को विद्यार्थियों के कौशल विकास, उद्यमिता संवर्धन तथा समग्र व्यक्तित्व निर्माण को केंद्र में रखते हुए दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। एक ओर जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा मशरूम उत्पादन, मूल्य संवर्धन एवं उद्यमिता विकास विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, वहीं दूसरी ओर लोक भवन एवं पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए संचालित 30 घंटे के अनिवार्य स्वयंसेवा कार्यक्रम के अंतर्गत जिम, योग, खेल एवं स्वास्थ्य कल्याण गतिविधियों का चौथा दिन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। मशरूम उत्पादन एवं उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने की, जबकि इसका आयोजन वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विनय भूषण कुमार के नेतृत्व में किया गया।अपने संबोधन में प्राचार्य प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि मशरूम उत्पादन वर्तमान समय में स्वरोजगार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का एक प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। इन अवधारणाओं को व्यवहारिक रूप प्रदान करता है, जिसमें कृषि एवं जैविक अपशिष्टों का पुनः उपयोग कर कम लागत में उत्पादन किया जाता है। उन्होंने कहा कि मात्र एक हजार से पांच हजार रुपये के निवेश से मशरूम आधारित उद्यम प्रारंभ किया जा सकता है, जो युवाओं और महिलाओं के लिए एक कोस्ट इफेक्टिव बिजनेश मॉडल सिद्ध हो सकता है।

### भाकपा राज्य सचिव ने जताया शोक

**पटना।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने पार्टी के पूर्व राज्य सचिव एवं पूर्व विधायक शहीद सत्यनारायण सिंह की पत्नी, पार्टी के खगड़िया जिला परिषद के पूर्व सदस्य एवं मध्य बोरने पंचायत की पूर्व मुखिया सुशीला देवी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की हैं। सुशीला देवी का पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे लंबे समय से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं। निधन के उपरांत उनका पार्थिव शरीर आज प्रातः 4:30 बजे जनशक्ति भवन, पटना लाया गया, जहां पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने लाल झंडा एवं पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें अंतिम विदाई दी। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पांडेय, पूर्व सांसद नागेंद्र नाथ ओझा, पटना जिला सचिव विश्वजीत कुमार, इस्कफ के राज्य महासचिव रविन्द्र नाथ राय, एटक के राज्य अध्यक्ष गजनफ्फर नवाब सहित अन्य साथी शामिल थे। पार्थिव शरीर दोपहर 12 बजे सीपीआई जिला कार्यालय, योगीन्द्र भवन, खगड़िया पहुँचा जहां पार्टी नेताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। दोपहर के बाद उनका अंतिम संस्कार परबत्ता के आगुवानी घाट में की गयी। मुखाग्नि उनके पुत्र डा. अंकित कुमार ने दी।

### सामाजिक न्याय के नाम पर राजसी जीवनशैली का प्रदर्शन देख रही जनता : सुमन

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार द्वारा प्रदर्शित राजनीतिक आचरण एक बार फिर जनता के सामने कई सवाल खड़े करता है। वर्षों तक गरीबों, वंचितों और सामाजिक न्याय की राजनीति का दावा करने वाले नेता आज ऐसी जीवनशैली और प्रदर्शन की राजनीति करते दिखाई देते हैं, जो आम जनता की वास्तविकताओं से मेल नहीं खाती। डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि यदि कोई नेता स्वयं को गरीबों का सबसे बड़ा हितैषी बताता है, तो उसे अपने आचरण में भी सादगी और संवेदनशीलता का उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। जनता यह देख रही है कि एक ओर गरीबी और सामाजिक न्याय की बातें की जाती हैं, वहीं दूसरी ओर राजसी ठाठ-बाट का प्रदर्शन किया जाता है। उन्होंने कहा कि राजनीति सेवा का माध्यम है, प्रदर्शन का नहीं। जनता अब केवल भाषणों से नहीं, बल्कि नेताओं के आचरण और जीवनशैली से भी उनकी प्रतिबद्धता का मूल्यांकन कर रही है। बिहार की जनता जागरूक है और कथनी तथा करनी के बीच के अंतर को भली-भांति समझती है। डॉ. सुमन ने कहा कि सामाजिक न्याय का वास्तविक अर्थ समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य करना है, न कि केवल प्रतीकात्मक राजनीति करना। लोकतंत्र में जनता ही अंतिम निर्णायक होती है और वह समय आने पर अपना निर्णय अवश्य सुनाती है।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर सर्वत्र बाल श्रम उन्मूलन का संकल्प लिया गया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना ।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर सूचना एवं जन-संपर्क विभाग के संवाद कक्ष में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभागीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने बाल श्रम उन्मूलन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए बिहार को बाल श्रम मुक्त राज्य बनाने हेतु ईमानदारी, संवेदनशीलता एवं सामाजिक दायित्व के साथ कार्य करने की शपथ ली। इस अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बाल श्रम बच्चों के सपनों, शिक्षा और बचपन पर सबसे बड़ा प्रहार है। आइए संकल्प लें कि हर बच्चे को किताब, कलम और बेहतर भविष्य मिले, न कि मजदूरी और मजबूरी। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर हम सभी की जिम्मेदारी है कि बाल श्रम के खिलाफ आवाज़ उठाएं और बच्चों के अधिकारों की रक्षा करें। वहीं बिहार विधान परिषद की सदस्य शीला पंडित ने कहा कि विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर आइए संकल्प लें कि हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और बेहतर भविष्य का अधिकार मिले। बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। शिक्षित बचपन ही समृद्ध भारत की पहचान है। दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना में विभाग द्वारा "बाल श्रम के विरुद्ध बिहार" थीम पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाल श्रम उन्मूलन तथा बच्चों के अधिकारों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए शपथ ग्रहण किया। शिक्षा विभाग के मदन मोहन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक प्रशासन मनोरंजन कुमार ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बाल श्रम उन्मूलन की शपथ दिलाई। उद्योग विभाग, बिहार सरकार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाल श्रम के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने, बाल अधिकारों के संरक्षण को प्रोत्साहित करने तथा बाल श्रम मुक्त एवं समावेशी समाज के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

## पटना में मनोज बाजपेयी और अदा शर्मा स्टारर फिल्म "गवर्नर" की स्पेशल स्क्रीनिंग, दर्शकों ने सराहा



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**राजधानी पटना के सिनेपोलिस में अभिनेता मनोज वाजपेई और अभिनेत्री अदा शर्मा अभिनीत बहुप्रतीक्षित फिल्म "गवर्नर" की स्पेशल स्क्रीनिंग आयोजित की गई। कार्यक्रम में सिनेमा प्रेमियों, गणमान्य लोगों और फिल्म से जुड़े सदस्यों ने भाग लिया। फिल्म देखने के बाद दर्शकों ने इसकी कहानी, निर्देशन और कलाकारों के अभिनय की सराहना की। भारत के 1990 के आर्थिक संकट की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म एक ईमानदार अधिकारी रमन की कहानी प्रस्तुत करती है, जिन्हें अचानक भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर की जिम्मेदारी मिलती है। देश को गंभीर आर्थिक संकट से उबारने की चुनौती और उससे जुड़ी परिस्थितियों को फिल्म में प्रभावशाली ढंग से दिखाया गया है। दर्शकों ने कहा कि फिल्म देश के इतिहास के एक महत्वपूर्ण दौर को जीवंत करती है। 90 के दशक के माहौल, घटनाओं के यथार्थपूर्ण चित्रण और सशक्त निर्देशन ने उन्हें प्रभावित किया। मनोज बाजपेयी के अभिनय को फिल्म की प्रमुख ताकत बताया गया, वहीं अदा शर्मा के प्रदर्शन की भी प्रशंसा हुई। दर्शकों के अनुसार "गवर्नर" उन अनदेखे नायकों की कहानी है, जिनके फैसले देश की दिशा तय करते हैं। फिल्म 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और इसे दर्शकों का सकारात्मक प्रतिसाद मिल रहा है।

## स्वास्थ्य नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एम्स पटना और सीआईआई बिहार साथ आए

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।**बिहार को स्वास्थ्य नवाचार, मेडटेक उद्यमिता और अनुसंधान आधारित विकास का केंद्र बनाने की दिशा में एम्स पटना और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) बिहार राज्य परिषद् ने सहयोग बढ़ाने की पहल की है। इसी क्रम में सीआईआई बिहार का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को एम्स पटना एवं एम्स पटना इन्क्यूबेशन एंड इनोवेशन काउंसिल (एपीआईआईसी) के दौरे पर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने एम्स पटना की नवाचार गतिविधियों, स्टार्टअप सहायता कार्यक्रमों और इन्क्यूबेशन सुविधाओं का अवलोकन किया तथा स्टार्टअप्स और नवप्रवर्तकों से संवाद किया। बाद में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य नवाचार, ट्रांसलेशनल रिसर्च, डिजिटल हेल्थ, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित स्वास्थ्य सेवाओं, कौशल विकास और उद्योग-अकादमिक सहयोग को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियों का समाधान सहयोगात्मक प्रयासों से ही संभव है। उद्योग, शिक्षण संस्थानों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों की साझेदारी से नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और मरीजों को बेहतर व किफायती स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। सीआईआई बिहार के प्रतिनिधियों ने एम्स पटना द्वारा विकसित नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की सराहना करते हुए स्टार्टअप संवर्धन, निवेश प्रोत्साहन और कौशल विकास कार्यक्रमों में संयुक्त रूप से कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। बैठक में डॉ. क्रांति भावना, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. मौसमी साहा सहित कई वरिष्ठ चिकित्सक, शोधकर्ता और विशेषज्ञ उपस्थित रहे। बैठक का समापन बिहार को स्वास्थ्य नवाचार, मेडटेक उद्यमिता और अनुसंधान का अग्रणी केंद्र बनाने के साझा संकल्प के साथ हुआ।

## सांसे हो रही है कम आओ पेड़ लगाये हम के नारों से गूंज उठा बैकुंठधाम

नई सोच एक्सप्रेस



**खुसरूपुर।**विश्व युवक केंद्र दिल्ली एवं प्रेम यूथ फाउंडेशन पटना की ओर से पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया । रैली को फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने हरी झंडी दिखाकर गौरीशंकर मंदिर बैकठपुर से रवाना किया । अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि पर्यावरण से छेड़छाड़ मानव सभ्यता के लिए खतरा की घँटी है । विकाश के नाम पर हो रहे अंधाधुंन पेड़ो की कटाई से पर्यावरण में असंतुलन पैदा हो गया है जिसका परिणाम जलवायु परिवर्तन के रूप में सामने है । अति वर्षा, सुखाड़ , सुनामी , भूकम्प हमे बार बार सचेत कर रहा है लेकिन हम अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए प्रकृतिक संसाधनों का बेतहाशा उपयोग संकट पैदा कर रहा है । समय रहते काबू नही पाया गया तो विनाश तय है । उन्होंने लोगो से अधिक से पेड़ लगाने का आह्वान किया । उन्होंने बताया कि जनसंख्या बृद्धि का सबसे बुरा प्रभाव पर्यावरण पर ही पड़ता है । वायुमंडल के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही ओजोन परत की क्षति हो रहा है । रैली से पूर्व स्वयंसेवको ने मंदिर में सफाई अभियान चलाया तथा प्लास्टिक मुक्त भारत बनाना अति महत्वपूर्ण है । आज माइक्रो प्लास्टिक हमारे खून तक पहुँच गया है हमे सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्णतः बंद करने की आवश्यकता है । रैली बैकुंठधाम मंदिर से आरंभ होकर सड़क मार्ग से होते हुये गोविंदपुर पहुँचा जहाँ स्वयंसेवको ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया । मौके पर सुरुचि कुमारी, कुमकुम कुमारी, प्रियंका कुमारी , रोहित कुमार, रंजन कुमार, सन्नी कुमार, नितिन कुमार, मन्नी कुमार, प्राची कुमारी समेत हजारों स्वयंसेवक मौजूद रहे ।

# फतुहा चौराहा पर अंग्रेजों के समय ट्रैफिक पुलिस थी - भाजपा नेत्री शोभा पटेल

नई सोच एक्सप्रेस



**फतुहा।** भाजपा नेत्री शोभा पटेल ने फतुहा चौराहा की बदहाल यातायात व्यवस्था पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि विडंबना देखिए, जिस चौराहे पर अंग्रेजों के शासनकाल में ट्रैफिक पुलिस की नियमित तैनाती रहती थी, वहां आज भाजपा-जदयू के 21 वर्षों के शासन के बावजूद एक भी ट्रैफिक पुलिसकर्मी नजर नहीं आता। परिणामस्वरूप फतुहा का ऐतिहासिक चौराहा प्रतिदिन जाम, अव्यवस्था और प्रशासनिक उदासीनता का प्रतीक बन गया है। उन्होंने कहा कि फतुहा चौराहा केवल एक सड़क का मोड़ नहीं, बल्कि इतिहास, संस्कृति और राजनीतिक विरासत का केंद्र है। इसी चौराहे के आसपास अंग्रेजों के समय का डाकघर, सबसे पुराना उच्च विद्यालय, थाना तथा अन्य महत्वपूर्ण संस्थान स्थित हैं। पश्चिम दिशा में थाना और पुनपुन नदी का मार्ग है, उत्तर दिशा में गंगा नदी का रास्ता जाता है। इसी क्षेत्र में वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय आनंद बिहारी पाठक का निवास भी रहा, जिन्होंने आर्यावर्त, प्रदीप, इंडियन नेशन, सर्चलाइट और बाद में हिंदुस्तान जैसे प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में अपनी सेवाएं दीं। चौराहे के समीप स्थित वाणी पुस्तकालय भी इस नगर की बौद्धिक पहचान रहा है। शोभा पटेल ने कहा कि जिस समय पूरे दिन में सौ वाहन भी इस मार्ग से नहीं गुजरते थे, उस समय यहां ट्रैफिक पुलिस तैनात रहती थी। आज हजारों वाहन प्रतिदिन गुजर रहे हैं, घंटों जाम लगता है, एम्बुलेंस तक फंस जाती हैं, लेकिन ट्रैफिक नियंत्रण की कोई व्यवस्था नहीं है। यह प्रशासनिक संवेदनहीनता का सबसे बड़ा प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह वही ऐतिहासिक मार्ग है, जहां से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू तथा लोकनायक जयप्रकाश नारायण जैसे महान नेताओं का आवागमन हुआ था। दुर्भाग्य है कि आज उसी ऐतिहासिक चौराहे को सरकार और जनप्रतिनिधियों ने उपेक्षा के हवाले कर दिया है। भाजपा नेत्री शोभा पटेल ने सवाल उठाया कि जब बिहार में पिछले 21 वर्षों से जदयू और भाजपा की सरकार है, तब फतुहा जैसे महत्वपूर्ण नगर को ट्रैफिक जाम से मुक्ति क्यों नहीं मिल सकी? क्या विकास केवल भाषणों और विज्ञापनों तक सीमित है? क्या जनता को घंटों जाम में तड़पना ही सुशासन की पहचान है? उन्होंने मांग की कि फतुहा चौराहा पर तत्काल स्थायी ट्रैफिक पुलिस बल की तैनाती की जाए, आधुनिक ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली लागू हो तथा जाम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई जाए। अन्यथा जनता यह मानने को मजबूर होगी कि सत्ता के गलियारों में फतुहा की आवाज सुनने वाला कोई नहीं है। "जब अंग्रेजों के समय व्यवस्था थी और आज नहीं है, तो सवाल सड़क का नहीं, शासन की प्राथमिकताओं का है।" — इसी संदेश के साथ शोभा पटेल ने सरकार और जनप्रतिनिधियों से जवाब मांगा है।

## प्रीमियम कैटरिंग आउटलेट्स पर पूर्व मध्य रेल ने किया हितधारक परामर्श



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**पूर्व मध्य रेल ने रेलवे स्टेशनों पर प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट्स की स्थापना के लिए विशेष संविदा शर्तों के निर्माण हेतु गुरुवार को महेंद्रूघाट स्थित सम्मेलन कक्ष में हितधारक परामर्श बैठक आयोजित की। बैठक में 18 फर्मों के 25 प्रतिनिधियों ने प्रत्यक्ष रूप से तथा 25 से अधिक फर्मों के प्रतिनिधियों ने वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। बैठक में संविदा अवधि, पात्रता मानदंड, क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय ब्रांडों की भागीदारी, यात्रियों के लिए बेहतर सुविधाओं तथा सेवा गुणवत्ता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने विभिन्न स्टेशनों पर प्रीमियम कैटरिंग आउटलेट्स स्थापित करने में रुचि दिखाई और क्षेत्रीय ब्रांडों को पर्याप्त अवसर देने पर जोर दिया। अधिकांश प्रतिनिधियों ने गुणवत्ता एवं व्यावसायिक स्थिरता के लिए लंबी संविदा अवधि का समर्थन किया। मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (फ्रेट मार्केटिंग) जाफर आज़म ने कहा कि हितधारकों की सक्रिय भागीदारी से पारदर्शी और व्यावहारिक नीति बनाने में मदद मिलेगी। वहीं, उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (कैटरिंग) प्रभास राघव ने सुझावों के आधार पर यात्री-केंद्रित व्यवस्था विकसित करने की बात कही। पूर्व मध्य रेल ने आगे भी सुझाव प्राप्त करने के लिए ई-मेल आईडी और संपर्क नंबर उपलब्ध कराया है। रेलवे का उद्देश्य स्टेशनों पर प्रतिष्ठित खाद्य एवं पेय ब्रांडों की उपलब्धता सुनिश्चित कर यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण, स्वच्छ और विविधतापूर्ण खानपान सेवाएं प्रदान करना है।

## इनफिनिक्स स्मार्ट 20 की बिक्री शुरू




नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**न्यू-एज स्मार्टफोन ब्रांड इनफिनिक्स ने अपने नए स्मार्टफोन स्मार्ट 20 की बिक्री फ्लिपकार्ट और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर शुरू कर दी है। लॉन्च ऑफर्स के साथ इसकी शुरुआती प्रभावी कीमत 11,999 रूपये रखी गई है। स्मार्ट 20 में 7.7एमएम अल्ट्रा-स्लिम डिज़ाइन, 120एचजेड रिफ्रेश रेट वाला 6.78 इंच पंच-होल डिस्प्ले और मीडियाटेक हीलियो जी81 अल्टीमेट प्रोसेसर दिया गया है। यह स्मार्टफोन 8 जीबी तक एक्सटेंडेड रैम और 128 जीबी स्टोरेज के साथ आता है। डिवाइस में आईपी64 डस्ट और वॉटर रेजिस्टेंस, 5200एमएच बैटरी, 15वाट चार्जिंग सपोर्ट और एआई आधारित फीचर्स दिए गए हैं। कंपनी के अनुसार, स्मार्ट 20 को बेहतर मजबूती और रोजमर्रा के उपयोग को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। यह स्मार्टफोन शैडो ब्लैक, पोलारिस टाइटेनियम, सनलाइक ऑरेंज और क्लाउडलाइन ब्लू रंग विकल्पों में उपलब्ध है।

## अयोध्या में आचार्य किशोर कुणाल की प्रतिमा का अनावरण सम्पन्न

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** अयोध्या स्थित अमावा राम मंदिर परिसर में आचार्य किशोर कुणाल की प्रतिमा का अनावरण समारोह श्रद्धा एवं गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रतिमा का अनावरण किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आचार्य किशोर कुणाल का जीवन समाज सेवा, राष्ट्रनिष्ठा और सनातन मूल्यों के प्रति समर्पण का प्रेरणास्रोत रहा है। अयोध्या से जुड़े उनके योगदान को स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि राम जन्मभूमि से संबंधित विषयों में उनकी भूमिका अद्वितीय रही है।आचार्य किशोर कुणाल ने अयोध्या विषय पर दो महत्वपूर्ण पुस्तकों की रचना की तथा उनके नेतृत्व में ह्राम रसोईह्व जैसे सेवा कार्यों का शुभारंभ हुआ, जिसके माध्यम से असंख्य श्रद्धालुओं एवं जरूरतमंदों की सेवा की जा रही है। महावीर मंदिर ट्रस्ट के माध्यम से आचार्य किशोर कुणाल के प्रयासों से श्रीराम मंदिर निर्माण हेतु 10 करोड़ रुपये का योगदान प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, वे भारत सरकार के अयोध्या प्रकोष्ठ में कई वर्षों तक विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) के रूप में कार्यरत रहे तथा राम जन्मभूमि से संबंधित न्यायिक एवं प्रलेखन कार्यों में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राजीव रंजन प्रसाद, बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी एवं जमा खान, समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती शाभंवी, जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह, बिहार विधान परिषद के सदस्य अजय सिंह, राजीव कुमार एवं डॉ. तरुण कुमार, अयोध्या सदर के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रुदौली विधायक रामचन्द्र यादव, अयोध्या के महापौर महंत गिरिश पति त्रिपाठी मौजूद रहे। निमोर्ही अखाड़ा के संत दिनेन्द्र दास, सरपंच बाबा राम कुमार दास, अंतरराष्ट्रीय पहलवान राजेश दास तथा महंत राजू दास सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं साधु उपस्थित रहे। समारोह के उपरांत सायण कुणाल ने आचार्य किशोर कुणाल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने प्रशासनिक सेवा में रहते हुए तथा उसके पश्चात भी धर्म, संस्कृति और मानव सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। उनका जीवन भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। दूसरी ओर पटना महावीर मंदिर में पद्मश्री आचार्य किशोर कुणाल की मनी 76 वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान महावीर मंदिर में भजन-कीर्तन कार्यक्रम आयोजन के साथ-साथ 76 किलों का नैवेद्यम प्रसाद वितरित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### एनडीए के 9 पार्षदों के चुने जाने पर बधाई

**वैशाली**।प्रखंड एनडीए कार्यकर्ताओं ने विधान परिषद चुनाव में स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार सहित एनडीए के सभी नौ विधान परिषद उम्मीदवारों के निर्विरोध निर्वाचित होने पर बधाई दी है। कहा गया कि यह नीतीश कुमार के दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि आज भी बिहार में एनडीए का गठबंधन मजबूत है। इसका यह परिचायक है।पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा व मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार आज नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। बधाई देने वालों में जदयू प्रखंड अध्यक्ष अवधेश राय, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष माधवी सिंह, रालोमो प्रखंड अध्यक्ष मंजयकुशवाहा ,लोजपा प्रखंड अध्यक्ष मुकेश पटेल, नागेंद्र सिंह,रामऔतार साह, शंकर सिंह, शत्रुघ्न विश्वकर्मा, संजय कुशवाहा,अमर वर्मा, विनोद सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हैं।

### राजापाकर थाने में दमकल नहीं



**वैशाली**। राजापाकर थाने में दमकल वाहन उपलब्ध नहीं होने पर लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया है। लगभग दो साल पहले छोटी दमकल गाड़ी थाने में उपलब्ध रहती थी जिससे थाना क्षेत्र में आग लगने पर तुरंत आग पर काबू पाया जाता था। ज्यादा होने पर महुआ से वाहन आती थी।लेकिन दमकल वाहन वापस ले लिए गए।प्रखंड क्षेत्र में आग लगने पर भी लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छोटी दमकल वाहन रहने पर तत्काल राजापाकर थाने में सूचना पर भेजी जाती थी लोगों को राहत मिलती थी। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह सेंगर ने बताया कि अनुमंडल एवं जिला में अग्निशमन वाहन के लिए लिखा गया है। वही थानाध्यक्ष ने बताया कि अनुमंडल एवं जिला में अग्निशमन वाहन के लिए लिखा गया है इस संबंध में सूचना मिलने पर जानकारी दी जाएगी।

### एससी/एसटी केस में फंसाने की धमकी का आरोप, आईजी से जांच की मांग



**गया जी**। वजीरगंज प्रखंड के बरोनी दक्षिणी गांव निवासी प्रभाकर कुमार ने अपने पड़ोसी बुदन दास पर एससी/एसटी केस में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने 12 जून को मगध प्रमंडल, गया के आईजी को ई-मेल के माध्यम से लिखित आवेदन भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच एवं कानूनी कार्रवाई की मांग की है।आवेदन में प्रभाकर कुमार, पिता स्वर्गीय रामवृक्ष शर्मा ने बताया है कि उनका बुदन दास के साथ भूमि विवाद चल रहा है। उन्होंने कहा कि एक ही जमीन की दो बार रजिस्ट्री किए जाने के मामले में न्यायालय में रजिस्ट्री रद्दीकरण संबंधी वाद लंबित है शिकायतकर्ता का आरोप है कि बुदन दास द्वारा उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को एससी/एसटी एक्ट के मामले में फंसाने की धमकी दी जाती है। साथ ही, इस उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर कई आवेदन भी दिए जा चुके हैं। प्रभाकर कुमार ने कहा कि उक्त व्यक्ति अक्सर उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की बात कहकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है।प्रभाकर कुमार ने आईजी से मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है, ताकि उन्हें और उनके परिवार को अनावश्यक परेशानियों एवं प्रताड़ना से राहत मिल सके।

### विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर निकली जागरूकता रैली, बाल श्रम उन्मूलन का लिया गया संकल्प




**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कारगिल चौक से अरवल मोड़ तक जन-जागरूकता रैली सह प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल श्रम के खिलाफ जनजागरण करना तथा बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा और बेहतर भविष्य से जोड़ने का संदेश देना था। रैली को विभागीय अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विभागीय कर्मियों, विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर "बाल श्रम बंद करो", "हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार", "बचपन बचाओ, देश बनाओ" जैसे जागरूकता नारे लगाए। रैली कारगिल चौक से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए अरवल मोड़ तक पहुंची। इस दौरान लोगों को बाल श्रम के दुष्परिणामों, बच्चों के अधिकारों तथा बाल श्रम निषेध से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि बच्चों का स्थान विद्यालय में है, कार्यस्थलों पर नहीं। समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह बाल श्रम रोकने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। इस अवसर पर श्रम अधीक्षक जहानाबाद मृत्युंजय झा ने कहा कि विश्व बाल श्रम निषेध दिवस हमें यह संकल्प लेने का अवसर प्रदान करता है कि किसी भी बच्चे का बचपन मजदूरी की भेंट न चढ़े। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षा और बेहतर भविष्य उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी बाल श्रम की सूचना मिले तो इसकी जानकारी संबंधित विभाग को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। बाल श्रम मुक्त समाज ही विकसित और सशक्त राष्ट्र की पहचान है। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी लोगों ने बाल श्रम उन्मूलन, बच्चों के अधिकारों की रक्षा तथा उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का सामूहिक संकल्प लिया।

# डीएसपी ने किया खुलासा, हत्या समेत विभिन्न मामलों के पांच आरोपी गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



» हत्या, शराब तस्करी और कुर्की मामले के आरोपियों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**मधुबनी/बिहार**।जयनगर थाना पुलिस के द्वारा हत्याकांड शराब समेत अन्य मामलों पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के द्वारा मामलों में की गई कार्रवाई को लेकर जयनगर थाना परिसर में शुक्रवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदानन्द कुमार के द्वारा थाना अध्यक्ष अमित कुमार समेत पुलिस पदाधिकारियों व पुलिस बल के मौजूदगी में आयोजित प्रेस वार्ता कर मामलों में गिरफ्तार पांच आरोपियों को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जयनगर थाना पुलिस द्वारा लगातार चलाए जा रहे समकालीन अभियान के तहत हत्या गम्भीर शराब समेत अन्य मामलों में फरार चल रहे अपराधियों और शराब धंधेबाजके खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार करने में यह सफलता हासिल की गई है।डीएसपी ने बताया कि पूर्व के एक हत्याकांड के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे जयनगर थाना क्षेत्र के निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के इस्लाम पुर वार्ड 16 निवासी लगभग 31 वर्षीय मोहम्मद तमन्ना बताया जाता है ।पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर इनर्वा एसएसबी चेक पोस्ट केपास से गिरफ्तार किया । आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ की जा रही है तथा आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।उन्होंने बताया कि शराबबंदी कानून के तहत चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान जयनगर थाना पुलिस ने दुल्लीपट्टी और छपरारी के बीच वाहन जांच अभियान चलाया। शराब व रक वाहन टेम्पू के साथ शराब मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के बेला वार्ड चार निवासी मोहम्मद एकबाल और बेला वार्ड एक निवासी नागेश कुमार बताया जाता है। जब्त शराब में लगभग 15 लीटर शराब तथा एक टेम्पू के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शराब और वाहन को जब्त कर लिया है तथा दोनों आरोपियों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।इसके अलावा एक अन्य कार्रवाई में कमलाबाड़ी निवासी राकेश कुमार को 27 लीटर शराब और एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बरामद शराब और बाइक को जब्त कर आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के लिए अग्रसारित कर दिया है।डीएसपी ने आगे बताया कि पूर्व के कुर्की-जब्ती मामले में फरार चल रहे जयनगर थाना क्षेत्र के हथलेठवा निवासी लगभग 31 वर्षीय मोहम्मद ताहिर को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की तलाश पुलिस लंबे समय से कर रही थी। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।उन्होंने कहा कि जयनगर अनुमंडल में अपराध नियंत्रण और शराब तस्करी पर रोक लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। फरार अपराधियों की गिरफ्तारी तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जयनगर थानाध्यक्ष अमित कुमार सहित थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## महाबोधि मंदिर पहुंचे पर्यटन मंत्री, पूजा-अर्चना कर पर्यटन विकास पर दिया जोर

नई सोच एक्सप्रेस



**गया जी**। बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने शुक्रवार को महाबोधि मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा राज्य एवं देश की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने विश्व धरोहर स्थल की व्यवस्थाओं और आध्यात्मिक वातावरण की सराहना की।मंदिर पहुंचने पर मंत्री का स्वागत बीटीएमसी की सचिव डॉ. महाश्वेता महारथी, सदस्य डॉ. अरविंद कुमार सिंह, मुख्य पुजारी भिक्षु चालिंदा तथा वरीय भिक्षु डॉ. मनोज ने खादा भेंट कर किया। इसके बाद मंत्री ने गर्भगृह में भगवान बुद्ध को पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया और श्रद्धापूर्वक प्रार्थना की। मंत्री ने पवित्र बोधि वृक्ष क्षेत्र का भी भ्रमण किया और उसके धार्मिक महत्व, मंदिर के इतिहास, आगंतुक सुविधाओं तथा परिसर के रखरखाव संबंधी जानकारियां प्राप्त कीं। उन्होंने गया एवं बोधगया को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए प्रस्तावित महाबोधि कॉरिडोर परियोजना को क्षेत्र के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।उन्होंने कहा कि महाबोधि मंदिर विश्वभर के बौद्ध श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है और इसके विकास से बिहार में पर्यटन को नई गति मिलेगी। विजिटर पुस्तिका में अपने विचार दर्ज करते हुए मंत्री ने लिखा कि ज्ञान की भूमि महाबोधि मंदिर में आकर उन्हें आत्मिक सुख और शांति की अनुभूति हुई।दौरे के अंत में बीटीएमसी की ओर से उन्हें स्मृति-चिह्न स्वरूप फ्रेमयुक्त बोधि वृक्ष का पत्ता, हाल ही में प्रकाशित पुस्तक तथा अन्य प्रकाशन भेंट किए गए।

## मखदुमपुर में भीषण सड़क हादसा, बोलेरो पलटने से युवक की मौत, चार गंभीर

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। मखदुमपुर थाना क्षेत्र के नेर गांव के समीप पटना-गया राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-83) पर शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में मुजफ्फरपुर के एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार बोलेरो का टायर अचानक फट गया और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बोलेरो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मृतक की पहचान मुजफ्फरपुर निवासी सुजीत कुमार के रूप में की गई है। वहीं घायल युवकों में विकास कुमार, मनीष कुमार, नीतीश कुमार और अजीत कुमार शामिल हैं। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल मखदुमपुर स्थित सुखदेव प्रसाद वर्मा रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार कुछ घायलों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। घायलों ने बताया कि वे सभी दोस्त मुजफ्फरपुर से बोलेरो किराए पर लेकर कोलकाता घूमने गए थे। शुक्रवार की सुबह घर लौटने के दौरान नेर गांव के समीप वाहन का टायर अचानक फट गया। वाहन की रफ्तार अधिक होने के कारण चालक संतुलन खो बैठा और बोलेरो पलट गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने कुछ समय के लिए एनएच-83 को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर मखदुमपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। मखदुमपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची थी। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है तथा परिजनों को सूचना दे दी गई है। दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

## लटके हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से महिला की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। परसबीघापरसबीघा थाना क्षेत्र के मेघु बीघा मठिया गांव में शुक्रवार की सुबह करंट लगने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान गांव निवासी फूलमती देवी के रूप में की गई है। घटना के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई, वहीं ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति भारी आक्रोश देखा गया। मिली जानकारी के अनुसार फूलमती देवी सुबह शौच के लिए घर से निकली थीं। इसी दौरान वह ट्रांसफार्मर से गिरे हाई वोल्टेज बिजली के तार की चपेट में आ गईं। करंट इतना तेज था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और देखते ही देखते वहां ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित ट्रांसफार्मर के पास बिजली का तार कई महीनों से लटका हुआ था। इस संबंध में कई बार बिजली विभाग को सूचना दी गई, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की लापरवाही के कारण एक महिला को अपनी जान गंवानी पड़ी। घटना की जानकारी मिलने पर जिला परिषद सदस्य आभा रानी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचीं और उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि जिले में बिजली विभाग की कार्यशैली संतोषजनक नहीं है, जिसके कारण आए दिन इस तरह की दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने सरकार और विभाग से बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा जर्जर तारों की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने और मामले में जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## आरपीएफ आईजी अमरेश कुमार ने जयनगर-नेपाली स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

नई सोच एक्सप्रेस



» निरीक्षण व समीक्षा बैठक के बाद आईजी ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

**मधुबनी/बिहार**।जयनगर शुक्रवार को रेलवे आरपीएफ हाजीपुर के प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी सह आईजी अमरेश कुमार जयनगर रेलवे स्टेशन पहुँचे। आई जी के द्वारा जिला एसपी आरपीएफ कमांडेंट रेल एसपी जीआरपी एसएसबी कस्टम और स्थानीय अधिकारियों पुलिस प्रशासन एवं रेल प्रशासन के साथ संयुक्त रूप से जयनगर व नेपाली स्टेशन का सुरक्षा व्यवस्था व यात्रियों की सुरक्षा का औचक निरीक्षण कर जाएजा लेते हुए विस्तृत जानकारी ली। स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे रौशनी जवानों की तैनाती सघन जांच गस्ती का भी मुआयना किया। इसके पश्चात आई जी के द्वारा अधिकारियों के साथ जयनगर रेलवे स्टेशन परिसर स्थित रेल अतिथि गृह में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर विस्तृत जानकारी लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण व समीक्षा बैठक का मुख्य उद्देश्य जयनगर इंडो नेपाल बॉर्डर क्षेत्र में अवस्थित है। जयनगर स्टेशन से नेपाली स्टेशन सटा हुआ है। इसलिए सुरक्षा का दायरा बढ़ जाता है। रेलवे के द्वारा प्रस्तावित परियोजना जनकपुर धाम नेपाल से अयोध्या तक ट्रेन सेवा का परिचालन की संभावना है। इस मद्देनजर जयनगर स्टेशन की सुरक्षा व सुविधाओं को लेकर निरीक्षण व समीक्षा बैठक की जा रही है। बॉर्डर क्षेत्र के मद्देनजर सुरक्षा के दृष्टिकोण से जानकारी के मुताबिक नेपाली स्टेशन के चारो ओर ऊंची चाहरदीवारी और ज़्यादा से ज्यादा सीसीटीवी टीवी कैमरे लगाने सघन जांच फेसिंग सुरक्षा व सुविधाओं का हर पहलुओं पर विशेष नजर रखी जा रही है। जनकपुर धाम से अयोध्या के बीच ट्रेन परिचालन होने पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाए जाने की प्रबल संभावना जताई जा रही है। सुरक्षा सुविधाओं को लेकर रणनीति बनाई जा रही है। सुरक्षा एंजेसी प्रशासन एलर्ट मोर्ड में है। वही इससे पूर्व भी बिहार के डीजीपी मुख्य सचिव व अन्य वरीय अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किया गया था। आई जी के द्वारा जयनगर व नेपाली स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सुरक्षा सुविधाओं को लेकर विशेष बल दिया जा रहा है।आधुनिक सुरक्षा सघन जांच सुविधाए पहली प्राथमिकता है। मौके पर मुज्जफरपुर रेल के सीनियर एसपी वीणा कुमारी, मधुबनी पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार, आरपीएफ कमांडेंट आशीष कुमार, एसएसबी के डिप्टी कमांडेंट विमल गुप्ता, जयनगर डीएसपी सदानन्द कुमार, आरपीएफ इंस्पेक्टर पुखराज मीना, आरपीएफ प्रभारी गोविंद सिंह, अधिकारी सजंय कुमार गुप्ता, जयनगर थाना अध्यक्ष अमित कुमार, जीआरपी थाना अध्यक्ष गुंजन कुमार, जयंगे नेपाली स्टेशन एस एल मीणा, कस्टम के अधिकारी समेत रेल के कई अधिकारी व कर्मिगण उपस्थित रहे।

### धर्मपुर में नवसृजित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन, ग्रामीणों को मिलेगा बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ



नई सोच एक्सप्रेस

**मोतिहारी**।सुगौली प्रखंड क्षेत्र के भारगांवा पंचायत के धर्मपुर में नवसृजित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन स्थानीय सांसद डॉ संजय जयसवाल एवं विधायक बबलू गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।इस अवसर पर सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर के शुरू होने से धर्मपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को प्राथमिक उपचार और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सुगौली जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने बताया कि इस केंद्र में ओपीडी के माध्यम से लोगों को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।विधायक बबलू गुप्ता ने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। इसी कड़ी में गांव-गांव में आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मिल सके।कार्यक्रम में बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि प्रदीप साह, भाजपा नेता विकास शर्मा, मुखिया प्रतिनिधि राजदेव प्रसाद, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी, आशा डीसीएम नितेश गिरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने इस पहल को ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

नई सोच एक्सप्रेस



**बेतिया**।अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर आज सहायक श्रमायुक्त, कार्यालय बेतिया से बाल श्रम उन्मूलन एवं बाल अधिकारों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने हेतु जागरूकता वाहन को श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी श्री विभेश कुमार सिंह, श्री लोकेश कुमार झा, श्री भीम कुमार, श्री प्रदीप कुमार सिंह, श्री कामेश्वर कुमार, श्री श्याम कुमार एवं श्रीमती स्तुति कुमारी द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर सभी कार्यालय कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्वयंसेवी संस्थाओं—प्रथम संस्था , प्रयास संस्था, फकीराना सोसायटी, सवेरा स्वयंसेवी संगठन, तथा अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, विभेश कुमार सिंह ने कहा कि बाल श्रम समाज के लिए एक गंभीर चुनौती है तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास में बाधक है। प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षित बचपन का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने आमजन से अपील की कि बाल श्रम की रोकथाम हेतु प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी बच्चे को श्रम में संलग्न पाए जाने पर संबंधित विभाग अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को सूचित करें।श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी श्री लोकेश कुमार झा कहा कि बाल श्रम के विरुद्ध अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने की आवश्यकता है। समाज के सभी वर्गों के सहयोग से ही बच्चों के अधिकारों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।जागरूकता वाहन जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में भ्रमण कर बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों, बच्चों के अधिकारों तथा शिक्षा के महत्व के संबंध में आम लोगों को जागरूक करेगा। वाहन के माध्यम से प्रचार सामग्री, ऑडियो संदेश एवं सूचना पत्रकों का वितरण भी किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों, कर्मियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बाल श्रम मुक्त बेतिया , प. चम्पारण के निर्माण तथा प्रत्येक बच्चे को शिक्षा एवं सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने हेतु सामूहिक संकल्प लिया।श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, प. चम्पारण बाल श्रम उन्मूलन एवं प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित, स्वस्थ एवं शिक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## जर्जर सड़क और जलजमाव से फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, अमवा मन बाजार में प्रदर्शन

नई सोच एक्सप्रेस



**बेतिया**।मझौलिया प्रखंड के सेनुवरिया पंचायत के वार्ड संख्या-7 स्थित अमवा मन बाजार में जर्जर सड़क और जलजमाव की समस्या को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नाराजगी जताई तथा जल्द समस्या के समाधान की मांग की।प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि अमवा मन बाजार की सड़क वर्षों से बदहाल स्थिति में है। हल्की बारिश होते ही सड़क पर पानी जमा हो जाता है, जिससे राहगीरों, दुकानदारों, ग्राहकों तथा बाजार आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि बाजार के समीप विद्यालय भी स्थित है, जिसके कारण विद्यार्थियों को रोजाना कीचड़ और जलजमाव से होकर गुजरना पड़ता है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस समस्या को लेकर सांसद, विधायक तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। विशाल कुमार, कुंती देवी, राहुल कुमार, अंशु कुमार, भोला साह, अरविंद कुमार, नीतू देवी, कौशल्या देवी, उर्मिला देवी, जितेंद्र कुमार, राजेश शाह, मुसमात राजपति एवं भिखारी साह समेत अन्य ग्रामीणों ने कहा कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि बड़े-बड़े विकास के वादे करते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र की समस्याओं की ओर ध्यान नहीं देते।ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क निर्माण और जलनिकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि समस्या के समाधान में हो रही अनदेखी का जवाब जनता आगामी चुनाव में देगी। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि हल्की बारिश में कई घरों में पानी घुस जाता है, जिससे लोगों का जनजीवन प्रभावित हो जाता है। लोगों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर स्थायी समाधान की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### किसानों को बेहतर पैदावार देने के लिए श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स की नई पहल

**डालटनगंज।** डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के प्रभाग, श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स ने रांची में आयोजित कार्यक्रम में किसानों की उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से हाइब्रिड, रिसर्च और सब्जियों के बीजों की नई श्रृंखला लॉन्च की। हाइब्रिड सीड सेगमेंट में कंपनी ने धान के लिए श्रीराम 470 और श्रीराम 735 पेश किए। वहीं रिसर्च सीड सेगमेंट में श्रीराम सुपर 7733 और श्रीराम सुपर 7700 लॉन्च किए गए। सब्जियों के बीजों की श्रेणी में कंपनी ने अर्ली पिकिंग हाइब्रिड टमाटर बीज श्रीराम 2628 को बाजार में उतारा। इस अवसर पर संजय छाबड़ा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं बिजनेस हेड, श्रीराम फार्म सॉल्युशन्स ने कहा कि कंपनी किसानों को आधुनिक बीज, फसल सुरक्षा और पोषण समाधान उपलब्ध कराकर उनकी उत्पादकता और आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नए उत्पाद कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने और किसानों को बेहतर परिणाम देने में सहायक होंगे।

### बढ़ाई गयी सीएमआर जमा करने की तिथि,अब 30 जून तक जमा कर सकते हैं सीएमआर

» पोआरी,चेरो और डिहरी पैक्स द्वारा शत फिसदी सीएमआर जमा

**हरनौत।** सहकारिता विभाग ने सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) जमा करने की अंतिम तिथि 15 जून से बढ़ाकर 30 जून कर दी है। नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड में मिलरों पर अभी भी 924 मीट्रिक टन चावल बकाया है, जिसे राज्य खाद्य निगम (एसएफसी) के गोदामों तक पहुंचाना है। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी (बीसीओ) कृष्ण कुमार ने बताया कि इस साल हरनौत प्रखंड में कुल 7882 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई थी। यह खरीद एक व्यापार मंडल और 18 पैक्स अध्यक्षों द्वारा की गई थी। खरीदे गए धान के बदले तिरूपति, मां जगदम्बा, मां भवानी और गंगाश्रीराम जैसे मिलरों को कुल 5360 मीट्रिक टन चावल एसएफसी को देना था। 11 जून तक मिलरों ने 4436 मीट्रिक टन चावल की आपूर्ति कर दी है। पोआरी, चेरो और डिहरी पैक्स से जुड़े मिलरों ने शत-प्रतिशत सीएमआर जमा कर दिया है, जबकि अन्य मिलरों पर 924 मीट्रिक टन चावल बकाया है। बीसीओ ने बताया कि चावल तैयार है, लेकिन राज्य खाद्य निगम के पास भंडारण क्षमता पूरी हो चुकी है, जिसके कारण अभी चावल लेना कम कर दिया गया है। इसी समस्या को देखते हुए विभाग ने सीएमआर जमा करने की तिथि 15 जून से बढ़ाकर 30 जून तक कर दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एसएफसी के पास फिलहाल चावल रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। हालांकि, चावल का वितरण लगातार जारी है, जिससे गोदाम खाली हो रहे हैं। उम्मीद है कि 15 जून तक सभी मिलरों से बकाया चावल ले लिया जाएगा, क्योंकि तब तक भंडारण क्षमता उपलब्ध हो जाएगी।

### सतत विकास के लिए '5एस' कार्यस्थल प्रबंधन सर्वोत्तम विधा : बीएचयू कुलपति




**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि सतत एवं पर्यावरण अनुकूल विकास के लिए '5एस' कार्यस्थल प्रबंधन तकनीक अत्यंत प्रभावी है। तकनीकी एवं प्रबंधन क्षेत्र के युवाओं को इसमें दक्ष बनाना समय की आवश्यकता है, क्योंकि यह अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों तक पहुंचने का सशक्त माध्यम है। वे स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंस परिसर में गुणवत्ता मंडल मंच भारत (क्यूसीएफआई) द्वारा आयोजित '5एस' राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। अधिवेशन में देशभर के औद्योगिक एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के लगभग 325 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। क्यूसीएफआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव ने कहा कि वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा और निर्यात वृद्धि के लिए उत्पादन प्रक्रियाओं में कार्बन उत्सर्जन कम करने वाली तकनीकों को अपनाना अनिवार्य होगा। इस अवसर पर स्मारिका का विमोचन भी किया गया। क्यूसीएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष अविनाश मिश्रा ने संगठन की गुणवत्ता सुधार संबंधी गतिविधियों की जानकारी दी, जबकि कार्यकारी निदेशक डी.के. श्रीवास्तव ने अधिवेशन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंस के निदेशक प्रो. पी.एन. झा ने जापान और चीन के गुणवत्ता प्रबंधन मॉडलों का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया। समापन सत्र में प्रतिनिधियों ने विकसित भारत के निर्माण हेतु गुणवत्ता आधारित कार्यस्थल प्रबंधन को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन विजय कृष्ण तथा धन्यवाद ज्ञापन अरुणमय चक्रबर्ती ने किया।

### आसिफ इकबाल बने डॉ. जाकिर हुसैन ब्लॉक अध्यक्ष



**जबलपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन और पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विधायक लखन घनघोरिया और नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा की अनुशंसा पर आसिफ इकबाल को पूर्व विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत डॉ. जाकिर हुसैन ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मतीन अंसारी, सुबोध पहाड़िया, राजू तोमर, ताहिर अली, रिजवान अली कोटी,राजू लाइक, हामिद मंसूरी, तौफीक खान चंकी, अदनान अंसारी,एजाज अंसारी,शफी खान,सैफ मंसूरी आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# शिव सेवक समिति ने श्री अमरनाथ यात्रा में भेजा पहला ट्रक

नई सोच एक्सप्रेस



» एमएलसी अरुण पाठक ने झंडी दिखाकर किया रवाना-अध्यक्ष रत्नेश वर्मा शीलू

**कानपुर।** शिव सेवक समिति के द्वारा पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा के लिए कानपुर नगर से सामग्री भरा पहला ट्रक साकेत नगर स्थित कार्यालय से एमएलसी अरुण पाठक एवं पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया तथा समिति अध्यक्ष रत्नेश वर्मा शीलू के द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया समिति अध्यक्ष रत्नेश वर्मा शीलू ने बताया कि विगत कई वर्षों से शिवसेवक समिति निरंतर श्री अमरनाथ यात्रा के भक्तों के लिए निरंतर कार्य कर रही है । समिति के अध्यक्ष रत्नेश वर्मा शीलू ने बताया कि 16 जून को खाद्य पदार्थों सहित अन्य सामग्रियों भरा दूसरा ट्रक नीलकंठ गेस्ट हाउस गौशाला से रवाना किया जाएगा। उन्होंने प्रदेशवासियों समेत नगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि आप बेफिक्र होकर श्री अमरनाथ की यात्रा करें आपकी आवश्यकता को शिव सेवक समिति बाबा बर्फानी के आशीर्वाद से निरंतर पूर्ण करेगी। अमरनाथ यात्रा में पहला ट्रक रवाना होते समय अध्यक्ष शीलू वर्मा ने बताया कि आज ही 15 कर्मचारी जा रहे हैं जो पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा के दौरान पंडाल में कार्य करेंगे। इस दौरान पदाधिकारी ने भूखे को अन्न प्यासे को पानी देते हैं बाबा अमरनाथ बर्फानी तथा हर हर महादेव बम बम भोले के जोरदार नारे लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आलोक सचान अनिल चतुर्वेदी स्रोत गुप्ता आनंद शर्मा श्याम जी तिवारी नीरज पांडे अमित वर्मा परशुराम शुक्ल मोंटी शुक्ला प्रमोद त्रिपाठी अनुज यादव मनोज जायसवाल रवि यादव रितेश गुप्ता अशोक बाजपेई घनश्याम दास अग्रवाल शौर्य सिंह अमर शुक्ला एनसी कटिहार सनी गुप्ता अमरदीप अरोड़ा सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे

# उत्तर भारत सर्वखाप महापंचायत एवं चिंतन शिविर – प्रथम दिवस

नई सोच एक्सप्रेस



**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र स्थित अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला में आयोजित तीन दिवसीय उत्तर भारत सर्वखाप महापंचायत एवं चिंतन शिविर का शुभारंभ आज विभिन्न खापों, सामाजिक संगठनों, शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों, युवा प्रतिनिधियों एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में देशवाल खाप, माजरा खाप, कंडेला खाप, उझाना खाप, दहिया खाप, दहाड़न खाप, सहारण खाप, नरवाल खाप सहित उत्तर भारत की अनेक खापों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर सामाजिक एकता एवं समाज सुधार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। शिविर के प्रथम दिवस का मुख्य विषय "युवाओं का नैतिक पतन, बढ़ती नशाखोरी एवं सामाजिक भटकाव" रहा। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में युवा वर्ग अनेक सामाजिक एवं सांस्कृतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व से दूरी तथा जीवन के स्पष्ट लक्ष्यों के अभाव के कारण समाज में गंभीर समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं, जिनके समाधान हेतु सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला के प्रधान चौ. कृष्ण श्योकंद, देशवाल खाप के प्रधान चौ. संजय देशवाल, राष्ट्रीय संयोजक चौ. संदीप सहरावत एवं डॉ. जोगेंद्र मोर सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने युवाओं को शिक्षा, नैतिक मूल्यों, कौशल विकास, सामाजिक चेतना एवं राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। चिंतन सत्र में युवाओं में बढ़ती सामाजिक उदासीनता, परिवार एवं समाज के प्रति घटती संवेदनशीलता, ग्रामीण एवं शहरी जीवनशैली के प्रभाव तथा सामाजिक समरसता के विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से नशा मुक्ति अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने, गांव-गांव जागरूकता कार्यक्रम चलाने तथा युवाओं को खेल, शिक्षा एवं सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने पर बल दिया। सभा में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी सत्रों में 36 बिरादरी के भाईचारे को मजबूत करने, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्व, शिक्षा संस्थानों की जवाबदेही तथा समाज सुधार से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। प्रथम दिवस के सफल आयोजन पर सभी खाप प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, शिक्षाविदों, युवाओं एवं मातृशक्ति का आभार व्यक्त किया गया।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और विकास का स्वर्णिम अध्याय : लाल सिंह आर्य



नई सोच एक्सप्रेस

**आगरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दिल्ली में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए भाजपा अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि यह अवधि सेवा, सुरक्षा, सम्मान, सुशासन और विकास का स्वर्णिम अध्याय रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गईं, जिनसे करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। लाल सिंह आर्य ने जनधन योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत अभियान और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) को सरकार की प्रमुख उपलब्धियां बताया। उन्होंने अनुच्छेद-370 हटाने, राम मंदिर निर्माण, आत्मनिर्भर भारत अभियान और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत बनाने को भी ऐतिहासिक कदम बताया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता उपेंद्र सिंह ने कहा कि मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता गरीब कल्याण रही है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, जनधन, मुद्रा और आवास योजनाओं के माध्यम से करोड़ों लोगों तक सीधे लाभ पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि यूपीआई, डिजिटल भुगतान और डीबीटी जैसी तकनीकों के उपयोग से भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका में कमी आई है तथा सरकारी सहायता सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंच रही है। इससे योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ी है और गरीब व वंचित वर्ग का सरकार के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है।

# माया कौशल्या फाउंडेशन द्वारा "सबका स्वास्थ्य हमारा प्रयास" विषय पर स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस



समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं लोगों को बेहतर जीवनशैली अपनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को माया कौशल्या फाउंडेशन के द्वारा स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रजौड़ा में "सबका स्वास्थ्य हमारा प्रयास" विषय पर स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य क्षेत्र से इंटर्नशिप कर रहे छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं बीमारियों से बचाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। सेमिनार को संबोधित करते हुए रेडियोलॉजिस्ट डॉ. रमण कुमार ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए साफ-सफाई, सही खान-पान और जागरूकता बहुत जरूरी है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को हाथ धोने के सही तरीके, संक्रमण से बचाव के उपाय, बीमारी फैलाने वाले कारणों एवं उससे बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सामान्य सावधानियों को अपनाकर कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। इसके लिए घर एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना, मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करना तथा स्वास्थ्य संबंधी सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी रखना आवश्यक है। वहीं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अनामिका कुमारी ने दांतों की देखभाल और दंत रोगों से बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सही तरीके से ब्रश करने के चरण, दांतों में बीमारी उत्पन्न होने के कारण एवं समय पर उपचार के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमित देखभाल एवं जागरूकता से दांतों को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है। मौके पर माया कौशल्या फाउंडेशन के सचिव रौशन कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने युवाओं से समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने और रक्तदान जैसे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि रक्तदान से किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के निदेशक अरविंद चौधरी ने की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान देने के साथ-साथ समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों को भी समझाते हैं। कार्यक्रम का संचालन गौरव पाठक ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवम, कन्हैया, विनोद, संजय, अंकित, विकास सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# धीरेन्द्र महिला पीजी कॉलेज में अभ्युदय नारी वंदन छात्रवृत्ति परीक्षा के विजेताओं का सम्मान,खुशी पांडेय को मिली 51 हजार रूपये की छात्रवृत्ति

नई सोच एक्सप्रेस



» मंजिल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है - अंजू जायसवाल

**वाराणसी।** सुंदरपुर स्थित धीरेन्द्र महिला पीजी कॉलेज में 12 जून शुक्रवार को अभ्युदय नारी वंदन छात्रवृत्ति परीक्षा- 2026 के विजेता प्रतिभागियों के सम्मान में पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया | कार्यक्रम में मेधावी छात्राओं को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण- पत्र देकर सम्मानित किया गया | छात्रवृत्ति परीक्षा में खुशी पांडेय ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 51 हजार रुपये की छात्रवृत्ति हासिल की वहीं अंजू तिवारी को द्वितीय स्थान के लिए 21 हजार रुपये तथा शताक्षी सिंह को तृतीय स्थान के लिए 11 हजार रुपये की धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया | इसके अलावा परीक्षा में शामिल सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए | कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था की चेयरपरसन अंजू जायसवाल ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की | उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति परीक्षा प्रतिभाओं को पहचानने और छात्राओं में आत्मविश्वास विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है यह पहल उन्हें शिक्षा और विकास के पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी | उन्होंने कहा "मंजिल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है | जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए बड़ा लक्ष्य निर्धारित करना,निरंतर परिश्रम करना और स्वयं पर विश्वास बनाए रखना आवश्यक है यदि व्यक्ति अपनी मंजिल तक पहुंचने का दृढ़ संकल्प कर ले,तो उसके लिए रास्ते स्वयं बनते चले जाते हैं | कॉलेज की प्राचार्या डॉ.नलिनी मिश्रा ने भी विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नई पीढ़ी देश की बौद्धिक संपदा है जिसके ज्ञान,विवेक और कौशल से भविष्य की मजबूत नींव तैयार होती है उन्होंने कहा कि प्रतिभा केवल व्यक्तिगत उपलब्धि का माध्यम नहीं,बल्कि राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण शक्ति भी है | कार्यक्रम का संचालन डॉ.प्रतिक्षा सिंह ने किया इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहीं ||

## उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ान के पैतृक आवास को संग्रहालय बनाने की पहल तेज



नई सोच एक्सप्रेस

**वाराणसी।** भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ान की सांगीतिक विरासत के संरक्षण और उनके पैतृक आवास को संग्रहालय के रूप में विकसित करने को लेकर वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी एवं नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने उनके परिजनों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में पैतृक आवास के संरक्षण, संग्रहालय निर्माण तथा उससे जुड़े मार्ग के सौंदर्यीकरण पर चर्चा हुई। नगर आयुक्त ने बताया कि आवास के विकास कार्य जल्द शुरू किए जाएंगे। घर तक जाने वाले मार्ग पर हेरिटेज लाइटिंग, आकर्षक प्रवेश द्वार और अन्य सौंदर्यीकरण कार्य किए जाएंगे। साथ ही बालाजी घाट, जहां उस्ताद नियमित रियाज़ करते थे, के विकास, प्रतिमा स्थापना और शहनाई की धुनों के स्थायी प्रसारण की भी योजना है। उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ान चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव सविता आनंद ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यह परियोजना उस्ताद की स्मृतियों को संरक्षित करने के साथ काशी की सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बैठक में उस्ताद के पोते अफ़ाक़ हैदर ने परिवार की सहभागिता सुनिश्चित करने और सहयोग की मांग रखी, जिस पर प्रशासन ने हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

# निर्वाचन आयोग ने मीडिया एवं संचार अधिकारियों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया

नई सोच एक्सप्रेस



**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने शुक्रवार को मीडिया एवं संचार अधिकारियों के लिए एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। इसमें सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मीडिया एवं सोशल मीडिया नोडल अधिकारियों सहित उन राज्यों के जिला मीडिया नोडल अधिकारियों और जनसंपर्क अधिकारियों ने भाग लिया, जहां मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) चल रहा है या चुनाव प्रस्तावित हैं। सम्मेलन में झारखंड से मीडिया नोडल सह अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार के नेतृत्व में 16 अधिकारियों का दल शामिल हुआ, जिसमें 15 जिलों के जिला जनसंपर्क अधिकारी भी शामिल थे। देशभर से 350 से अधिक अधिकारियों ने कार्यक्रम में भागीदारी की। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि हाल के चुनावों में रिकॉर्ड जनभागीदारी देखने को मिली है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चुनाव संबंधी संचार समयबद्ध, सरल, तथ्यपरक और कानून आधारित हो। चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने कहा कि संचार का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि उसका प्रभाव सुनिश्चित करना भी होना चाहिए। वहीं चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने आयोग के नियमों और निर्देशों को आम जनता तक सरल भाषा में पहुंचाने में अधिकारियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। सम्मेलन में चुनावी संचार रणनीति, ईसीआईनेट, संवैधानिक प्रावधानों, मीडिया समन्वय, प्रेस नोट तैयार करने, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग, भ्रामक सूचनाओं से निपटने तथा चुनावी साक्षरता क्लबों के माध्यम से युवा मतदाताओं को जोड़ने जैसे विषयों पर व्यावहारिक सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम के अंत में मुख्य चुनाव आयुक्त की अध्यक्षता में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें अधिकारियों की विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

# आर्यभट्ट पर आधारित विज्ञापन को लेकर अमेज़न इंडिया को कानूनी नोटिस, 48 घंटे में मांगी सार्वजनिक माफी

नई सोच एक्सप्रेस



महान भारतीय वैज्ञानिक 'आर्यभट्ट' के हाथ में शून्य (0) के प्रतीक के रूप में खाद्य पदार्थ दिखाया गया है

**नई दिल्ली/मुंबई।** प्राचीन भारतीय गणितज्ञ एवं खगोलशास्त्री आर्यभट्ट को कथित रूप से आपत्तिजनक ढंग से प्रस्तुत किए जाने के आरोप में ई-कॉमर्स कंपनी अमेज़न इंडिया को कानूनी नोटिस भेजा गया है। यह नोटिस सर्वोच्च न्यायालय में कार्यरत अधिवक्ता अमिता सचदेवा द्वारा भेजा गया है, जिसमें कंपनी से 48 घंटे के भीतर भारतीय जनता से सार्वजनिक माफी मांगने और संबंधित विज्ञापन को तत्काल हटाने की मांग की गई है। हिंदू जनजागृति समिति की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि अमेज़न की 'अमेज़न नाऊ (Amazon Now)' सेवा के प्रचार अभियान में आर्यभट्ट की वेशभूषा में एक पात्र को ''जीरो डिलीवरी चार्ज खोजने वाले वैज्ञानिक'' के रूप में दिखाया गया है। समिति का आरोप है कि इस प्रस्तुति के माध्यम से भारत के महान वैज्ञानिक और ज्ञान परंपरा के प्रतीक आर्यभट्ट का उपहास किया गया है। समिति का कहना है कि आर्यभट्ट ने गणित और खगोल विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा 'शून्य' की अवधारणा को विश्व पटल पर स्थापित करने में उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही है। ऐसे में किसी व्यावसायिक प्रचार के लिए उनकी छवि का कथित रूप से हास्यात्मक और व्यंग्यात्मक उपयोग भारतीय सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय गौरव के प्रति अनादर दर्शाता है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नोटिस में यह भी उल्लेख किया गया है कि इससे पहले भी अमेज़न विभिन्न विवादों में घिर चुका है। समिति ने आरोप लगाया कि कंपनी के प्लेटफॉर्म पर पूर्व में हिंदू देवी-देवताओं से जुड़े कुछ उत्पादों तथा अन्य डिजिटल सामग्री को लेकर भी धार्मिक भावनाएं आहत होने के आरोप लगे थे। अधिवक्ता अमिता सचदेवा ने नोटिस में मांग की है कि विवादित विज्ञापन को यूट्यूब, इंस्टाग्राम, एक्स (पूर्व ट्विटर), टेलीविजन तथा अन्य सभी डिजिटल मंचों से स्थायी रूप से हटाया जाए। इसके अलावा कंपनी अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, वेबसाइट और प्रमुख समाचार पत्रों के माध्यम से बिना शर्त सार्वजनिक माफी जारी करे। समिति ने यह भी मांग की है कि भविष्य में राष्ट्रीय महापुरुषों, सांस्कृतिक प्रतीकों और धार्मिक भावनाओं से जुड़े विषयों के प्रति संवेदनशीलता बरतने का लिखित आश्वासन दिया जाए। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, निर्धारित समयसीमा के भीतर मांगें पूरी नहीं होने पर अमेज़न इंडिया के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि इस मामले में समाचार लिखे जाने तक अमेज़न इंडिया की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी। इस बीच, सोशल मीडिया पर भी इस विज्ञापन को लेकर बहस तेज हो गई है और विभिन्न समूहों द्वारा अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की जा रही हैं। मामला अब कानूनी और सार्वजनिक विमर्श दोनों स्तरों पर चर्चा का विषय बन गया है।

## आय एवं व्यय के आंकड़े

आय कर रिटर्न्स से उभरा रुझान साफ है। भारत में प्रत्यक्ष कर राजस्व अधिक से अधिक धनी वर्गों पर निर्भर होता जा रहा है। वैसे, विषमता बढ़ने की पुष्टि हवाई यात्रा संबंधी ताजा आंकड़ों से भी हुई है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दाखिल हुए आयकर रिटर्न्स से देश में बढ़ रही आर्थिक गैर-बराबरी की झलक मिली है। एक अंग्रेजी वित्तीय अखबार के विश्लेषण के मुताबिक पांच लाख रुपये तक आमदनी वाले व्यक्तियों के रिटर्न की संख्या 2024-25 की तुलना में गिर कर लगभग आधी रह गई है। ऐसा संभवतः इसलिए हुआ कि गुजरे वित्त वर्ष में सरकार के आय कर दरों में बढ़ोतरी करने की वजह से बहुत से लोगों के लिए रिटर्न फाइल करने की अनिवार्यता नहीं रह गई। मगर इससे यह भी जाहिर होता है कि लोगों के क्रमिक रूप से ऊपर के आय वर्ग में शामिल होने का क्रम टूटा हुआ है।

2019-20 के बाद से 2022-25 तक पांच लाख से कम आबादी वाले वर्ग की ओर से सबसे ज्यादा रिटर्न फाइल होते थे। मगर अब पांच से दस लाख रुपये के बीच की आमदनी वाले समूह ने यह स्थान हासिल कर लिया है। 2024-25 में इस आय वर्ग में चार करोड़ 75 लाख रिटर्न फाइल हुए थे, जो पिछले वर्ष पांच करोड़ 45 लाख तक पहुंच गए। रुझान साफ है। भारत में प्रत्यक्ष कर राजस्व अधिक से अधिक धनी वर्गों पर निर्भर होता जा रहा है। वैसे, विषमता बढ़ने की पुष्टि हवाई यात्रा संबंधी ताजा आंकड़ों से भी हुई है। 2011-12 में हर दस लाख आबादी पर 649 परिवारों के 775 लोगों ने हवाई यात्रा की थी। तब कुल छह करोड़ 80 लाख हवाई यात्राएं हुईं। 2023-24 में हवाई यात्राओं की संख्या 15 करोड़ 37 लाख तक पहुंच गई। लेकिन ये यात्राएं हर दस लाख आबादी में 471 लोगों ने की, जो 469 परिवारों से आए। मतलब यह कि 2011 में हवाई यात्राओं की संख्या भले कम थी, मगर आबादी के हिसाब से यात्रियों का अनुपात कहीं बड़ा था। महंगी कारों एवं अन्य उपभोक्ता चीजों की खरीदारी के आंकड़ों से भी इसी रुझान का संकेत मिलता है। इसीलिए सरकार के विषमता घटने के दावों पर यकीन करना मुश्किल हो गया है। मसलन, पारिवारिक उपभोग खर्च सर्वे रिपोर्ट- 2023-24 में ऐसा दावा किया गया। जबकि आय एवं व्यय के अन्य आंकड़े कुछ और कहानी बताते हैं।

# राजनीतिक भविष्य की चिंता और वफादारी के दावे



आरती कुमारी

राजनीति में वफादारी और मजबूरी के बीच का अंतर कई बार इतना धुंधला हो जाता है कि दोनों को अलग-अलग पहचानना मुश्किल हो जाताहै। सत्ता, अवसर और राजनीतिक भविष्य की गणनाओं के बीच नेता अक्सर अपने निर्णयों को सिद्धांत और निष्ठा का नाम देते हैं, जबकि वास्तविकता में वे परिस्थितियों से उपजी मजबूरियों का परिणाम होते हैं। पश्चिम बंगाल की राजनीति में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भीतर उभरे कथित असंतोष और बगावती तेवरों के बीच पार्टी के तीन प्रमुख सांसद—शत्रुघ्न सिन्हा, कीर्ति आजाद और बाबुल सुप्रियो—एक बार फिर राजनीतिक चर्चा के केंद्र में आ गए हैं।

राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि टीएमसी के भीतर बढ़ती असहमति और कुछ सांसदों द्वारा अलग रुख अपनाने की खबरों के बीच इन नेताओं ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई है। हालांकि राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह केवल वैचारिक प्रतिबद्धता का मामला नहीं, बल्कि सीमित राजनीतिक विकल्पों से उपजी स्थिति भी हो सकती है।

**टीएमसी में संकट और नेताओं की सक्रियताः** पश्चिम Bengal की राजनीति में लंबे समय से प्रभावी रही तृणमूल कांग्रेस हाल के दिनों में आंतरिक चुनौतियों का सामना करती दिखाई दे रही है। पार्टी के भीतर असंतोष और संभावित गुटबाजी की चर्चाओं ने राजनीतिक माहौल को गर्म कर दिया है। ऐसे समय में पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं और सांसदों ने खुलकर ममता बनर्जी के नेतृत्व में भरोसा जताया है। शत्रुघ्न सिन्हा, कीर्ति आजाद और बाबुल सुप्रियो ने सार्वजनिक रूप से यह संदेश देने की कोशिश की है कि वे पार्टी नेतृत्व के साथ मजबूती से खड़े हैं। लेकिन राजनीतिक पर्यवेक्षक इसे केवल निष्ठा नहीं, बल्कि राजनीतिक यथार्थवाद का हिस्सा मान रहे हैं।

**शत्रुघ्न सिन्हाः भाजपा से दूरी, टीएमसी में ठिकानाः** पूर्व केंद्रीय मंत्री और अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा कभी भाजपा के सबसे चर्चित नेताओं में गिने जाते थे। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में मंत्री रहे सिन्हा ने वर्षों तक पार्टी का प्रतिनिधित्व किया। लेकिन समय के साथ भाजपा में उनकी भूमिका सीमित होती चली गई। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के नए राजनीतिक ढांचे में उन्होंने स्वयं को असहज महसूस किया और सार्वजनिक रूप से पार्टी नेतृत्व की आलोचना भी की। अंततः उन्होंने भाजपा छोड़ दी और कांग्रेस के टिकट पर 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ा, लेकिन सफलता नहीं मिली।इसके बाद उन्होंने तृणमूल कांग्रेस का दामन थामा और आसनसोल से सांसद बने। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि भाजपा छोड़ने के बाद उनकी वापसी के रास्ते लगभग बंद हो चुके हैं। ऐसे में टीएमसी के साथ खड़े रहने का उनका फैसला राजनीतिक मजबूरी और भविष्य की रणनीति दोनों से जुड़ा माना जा रहा है।

**कीर्ति आजादः भाजपा से कांग्रेस और फिर टीएमसी तक का सफरः** पूर्व क्रिकेटर और सांसद कीर्ति आजाद की राजनीतिक यात्रा भी उतार-चढ़ाव से भरी रही है। डीडीसीए में कथित अनियमितताओं को लेकर उन्होंने भाजपा नेतृत्व के खिलाफ खुलकर आवाज उठाई थी। इसके बाद पार्टी ने उन्हें निलंबित कर दिया। भाजपा से अलग होने के बाद वे कांग्रेस में शामिल हुए, लेकिन वहां भी उन्हें अपेक्षित राजनीतिक सफलता नहीं मिली। बाद में उन्होंने तृणमूल कांग्रेस का रुख किया और पश्चिम बंगाल की राजनीति में नई पारी शुरू की। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों से दूरी बनने के बाद उनके लिए टीएमसी ही सबसे बड़ा राजनीतिक मंच बचा है। यही कारण है कि वे वर्तमान परिस्थितियों में ममता बनर्जी के नेतृत्व के समर्थन में मजबूती से खड़े दिखाई दे रहे हैं।

**बाबुल सुप्रियोः केंद्रीय मंत्री से टीएमसी नेता तकः** पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री और लोकप्रिय गायक बाबुल सुप्रियो भाजपा के प्रमुख बंगाली चेहरों में शामिल रहे हैं। वे दो बार आसनसोल से सांसद चुने गए और केंद्र सरकार में मंत्री भी बने। हालांकि 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद उन्होंने भाजपा छोड़कर तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया। टीएमसी ने उन्हें बालीगंज विधानसभा उपचुनाव में उम्मीदवार बनाया और वे विजयी भी हुए। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि भाजपा छोड़ने के बाद उनकी राजनीतिक स्थिति पहले जैसी प्रभावशाली नहीं रही। वर्तमान परिस्थितियों में भाजपा में उनकी वापसी की संभावना बेहद कम मानी जा रही है। ऐसे में टीएमसी के साथ बने रहना उनके लिए राजनीतिक रूप से सुरक्षित विकल्प माना जा रहा है।

**बागी तेवर और बदलते समीकरणः** राजनीतिक हलकों में यह चर्चा है कि टीएमसी के भीतर कुछ सांसदों और नेताओं में असंतोष बढ़ रहा है। यदि भविष्य में कोई बड़ा राजनीतिक पुनर्संयोजन होता है तो इसका असर न केवल पश्चिम बंगाल बल्कि राष्ट्रीय राजनीति पर भी पड़ सकता है।

विश्लेषकों का मानना है कि संसद में किसी भी दल के भीतर विभाजन या समर्थन के समीकरण बदलने से कई महत्वपूर्ण विधेयकों और राजनीतिक रणनीतियों पर प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए टीएमसी के भीतर की हर हलचल पर राष्ट्रीय स्तर पर भी नजर रखी जा रही है।

**भाजपा के लिए भी आसान नहीं वापसीः** राजनीतिक जानकारों का कहना है कि केवल शत्रुघ्न सिन्हा, कीर्ति आजाद और बाबुल सुप्रियो ही नहीं, बल्कि टीएमसी के कई अन्य नेताओं के लिए भी भाजपा में वापसी आसान नहीं होगी।

लंबे समय से चली आ रही वैचारिक लड़ाई, तीखे राजनीतिक हमले और व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप ऐसे कारक हैं जो वापसी के रास्ते को कठिन बनाते हैं। कई नेताओं ने भाजपा के खिलाफ सार्वजनिक रूप से इतने आक्रामक बयान दिए हैं कि उनके लिए राजनीतिक पुनर्वास आसान नहीं माना जाता।

**वफादारी या राजनीतिक विवशता?** राजनीति में अक्सर यह सवाल उठता है कि किसी नेता की निष्ठा वास्तव में विचारधारा से प्रेरित है या परिस्थितियों से। वर्तमान घटनाक्रम में भी यही बहस सामने आ रही है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों के अनुसार जब विकल्प सीमित हो जाते हैं, तब नेता अपने निर्णयों को सिद्धांत और वफादारी का स्वरूप देकर प्रस्तुत करते हैं। यही कारण है कि कई बार राजनीतिक मजबूरी और वैचारिक प्रतिबद्धता के बीच का अंतर धुंधला हो जाता है।

**निष्कर्षः** पश्चिम बंगाल की राजनीति में चल रहे घटनाक्रम ने एक बार फिर यह साबित किया है कि राजनीति केवल विचारधारा का खेल नहीं, बल्कि अवसर, समीकरण और अस्तित्व की लड़ाई भी है। शत्रुघ्न सिन्हा, कीर्ति आजाद और बाबुल सुप्रियो जैसे नेताओं की वर्तमान स्थिति इसी राजनीतिक यथार्थ को सामने लाती है।

आज ये नेता ममता बनर्जी के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों के बीच यह बहस जारी है कि यह निष्ठा का प्रदर्शन है या परिस्थितियों से उपजी विवशता। इतना जरूर है कि राजनीति में कई बार मजबूरी इतनी प्रभावशाली होती है कि वह स्वयं को वफादारी के रूप में प्रस्तुत करने लगती है, और यही भारतीय राजनीति का सबसे रोचक तथा जटिल पक्ष भी है।

# सत्ता से सादगी तक - लालू प्रसाद को देखकर मन में उठे सवाल



जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना

कभी-कभी जीवन हमें ऐसे दृश्य दिखा देता है जो वर्षों की राजनीति, सत्ता और सामाजिक वास्तविकताओं को एक ही पल में समझा देते हैं। ऐसे दृश्य किताबों में नहीं मिलते, समाचार चैनलों की बहसों में नहीं दिखते और न ही राजनीतिक भाषणों में सुनाई देते हैं। वे अचानक सामने आते हैं और हमारे भीतर गहरे तक उतर जाते हैं। पटना की चिलचिलाती धूप में घटित एक ऐसा ही दृश्य कई लोगों के लिए सामान्य हो सकता है, लेकिन जिसने उसे देखा, उसके लिए वह समय, सत्ता और जीवन की नश्वरता का एक जीवंत पाठ बन गया। बिहार की राजनीति को दशकों से प्रभावित करने वाले एक बड़े नेता, जिनके नाम से कभी पूरा प्रशासन सक्रिय हो जाता था, जिनके काफिले के गुजरने से सड़कें खाली करा दी जाती थी, वे एक साधारण कार में अकेले बैठे दिखाई दिए। उन्होंने हाथ उठाकर अभिवादन किया और कुछ ही क्षणों में आंखों से ओझल हो गए। लेकिन वह दृश्य मन में रह गया। यह केवल एक व्यक्ति की कहानी नहीं है। यह समय की कहानी है। यह सत्ता की अस्थिरता की कहानी है। यह उस सत्य की कहानी है जिसे हम जानते तो हैं, लेकिन स्वीकार नहीं करना चाहते। भारतीय राजनीति में ऐसे बहुत कम नेता हुए हैं जिन्होंने जनमानस पर उतना प्रभाव छोड़ा हो जितना लालू प्रसाद ने छोड़ा। एक समय था जब बिहार की राजनीति का अर्थ ही लालू प्रसाद माना जाता था। गांव की चौपाल से लेकर राष्ट्रीय संसद तक उनकी चर्चा होती थी। समर्थकों के लिए वे सामाजिक न्याय के प्रतीक थे, जबकि विरोधियों के लिए विवादों के केंद्र। लेकिन चाहे समर्थन हो या विरोध, एक बात सभी मानते थे कि लालू प्रसाद एक असाधारण राजनीतिक व्यक्तित्व हैं। उनका काफिला निकलता था तो दर्जनों गाड़ियां साथ होती थीं। सुरक्षा कर्मियों की लंबी कतार होती थी। प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रियता देखते ही बनती थी। उस दौर में शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि एक दिन वही नेता एक साधारण कार में, बिना किसी बड़े काफिले के, शहर की सड़क पर सामान्य नागरिक की तरह दिखाई देंगे। यही समय का सबसे बड़ा सत्य है। बिहार ने राजनीति के कई रंग देखे हैं। स्वतंत्रता आंदोलन के नेताओं से लेकर समाजवादी आंदोलन तक, जेपी आंदोलन से लेकर मंडल राजनीति तक, यहां सत्ता के कई चेहरे आए और गए। एक समय था जब श्रीकृष्ण सिंह और अनुग्रह नारायण सिंह का प्रभाव था। फिर कर्पूरी ठाकुर का दौर आया। बाद में लालू प्रसाद का उदय हुआ, जिन्होंने बिहार की राजनीति की दिशा और भाषा दोनों बदल दी। लेकिन समय किसी के लिए नहीं रुकता। नई पीढ़ियां आती हैं, नए मुद्दे आते हैं और राजनीति का केंद्र बदलता रहता है। जो नेता कभी सत्ता के केंद्र में होते हैं, वे धीरे-धीरे इतिहास का हिस्सा बनने लगते हैं। उनकी भूमिका कम हो सकती है, लेकिन उनका प्रभाव पूरी तरह समाप्त नहीं होता। यही कारण है कि लालू प्रसाद आज भी राजनीतिक चर्चा के केंद्र में रहते हैं, भले ही परिस्थितियां पहले जैसी न हो। पटना चिड़ियाघर के सामने गन्ने के जूस की दुकान पर खड़े होकर किसी पूर्व मुख्यमंत्री को इस तरह गुजरते देखना केवल एक दृश्य नहीं है। यह जीवन का दर्शन है। हम सभी अपने जीवन में किसी न किसी रूप में सत्ता, प्रतिष्ठा या प्रभाव की तलाश करते हैं। कोई नौकरी में ऊंचा पद चाहता है, कोई व्यापार में सफलता, कोई राजनीति में प्रभाव और कोई समाज में सम्मान। लेकिन अक्सर हम भूल जाते हैं कि यह सब स्थायी नहीं है। आज जो व्यक्ति सत्ता के शिखर पर है, वह कल सामान्य जीवन जी रहा हो सकता है। आज जो व्यक्ति हजारों लोगों से घिरा है, वह कल अकेला हो सकता है। समय की यही विशेषता है कि वह किसी को स्थायी रूप से ऊपर या नीचे नहीं रखता। राजनीतिक जीवन में सुरक्षा का विशेष महत्व होता है। नेताओं के साथ सुरक्षाकर्मी रहते हैं, काफिले चलते हैं और कई तरह की व्यवस्थाएं होती हैं। लेकिन जब जीवन के अंतिम पड़ावों की बात आती है, तब इन व्यवस्थाओं का महत्व सीमित हो जाता है। बुरे समय में इंसान के साथ उसका पद नहीं खड़ा होता। उसकी कुर्सी नहीं खड़ी होती। उसके सुरक्षाकर्मी भी नहीं खड़े होते। उसके साथ खड़े रहते हैं उसके कर्म, उसके रिश्ते और लोगों के दिलों में उसके लिए मौजूद भावनाएं। यही कारण है कि कुछ लोग सत्ता से हटने के बाद भी सम्मान पाते रहते हैं, जबकि कुछ लोग पद पर रहते हुए भी लोगों के दिलों में जगह नहीं बना पाते। राजनीति में अक्सर लोग शक्ति को ही सबसे बड़ी उपलब्धि मान लेते हैं। लेकिन इतिहास बताता है कि शक्ति से अधिक महत्वपूर्ण व्यवहार होता है। लोग नेताओं को उनके पद से नहीं, बल्कि उनके व्यवहार से याद रखते हैं। यदि किसी नेता ने लोगों के दुख-दर्द में साथ दिया हो, उनके जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास कयिा हो, उनके सम्मान की रक्षा की हो, तो लोग उसे वर्षों तक याद रखते हैं। लेकिन यदि किसी ने केवल शक्ति का प्रदर्शन किया हो, तो समय के साथ उसकी चमक फीकी पड़ जाती है। इसलिए सत्ता का अहंकार हमेशा अस्थायी होता है, जबकि मानवीय संवेदनाएं स्थायी होती हैं। यदि इतिहास पर नजर डालें तो यह सत्य बार-बार दिखाई देता है। दुनिया के बड़े-बड़े सम्राट, शक्तिशाली शासक और प्रभावशाली नेता समय के साथ इतिहास के पन्नों में सिमट गए। कभी जिनके आदेश पर सेनाएं चलती थी, आज उनके महल खंडहर बन चुके हैं। कभी जिनके सामने हजारों लोग सिर झुकाते थे, आज उनकी पहचान केवल इतिहास की पुस्तकों में है। समय का यह नियम किसी एक व्यक्ति पर लागू नहीं होता है। यह सभी पर समान रूप से लागू होता है। लालू प्रसाद का राजनीतिक जीवन भारतीय लोकतंत्र की सबसे रोचक यात्राओं में से एक माना जाता है। छात्र राजनीति से शुरुआत कर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। बिहार के मुख्यमंत्री बने, केंद्र में रेल मंत्री बने और लंबे समय तक राष्ट्रीय राजनीति में प्रभाव बनाए रखा। उनके समर्थक उन्हें पिछड़ों और वंचितों की आवाज मानते हैं। उनके आलोचक शासन व्यवस्था और विकास के मुद्दों पर सवाल उठाते हैं। लेकिन इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि उन्होंने बिहार की राजनीति को गहराई से प्रभावित किया है। आज जब लोग उन्हें एक साधारण कार में देखते हैं तो उन्हें केवल एक नेता नहीं, बल्कि समय के उतार-चढ़ाव का प्रतीक भी देखते हैं। वह दृश्य शायद कुछ सेकंड का रहा होगा। कार आई, अभिवादन हुआ और वह आगे बढ़ गई। लेकिन कई बार कुछ सेकंड पूरे जीवन का सबक दे जाते हैं। वह दृश्य बताता है कि जीवन में विनम्रता सबसे बड़ा आभूषण है। यह बताता है कि पद अस्थायी है, लेकिन व्यक्तित्व स्थायी हो सकता है। यह बताता है कि शक्ति का प्रदर्शन क्षणिक है, लेकिन लोगों का प्रेम लंबे समय तक बना रहता है और सबसे बड़ी बात यह कि समय से बड़ा कोई नहीं है। वक्त की मार सबसे बड़ी हकीकत होती है। सत्ता, सुरक्षा और सम्मान स्थायी नहीं होते। आज जो व्यक्ति हजारों लोगों के बीच है, वह कल अकेला हो सकता है। आज जो सामान्य है, वह कल असाधारण बन सकता है। इसलिए जीवन में पद से अधिक संबंधों को महत्व देना चाहिए। शक्ति से अधिक संवेदनशीलता को महत्व देना चाहिए। अहंकार से अधिक विनम्रता को महत्व देना चाहिए। पटना की सड़क पर दिखाई दिया वह दृश्य केवल एक पूर्व मुख्यमंत्री का नहीं था। वह समय का संदेश था। वह याद दिलाने आया था कि जीवन का सबसे बड़ा सच परिवर्तन है। काफिले आते हैं, काफिले जाते हैं। पद आते हैं, पद चले जाते हैं। सत्ता बदलती रहती है। लेकिन इंसान के कर्म, उसका व्यवहार और लोगों के दिलों में उसके लिए बचा सम्मान ही अंततः उसकी वास्तविक पहचान बनते हैं और शायद यही कारण है कि उस दिन पटना की सड़क पर गुजरती एक साधारण कार ने राजनीति से कहीं बड़ा पाठ पढ़ा दिया कि'वक्त से बड़ा कोई नहीं होता'।




**मेष राशिः** सुबह कोई ऐसा काम सामने आ सकता है जिसे आप बाद के लिए छोड़ते आ रहे थे, लेकिन आज उसे टालना आसान नहीं होगा। अच्छी बात यह है कि आप उससे बचने के बजाय उसे पूरा करने की कोशिश करेंगे। कार्यक्षेत्र में किसी वरिष्ठ या अनुभवी व्यक्ति से हुई बातचीत आपके लिए उपयोगी साबित हो सकती है। यदि किसी योजना को लेकर मन में संशय चल रहा था, तो आज उसकी दिशा कुछ हद तक साफ होती दिखाई देगी।

**वृषभ राशिः** सुबह किसी ऐसी बात पर ध्यान जा सकता है जिसे आप पिछले कुछ दिनों से टाल रहे थे। शुरुआत में मन नहीं करेगा, लेकिन एक बार काम हाथ में लेने के बाद चीजें उम्मीद से आसान लगेंगी। कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी हलचल नजर नहीं आती, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि दिन बेकार जाएगा। शुभ अंकः 4

**मिथुन राशिः** सुबह से ही मन एक जगह टिकने के बजाय कई बातों में उलझा रह सकता है। एक काम करते-करते दूसरा विचार दिमाग में आ जाएगा और फिर तीसरा। ऐसे में जरूरी कामों की सूची बनाकर चलना बेहतर रहेगा। आज किसी ऐसे व्यक्ति से संपर्क हो सकता है जिससे काफी समय से बात नहीं हुई थी। यह बातचीत छोटी हो सकती है, लेकिन इसका असर पूरे दिन आपके मूड पर रहेगा।

**कर्क राशिः** कोई पुरानी याद, किसी रिश्तेदार की खबर या अचानक हुई बातचीत मन में हलचल पैदा कर सकती है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं कि पूरा दिन भावुकता में बीतेगा। कुछ ही देर बाद रोजमर्रा की जिम्मेदारियां आपको वापस अपनी गति में ले आएंगी। आज काम के मामले में दूसरों की तुलना में आप ज्यादा धैर्य दिखा सकते हैं।

**सिंह राशिः** सुबह से ही मन में कुछ नया करने या किसी रुके हुए काम को आगे बढ़ाने की इच्छा रहेगी। जिस काम को लेकर पिछले दिनों उत्साह कम हो गया था, उसमें फिर से रुचि लौट सकती है। कार्यस्थल पर कोई छोटी-सी जिम्मेदारी अचानक बढ़ सकती है। पहले पल में यह अतिरिक्त बोझ लगेगा, लेकिन बाद में समझ आएगा कि यह आपके भरोसे और क्षमता की वजह से मिला है।

**कन्या राशिः** आज आपका ध्यान छोटी-छोटी बातों पर ज्यादा जाएगा। किसी की कही हुई बात, कोई पुराना नोट या अचानक मिली जानकारी आपको कुछ देर तक सोचने पर मजबूर कर सकती है। हालांकि इसका फायदा भी होगा, क्योंकि आप एक ऐसी बात समझ पाएंगे जो पहले नजरअंदाज हो रही थी। घर का माहौल सामान्य रहेगा। परिवार के किसी सदस्य के साथ बैठकर हुई बातचीत मन को सुकून दे सकती है।

**तुला राशिः** किसी ऐसे व्यक्ति का संदेश या फोन आ सकता है जिससे काफी समय से संपर्क नहीं हुआ था। यह बातचीत भले कुछ मिनटों की हो, लेकिन आपका मूड बदलने के लिए काफी होगी। आज लोगों की बातों को ध्यान से सुनना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। कामकाज में किसी रुकी हुई प्रक्रिया में गति आने के संकेत हैं।

**मकर राशिः** सुबह से ही मन में यह भावना रह सकती है कि आज जितना हो सके, उतना काम निपटा लिया जाए। कुछ लोग आपको जरूरत से ज्यादा गंभीर भी समझ सकते हैं, लेकिन फिलहाल आपका फोकस अपने लक्ष्य पर रहेगा, लोगों की राय पर नहीं। कामकाज के दौरान कोई ऐसी जिम्मेदारी सामने आ सकती है जिसे बाकी लोग टालना चाहें, लेकिन आप उसे संभालने का मन बना सकते हैं। यही बात आपको दूसरों से अलग बनाएगी।

**वृश्चिक राशिः** सुबह किसी बात को लेकर मन थोड़ा उलझ सकता है। कोई पुरानी याद, अधूरी बातचीत या किसी व्यक्ति का व्यवहार आपको कुछ देर तक सोचने पर मजबूर कर सकता है। लेकिन आज आप हर बात का अर्थ निकालने के बजाय उसे जाने देना ज्यादा पसंद करेंगे। कामकाज में स्थिति धीरे-धीरे आपके पक्ष में बनती दिखाई देगी।

**धनु राशिः** आज किसी दोस्त, रिश्तेदार या पुराने परिचित की याद अचानक आ सकती है। कुछ लोग खुद संपर्क भी कर सकते हैं। छोटी-सी बातचीत भी आपके चेहरे पर मुस्कान ला सकती है। दिन का सबसे अच्छा हिस्सा यही हो सकता है कि आप कुछ समय के लिए रोजमर्रा की भागदौड़ भूल जाएं। पैसों को लेकर आज आपका नजरिया व्यावहारिक रहेगा।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपको किसी बात को नए नजरिए से देखने का मौका दे सकता है। सुबह जिस बात को लेकर मन में उलझन होगी, वही दोपहर तक काफी सरल लगने लगेगी। कभी-कभी जवाब बदलते नहीं, बस उन्हें देखने का तरीका बदल जाता है। आज ऐसा ही अनुभव हो सकता है। कामकाज में किसी की कही हुई बात आपको सोचने पर मजबूर कर सकती है। हो सकता है आप किसी विषय को एक दिशा से देख रहे हों और सामने वाला बिल्कुल अलग तस्वीर दिखा दे।

**मीन राशिः** पैसों को लेकर आपका रवैया संतुलित रहेगा। कोई खर्च करने से पहले मन खुद हिसाब लगाने लगेगा। आज बचत की सोच खर्च करने की इच्छा पर भारी पड़ सकती है। आने वाले समय को ध्यान में रखकर लिया गया फैसला सही साबित होगा। परिवार या करीबी लोगों के साथ समय बिताने का मौका मिल सकता है। किसी अपने की बात सुनकर मन हल्का महसूस करेगा।

# नीतिगत गतिरोध से विकसित भारत तकः मोदी युग ने भारत को नए सिरे से परिभाषित किया

पीयूष गोयल

वर्ष 2014 के बाद से, भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। इसकी अर्थव्यवस्था कहीं अधिक मजबूत हुई है। बुनियादी ढांचा निश्चित रूप से बेहतर हुआ है। महिलाएं बेहद सशक्त हुईं हैं। किसानों को बेहतर दाम मिल रहे हैं और गरीब अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित हुए हैं। इन तमाम बदलावों में एक ही बात साझा हैः प्रधानमंत्री मोदी की दूरदृष्टि और उनका नेतृत्व।

भारत के लोगों ने उनके दूरदर्शी एवं संवेदनशील नेतृत्व का भरपूर समर्थन किया है और उन्हें देश का सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाला निर्वाचित प्रधानमंत्री बनाया है। बीते 10 जून को उन्होंने राष्ट्र की सेवा में 4,399 दिन पूरे किए और अपनी पहली चुनावी जीत के बाद जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए आगे निकल गए।

यह ऐतिहासिक उपलब्धि भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। देश के लोगों ने ऐसे समय में 2014 में मोदी सरकार को भारी बहुमत से सत्ता सौंपी, जब अर्थव्यवस्था लड़खड़ा रही थी और यूपीए सरकार के बदनाम कार्यकाल के दौरान नीतिगत गतिरोध, भ्रष्टाचार, घोटालों एवं विवादों को लेकर जनता में निराशा लगातार बढ़ रही थी।

संवेदनशील नेतृत्व - 2014 से देश निरंतर बदलाव की यात्रा पर है। मोदी सरकार ने 81 करोड़ से अधिक लोगों के लिए मुफ्त अनाज की व्यवस्था की, 58 करोड़ जन धन बैंक खातों के जरिए वित्तीय समावेशन को संभव बनाया और 16 करोड़ घरों तक नल के पानी का कनेक्शन पहुंचाया। दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना, 'आयुष्मान भारत' के जरिए 12 करोड़ परिवारों को 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की गारंटी मिल रही है। कई युवा भारतीयों के लिए यह कल्पना करना मुश्किल हो सकता है कि मोदीजी द्वारा - पहले गुजरात के मुख्यमंत्री और बाद में प्रधानमंत्री के रूप में - लाए गए बड़े बदलावों से पहले जीवन कितना चुनौतीपूर्ण था। उनके निर्णायक नेतृत्व और नेक एवं संवेदनशील दृष्टिकोण ने देश को 'विकसित भारत 2047' मिशन की दिशा में आगे बढ़ाया है। इस मिशन में भारत की विरासत पर गर्व और विकास का एक महत्वाकांक्षी एजेंडा शामिल है।

नारी शक्तिः प्रधानमंत्री के लिए महिलाएं केवल सहायता की लाभार्थी नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माता हैं। सबसे पहले उनकी बुनियादी जरूरतों पर ध्यान दिया गयाः स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए। इससे उनकी सुरक्षा और सम्मान में वृद्धि हुई। वहीं, उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक मुफ्त एलपीजी कनेक्शन दिए गए। इससे महिलाओं को धुएं से भरी रसोई के खतरों से मुक्ति मिली। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की पहल ने बेटियों की शिक्षा एवं उनके कल्याण के महत्व को और ठोस बनाया है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के जरिए, प्रधानमंत्री ने महिलाओं के नेतृत्व में विकास को आगे बढ़ाने के लिए देश की विधायिकाओं में महिलाओं की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की है।

किसानों का कल्याणः किसानों का कल्याण प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों का एक मुख्य आधार रहा है। किसानों के योगदान को मान्यता देते हुए, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के जरिए उन्हें सीधे आय संबंधी सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत बांटे गए कुल 4.28 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि से लगभग 10 करोड़ किसान परिवारों को लाभ हुआ है। सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में भी काफी बढ़ोतरी की है, जो अब उत्पादन लागत का कम से कम 1.5 गुना है। साथ ही, किफायती दरों पर फसलों के लिए पोषक तत्व उपलब्ध कराकर किसानों को वैश्विक स्तर पर उर्वरकों की कीमतों में हुई भारी बढ़ोतरी से बचाया गया है।

युवाओं के लिए अवसरः युवा भारतीयों के लिए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से, 'मेक इन इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' जैसी प्रमुख पहलें शुरू की गई हैं। 'कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय' के रूप में एक समर्पित मंत्रालय के गठन से जहां युवाओं को आधुनिक अर्थव्यवस्था के अनुकूल कौशल से लैस करने में मदद मिली है, वहीं भारत को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के क्षेत्र में उभरती हुई क्रांति का लाभ उठाने के लिए तैयार भी किया गया है। 'स्टार्टअप इंडिया' और नवाचार को दिए गए व्यापक समर्थन ने कई युवाओं को नौकरी खोजने वाला से हटकर नौकरी देने वाला बनने में मदद की है। इन पहलों ने उद्यमिता (एंटरप्रेन्योरशिप) की एक ऐसी नई लहर की नींव रखी है, जिसमें आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के मामले में अहम योगदान देने की क्षमता है।

अर्थव्यवस्था और जीवनयापन में सुगमताः वर्ष 2014 से पहले, भारत की गिनती दुनिया की "फ्रैजाइल फाइव" (कमजोर पांच) अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में होती थी। निवेशकों का भरोसा भी लगातार कम हो रहा था। साहसिक सुधारों, निवेशकों के लिए अनुकूल नीतियों, वित्तीय अनुशासन और अपेक्षाकृत कम महंगाई के सहारे, भारत अब दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है और यह कारोबार व निवेश का एक आकर्षक स्थल बनता जा रहा है। भारत ने विभिन्न विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। इससे हमारे युवाओं, किसानों, छोटे व्यवसायों, कारीगरों और श्रमिकों के लिए वैश्विक स्तर पर नए अवसर खुले हैं। और ऐसा भारत के हितों से समझौता किए बिना किया गया है। यह यूपीए सरकार द्वारा किए गए कुछ लापरवाही भरे समझौतों से बिल्कुल अलग है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रांसपोर्टिंग रोड के विरुद्ध झारखंड उच्च न्यायालय में मामला दर्ज

**चतरा**।टंडवा अंचल क्षेत्र के वृन्दा में जय अम्बे रोड लाइन्स (JARL) द्वारा कथित रूप से अवैध तरीके से निर्माणाधीन ट्रांसपोर्टिंग रोड के खिलाफ झारखंड उच्च न्यायालय में मामला दर्ज कराया गया है। ट्रांसपोर्टिंग रोड के विरोध में आंदोलन का नेतृत्व कर रहे बिनय बिहारी शरण, जितेन्द्र सिंह, नागो राम एवं कामेश्वर राम द्वारा संयुक्त रूप से दायर आवेदन पर झारखंड उच्च न्यायालय की एकल पीठ के सिविल सेक्शन में 12 जून 2026 को फाइलिंग संख्या 6844/2026 के तहत मामला दर्ज किया गया। याचिका में जय अम्बे रोड लाइन्स (JARL) समेत अन्य संबंधित पक्षों को प्रतिवादी बनाया गया है। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि निर्माणाधीन ट्रांसपोर्टिंग रोड का निर्माण निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं का पालन किए बिना किया जा रहा है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों और क्षेत्र के पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। मामले के उच्च न्यायालय में पहुंचने के बाद अब क्षेत्रवासियों की निगाहें न्यायालय की आगामी सुनवाई और फैसले पर टिकी हुई हैं। वहीं, आंदोलनकारी पक्ष ने इसे स्थानीय लोगों के अधिकारों और हितों की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

### सर्विस सुधारो या टावर हटाओ : जिओ की खराब नेटवर्क सेवा के प्रति फूटा उपभोक्ताओं का आक्रोश

**पत्थलगडा**।प्रखंड में कनेक्टिविटी समस्या को लेकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। पत्थलगडा क्षेत्र में लंबे समय से जिओ नेटवर्क की खराब सेवा और लगातार कनेक्टिविटी बाधित रहने से उपभोक्ताओं का आक्रोश फूट पड़ा। नाराज ग्रामीणों ने नेटवर्क समस्या के समाधान के लिए पहुंचे कंपनी के टेक्निकल इंजीनियर धनंजय कुमार उर्फ ललन को घेर लिया और मौके पर ही रोककर अपनी नाराजगी जताई। उसे डेढ़ घंटे तक प्रखंड मुख्यालय में लगे टावर के नीचे बंधक बनाए रखा। उमस भरी गर्मी और चिलचिलाती धूप में इंजीनियर बाबू टावर के नीचे बैठे रहे। वह अपने सीनियर्स को फोन लगाते रहे। उसनेे इसकी सूचना कंपनी के वरीय अधिकारियों को दी। कुछ घंटे के बाद टेक्निकल टीम के अन्य सदस्य पहुंचे और स्थानीय लोगों को आश्वस्त किया कि जल्द ही खराब बैटरी और अन्य उपकरण में सुधार किया जाएगा। उसके बाद कनेक्टिविटी बेहतर होगी। उपभोक्ता लेखराज टाइगर, बबलू कुशवाहा, रूपेश कुमार, नीतीश सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद नेटवर्क व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ है। इंटरनेट सेवा और कॉलिंग की समस्या से आम लोगों, छात्रों, व्यवसायियों और ऑनलाइन कार्य करने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही नेटवर्क सेवा में सुधार नहीं किया गया तो कंपनी अपने टावर क्षेत्र से हटा ले। उपभोक्ताओं ने जिओ प्रबंधन से तत्काल ठोस कार्रवाई कर बेहतर सेवा उपलब्ध कराने की मांग की है। "सर्विस सुधारो, नहीं तो टावर हटाओ" के नारों के साथ लोगों ने अपना विरोध दर्ज कराया। उपभोक्ताओं ने कहा है कि वह महंगा रिचार्ज करवाते हैं। लेकिन उन्हें बेहतर नेटवर्क नहीं मिलता है। ऐसे में उनका महंगा रिचार्ज व्यर्थ चला जाता है। जिओ कंपनी क्षेत्र के लोगों का दोहन कर रही है। यहां 24 घंटे में मात्र एकाध घंटे ही जिओ का नेटवर्क रहता है। वह भी बिजली पर निर्भर है। क्षेत्र में जब बिजली रहती है तभी जिओ का नेटवर्क रहता है बिजली कटते ही जिओ का नेटवर्क भी कट जाता है। बहरहाल गुरुवार को जिओ कंपनी के इंजीनियर को बंधक बनाए जाने की घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### आवास योजना पर उठे सवाल पक्के मकान वाले लाभुक को मिला लाभ गरीब अब भी बेघर

**कटकमसांडी ( हजारीबाग)**। प्रखंड की कटकमसांडी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य सरकारी आवासों के आवंटन में गंभीर अनियमितता और भाई-भतीजावाद का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कच्चे और जर्जर मकानों में रहने वाले जरूरतमंद आज भी अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं, जबकि संपन्न और पक्के मकान वाले लोगों को योजना का लाभ दे दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, प्रखंड विकास पदाधिकारी मुखिया, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक की मिलीभगत से इस विसंगति को अंजाम दिया गया है।आरोप है कि वर्षों से जमे रोजगार सेवक के परिवार के उन सदस्यों के नाम भी आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनके पास पहले से दो मंजिला पक्का मकान है। नियमों को ताक पर रखकर एक ही परिवार की सास और बहू (जहां केवल एक ही बेटा है) दोनों के नाम पर अलग-अलग आवास आवंटित कर दिए गए। पात्रों का हक प्रभावितः संपन्न परिवारों को अनुचित लाभ मिलने से वास्तविक गरीब, असहाय और छप्परनुमा घरों में रहने वाले लोग योजना से वंचित रह गए हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और उच्च अधिकारियों से कटकमसांडी पंचायत में हुए आवास आवंटन की निष्पक्ष व गहन जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जांच होने पर बड़े घोटाले का पर्दाफाश होगा। उन्होंने दोषियों पर कार्रवाई करते हुए पात्र लाभुकों को हक दिलाने की गुहार लगाई है।

### 34 साल कानूनी लड़ाई जीती, पर जमीन के लिए अब भी भटक रहा परिवार डीसी से लगाई गुहार



**ईचाक (हजारीबाग)** । प्रखंड के परासी गांव का विवादित भूमि खाता संख्या 326, प्लॉट संख्या 1688 और 1689 (कुल 57 डिसमिल)। अदालत से हक में फैसला आने के बावजूद एक पीड़ित परिवार अपनी ही पुश्तैनी जमीन के लिए प्रशासनिक दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर है। परासी गांव के निवासी बिनोद रजक ने हजारीबाग उपायुक्त को आवेदन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित परिवार के अनुसार, वर्ष 1954-55 में यह भूमि उनकी दादी स्व. मुटरी देवी के नाम बंदोबस्त हुई थी। इस पर मालिकाना हक को लेकर 1993 में टाइटल सूट (99/1993) दायर हुआ। 34 वर्षों तक चली लंबी कानूनी लड़ाई में बिनोद के पिता और दो भाइयों का निधन तक हो गया। आखिरकार, वर्ष 2022 में अदालत ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया और 2026 में जिला जज की अदालत ने विपक्ष की अपील को भी खारिज कर दिया। दबंगों की दखलअंदाजीः अदालती आदेश के बाद भी कुछ लोग इस निजी जमीन को सार्वजनिक बताकर विवाद पैदा कर रहे हैं। बिनोद रजक का आरोप है कि 9 जून 2026 को जब वे कोर्ट के आदेश के साथ ईचाक अंचल कार्यालय पहुंचे, तो उनकी बात नहीं सुनी गई। परिवार की महिलाओं ने अंचल कर्मियों पर अपमानजनक व्यवहार का भी आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार ने उपायुक्त से मामले की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच कराने, दोषी अंचल कर्मियों पर कार्रवाई करने और कोर्ट के आदेश का पालन कराते हुए भूमि पर सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। फिलहाल इस मामले में जिला या अंचल प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

## मेरा रांची, मेरा गर्व पैनल चर्चाएं और संगोष्ठी

नई सोच एक्सप्रेस




**रांची**। दैनिक जागरण आईनेक्स्ट द्वारा मेरा रांची, मेरा गर्व बिषय पर पैनल चर्चाएं और संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बरियातू रोड स्थित होटल रामदा बाय विंडम के सभागृह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि, महुआ माजी, राज्यसभा सदस्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। आईनेक्स के संपादक नदीम अख्तर ने अतिथियों का स्वागत और अभिवादन किया। मंच संचालन अकाशवाणी की दीपा ने किया। पैनल चर्चाओं में शहरीकरण के विकास और ढ़ाका, स्वास्थ्य सुविधाएं और शिक्षा पर आयोजित किया गया। तदोपरांत विशेषज्ञों को सम्मानित किया गया। जुडकों के उप परियोजना निदेशक ने जुड़को द्वारा रांची के विकास के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी। शहरीकरण के विकास और ढ़ांचा पर पैनल चर्चाओं में वरिष्ठ पत्रकार शंभू नाथ, महेश पोद्दार, राजीव चढ्ढा, प्रवीन लोहानी, पवन बजाज ने इसपर विस्तार से चर्चा किया। इस अवसर पर रांची नगर निगम के उपमहापौर, नीरज कुमार भी उपस्थित थे। स्वास्थ्य सुविधाओं के पैनल में योगश गंभीर, डॉ संजय मुण्डा, डॉ अभिषेक कुमार नामधनी,धीरेन्द्र ग्रीवा, रांची के सिविल सर्जन, डॉ प्रभात कुमार ने स्वस्थ्य समाज के लिए चिकित्सा के क्षेत्र में विस्तार से चर्चाएं किया ।दैनिक जागरण के संपादक, पारितोष झा ने डॉ जयाश्री भट्टाचार्य को सम्मानित किया। शिक्षा पैनल में राज्यसभा सांसद, महुआ माजी, जया चौहान, डॉ भूपेश कुमार और रांची के जिला शिक्षा अधीक्षक, बादल राज ने रांची के शिक्षा व्यवस्था पर विस्तार से प्रकाश डाला । मौके पर डॉ ओमप्रकाश, डॉ अनमोल कुमार और सीमा सुरक्षा बल के अवकाश प्राप्त निरीक्षक, सुनील कुमार मौजूद भी मौजूद थे।

## धुर्वा के तीन बच्चों की गुमशुदगी पर भाजपा का मशाल जुलूस आज

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची**।धुर्वा एवं जगन्नाथपुर क्षेत्र से लापता तीन बच्चों करण, अर्जुन और शिवा के मामले को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। गुरुवार को पीड़ित परिवारों से मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि परिजनों के बयान और दर्ज एफआईआर में विरोधाभास दिखाई देता है, जिससे पुलिस की भूमिका पर संदेह उत्पन्न होता है। आदित्य साहू ने आरोप लगाया कि पीड़ित परिवार अशिक्षित है और पुलिस ने अपने बचाव में मनमाने ढंग से प्राथमिकी दर्ज की है। उन्होंने तीनों बच्चों की शीघ्र बरामदगी और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। भाजपा ने बच्चों की सकुशल बरामदगी तथा पुलिस प्रशासन की कथित निष्क्रियता के विरोध में 13 जून को शाम 6 बजे मशाल जुलूस निकालने की घोषणा की है। साहू ने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी व्यापक जनआंदोलन करेगी। उन्होंने कोकर की 18 माह की लापता बच्ची अदिति का भी उल्लेख करते हुए कहा कि राजधानी समेत राज्य में बच्चों के लापता होने की घटनाएं चिंता का विषय हैं और पुलिस को इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए। इस दौरान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश समेत भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नशा और तंबाकू सेवन के खिलाफ जागरूकता अभियान, छात्राओं के बीच प्रशिक्षण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची**।मादक पदार्थों एवं तंबाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को सिविल सर्जन कार्यालय, रांची के तत्वावधान में एनएमटीसी नर्सिंग स्कूल की छात्राओं के बीच एक दिवसीय प्रशिक्षण सह पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने की। इस अवसर पर डॉ. प्रभात कुमार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मादक पदार्थों और तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक है। इनके कारण कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की गंभीर बीमारियां तथा मानसिक विकारों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि नशे की लत व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और आर्थिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित करती है तथा इसके दुष्परिणाम पूरे परिवार और समाज को भुगतने पड़ते हैं। उन्होंने तंबाकू एवं धूम्रपान से होने वाली हानियों की जानकारी देते हुए बताया कि तंबाकू में मौजूद निकोटीन और अन्य विषैले रसायन मुंह, गले, फेफड़े तथा पेट के कैंसर के प्रमुख कारण हैं। धूम्रपान से रक्तचाप बढ़ता है, जिससे हृदयाघात और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और सीओपीडी जैसी श्वसन संबंधी बीमारियों के साथ-साथ दांत एवं मसूड़ों की समस्याएं तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी भी देखने को मिलती है। मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थ मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र को सीधे प्रभावित करते हैं, जिससे स्मरण शक्ति, एकाग्रता और मानसिक संतुलन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। अधिक सेवन से लीवर सिरोसिस, किडनी फेल्योर, पाचन तंत्र संबंधी बीमारियां तथा डिप्रेशन, तनाव, घबराहट और मानसिक विकारों का खतरा बढ़ जाता है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने नशा मुक्ति एवं तंबाकू निषेध विषय पर आकर्षक पेंटिंग्स बनाकर अपने विचारों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। सिविल सर्जन ने पेंटिंग प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली तीन प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में एनएमटीसी नर्सिंग स्कूल की प्रधानाचार्या, शिक्षिकाएं, परामर्शी सुशांत कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने समाज को नशा मुक्त बनाने और जनजागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। **मुख्य बिंदुः** एनएमटीसी नर्सिंग स्कूल में प्रशिक्षण सह पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित। छात्राओं को नशा और तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों की दी गई जानकारी। कैंसर, हृदय रोग और मानसिक विकारों के खतरे पर किया गया जागरूक। नशा मुक्ति विषय पर बनाई गई उत्कृष्ट पेंटिंग्स को किया गया सम्मानित। समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास का लिया गया संकल्प।

## भाजपा के 12 वर्षों का हिसाब मांगे जनता : विजय शंकर नायक

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची**। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रवक्ता विजय शंकर नायक ने भाजपा सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर केंद्र सरकार की नीतियों और वादों पर सवाल उठाते हुए कहा कि जनता अब प्रचार नहीं, बल्कि जवाब चाहती है। उन्होंने कहा कि 2014 में किए गए दो करोड़ रोजगार, किसानों की आय दोगुनी करने, महंगाई पर नियंत्रण और भ्रष्टाचार मुक्त शासन जैसे वादे आज भी अधूरे हैं। नायक ने कहा कि बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याएं, पेपर लीक, अग्निपथ योजना और नोटबंदी जैसे मुद्दों पर सरकार को जवाब देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपने कार्यकाल का लेखा-जोखा देने के बजाय इतिहास और राजनीतिक नैरेटिव बदलने में अधिक व्यस्त है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि देश में ऐसी राजनीति की जरूरत है जो रोजगार सृजन, किसानों की समृद्धि, युवाओं के भविष्य, महिलाओं और गरीबों के कल्याण पर केंद्रित हो तथा संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अंतिम फैसला जनता करती है और सरकारों का मूल्यांकन जनता अपने जीवन के अनुभवों के आधार पर करती है।

## छात्रवृत्ति भुगतान दिसंबर से पहले सुनिश्चित करें : चमरा लिंडा

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची**।अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को छात्रवृत्ति वितरण को पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए प्रभावी तंत्र विकसित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान हर हाल में दिसंबर से पहले सुनिश्चित किया जाए। बैठक में आदिवासी कल्याण आयुक्त ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ई-कल्याण पोर्टल 15 मई से ही खोल दिया गया है और आवेदन प्रक्रिया जारी है। साइकिल वितरण योजना की समीक्षा के दौरान मंत्री ने निर्देश दिया कि छात्र-छात्राओं के ड्रॉपआउट को कम करने के उद्देश्य से निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध कम से कम 50 प्रतिशत साइकिलों का वितरण अगले एक माह के भीतर किया जाए। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना को अधिक प्रभावी बनाने के लिए मंत्री ने इसकी नई रूपरेखा तैयार कर पुनः आवेदन आमंत्रित करने का निर्देश दिया, ताकि अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा सके। बैठक में विभाग के सचिव, विशेष सचिव, आदिवासी कल्याण आयुक्त, आदिवासी सहकारी विकास निगम के प्रबंध निदेशक, जेटीडीएस के राज्य परियोजना निदेशक, आईटीडीए रांची के परियोजना निदेशक समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## उपायुक्त ने की समाज कल्याण बाल संरक्षण योजनाओं की बैठक आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग**।समाहरणालय भवन में उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा एवं बाल संरक्षण विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि लाभुकों के चयन में अतिरिक्त सावधानी बरती जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे और किसी अपात्र का चयन न हो। आंगनबाड़ियों में बच्चों को पौष्टिक भोजन, प्रारंभिक शिक्षा और स्वच्छता की आदत सिखाने पर जोर दिया गया। बच्चों को साफ-सुथरे कपड़े, यूनिफॉर्म, जूते-मोजे उपलब्ध कराने तथा दुर्गम क्षेत्रों में हर माह अनिवार्य रूप से ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस आयोजित करने का निर्देश दिया गया। बाल अधिकारों का संरक्षणः 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को उनका अधिकार दिलाने और सामाजिक-आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों का स्कूलों में नामांकन कराने की हिदायत दी गई। अनाथ व बेसहारा बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ने और पॉक्सो पीड़ितों के पुनर्वास के लिए समुचित कार्रवाई का निर्देश मिला। समाहरणालय के पास बन रहे 'प्लेस ऑफ सेफ्टी' के निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरा करने को कहा गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त रिया सिंह, समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी सुनीता कुमारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## सदर प्रखंड में किसान गोष्ठी का आयोजन,मिलेट्स जैविक खेती पर दिया गया जोर

नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग**।आत्मा समिति सहाय अनुदान योजना के तहत आज सदर प्रखंड के बहेरी पंचायत भवन में "खरीफ मौसम के पूर्व विशेष अभियान" के अंतर्गत एक विशेष किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में मुख्य रूप से मिलेट्स (मोटे अनाज) की खेती, दलहन-तिलहन की उन्नत तकनीक, प्राकृतिक जैविक खेती, कीट प्रबंधन, कम अवधि वाले धान की खेती, खाद के संतुलित प्रयोग और 'मिट्टी बचाओ अभियान' पर विस्तृत चर्चा की गई। सदर प्रखंड के उप प्रमुख गोविंद सिंह ने किसानों को मिलेट्स की खेती अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इससे लागत कम आएगी और कम पानी में भी बेहतर उत्पादन से किसानों को अधिक लाभ होगा। बहेरी पंचायत के मुखिया पवन कुमार ने किसानों से अपील की कि वे स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा के लिए प्राकृतिक जैविक खेती को अपनाएं। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक बिलाश कुमार ने कम बारिश की स्थिति में दलहन, तिलहन, मक्का व मिलेट्स के प्रबंधन और कम अवधि वाले धान के प्रभेद चुनने की सलाह दी। प्रखंड कृषि पदाधिकारी टेकलाल प्रसाद ने मिट्टी जांच के फायदे बताते हुए अलनीनो के प्रभाव से फसलों को बचाने की तकनीक साझा की। इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक चंदन कुमार ने रासायनिक खादों के संतुलित उपयोग पर जोर देते हुए नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के फायदों से अवगत कराया। **उपस्थितिः** इस गोष्ठी में मुख्य रूप से उप प्रमुख गोविंद सिंह, मुखिया पवन कुमार, इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक चंदन कुमार, जिला प्रबंधक भानु प्रताप, बीएओ टेकलाल प्रसाद, बीटीएम बिलाश कुमार, एटीएम अर्चना लकड़ा, जनसेवक बिन्दु देवी, अरविंद कौशल, कृषक मित्र बिनोद कुमार सहित बड़ी संख्या में महिला व पुरुष किसान उपस्थित थे।

## रिम्स में मेडिकल सीटें बढ़ाने की तैयारी, छात्रों को मिलेगा बड़ा लाभ




नई सोच एक्सप्रेस

**रांची**।राज्य के सबसे बड़े सरकारी चिकित्सा संस्थान Rajendra Institute of Medical Sciences (RIMS) में मेडिकल शिक्षा के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। राज्य स्वास्थ्य विभाग ने संस्थान में एमबीबीएस, पीजी तथा सुपर-स्पेशलिटी सीटों की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है। प्रस्ताव के अनुसार एमबीबीएस सीटों की संख्या 180 से बढ़ाकर 250 करने की योजना है। वहीं पीजी सीटों को 176 से बढ़ाकर 275 तथा सुपर-स्पेशलिटी सीटों को 11 से बढ़ाकर 100 तक करने पर विचार किया जा रहा है। सीटों में वृद्धि के साथ-साथ संस्थान के पुराने भवनों के जीर्णोद्धार तथा अतिरिक्त आधारभूत संरचना के विकास की भी योजना बनाई जा रही है। इससे राज्य में मेडिकल शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और विशेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या में वृद्धि होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि प्रस्ताव लागू होने के बाद रिम्स पूर्वी भारत के प्रमुख चिकित्सा एवं शिक्षण केंद्रों में अपनी पहचान और मजबूत करेगा। इससे झारखंड के विद्यार्थियों को राज्य के भीतर ही बेहतर चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध होंगे।

हर खबर पर पैनी नजर
# नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

### प्रेमी ने शादी से किया इनकार, तो प्रेमिका ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**हंटरगंज(चतरा)।** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के जबड़ा पंचायत अंतर्गत गंगटा गांव में गुरुवार सुबह करीब 7:30 बजे एक युवती ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। ग्रामीणों ने घटना की सूचना हंटरगंज थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एएसआई राजेंद्र नाथ मुंडा दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। मृतिका की पहचान गंगटा निवासी 20 वर्षीय आसमा खातून के रूप में हुई है। पुलिस और परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार युवती ने प्रेम प्रसंग में आत्महत्या की है। जिस लड़के से युवती प्रेम करती थी उसके घर वाले शादी के लिए रजामंद नहीं थे।वहीं मामले में मृतका के पिता ने बताया कि जब मैं और मेरा बेटा घर से रफीगंज जा रहे थे, इसी दौरान शेरघाटी पहुंचते ही कॉल आया कि बेटी ने फांसी लगा ली है। जब हमलोग घर पहुंचे तो देखे की मेरी बेटी मृत अवस्था में चौकी पर पड़ी है। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मृतका के पिता मोहम्मद खालीक ने बताया कि पिछले 2 वर्षों से बेटी का मोहम्मद आजम नामक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेम प्रसंग की बेटी ने बहुत पहले उन्हें जानकारी दी थी। पिता ने बताया कि उस समय बेटी को डांट - फटकार समझा कर उससे मोबाइल भी छीन लिया था। लेकिन आरोपी प्रेमी ने फिर बेटी को मोबाइल खरीदकर दिया। जिससे दोनों में पुनः बातचीत होनी शुरू हो गई। जब बेटी अपने प्रेमी से शादी करने की बात कही तो उसने 5 जून को साफ इनकार कर दिया, जिसके बाद 6 जून को एक पंचायत बैठाया गया। जिसमें आरोपी युवक ने शादी करने से साफ इंकार कर दिया। पिता का आरोप है कि उनकी बेटी की समाज में हो रही बदनामी और मानसिक तनाव (डिप्रेशन) में आकर खौफनाक कदम उठा ली। कहीं न कहीं इस मौत की जिम्मेवार लड़के वाले हैं। मेरी बेटी को प्रेम प्रसंग में फंसाकर उसे आत्महत्या करने को विवश किया है। फिलहाल पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच में जुटी है।

### विश्व बाल श्रम दिवस पर जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन



**लावालौंग।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के माननीय सचिव महोदय के निर्देश पर विश्व बाल श्रम दिवस (12 जून) के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन प्र वि शिवराजपुर में किया गया। शिविर का उद्देश्य बाल श्रम की समस्या, उसके दुष्परिणामों तथा बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।पीएलवी ( अधिकार मित्र )काजल कुमारी,जनेश कुमार यादव, अभिषेक कुमार ठाकुर, रविकांत कुमार ने कार्यक्रम में बताया कि बाल श्रम बच्चों के शारीरिक, मानसिक और शैक्षिक विकास में बाधा उत्पन्न करता है। बच्चों को काम पर लगाने के बजाय उन्हें विद्यालय भेजना और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करना समाज की जिम्मेदारी है। शिविर में उपस्थित बच्चों को बाल श्रम निषेध कानूनों की जानकारी दी गई तथा बाल श्रम रोकने में उनकी भूमिका पर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे बाल श्रम का विरोध करेंगे और प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का अवसर दिलाने में सहयोग करेंगे।

### पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ उत्तराखण्ड से देवघर पहुंचे एन्वायरनमेंट बाबा



**देवघर।** "आवाहन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 अनंत श्री विभूषित अवधूत बाबा श्री अरूण गिरी जी महाराज" (एन्वायरमेंट बाबा) के सानिध्य में देवभूमि ऋषिकेश - उत्तराखंड से रवाना होकर "मां कामाख्या शक्ति पीठ - गुवाहाटी" (आसाम) की यात्रा के दौरान भगवान शिव के द्वादश"ज्योर्तिलिंग में से नवम ज्योतिर्लिंग के रूप में पूजे जाने वाले श्री बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर - झारखंड के दर्शन एवं पूजा अर्चना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ । इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के लिए आह्वान किया गया।इस दौरान साध्वी तुलसी माता, "न्यू आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ" के राष्ट्रीय अध्यक्ष - डी. एल. शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष - ललित गुप्ता, आचार्य विवेक भूषण ज्योतिषाचार्य, आचार्य कृष्णकांत शुक्ला ज्योतिषाचार्य, भारत सिंह नायक आदि ने पूजा अर्चना कर मनोकामना पूर्ण होने, प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रार्थना की।

### धनगड़ा सड़क दुर्घटना स्थल पर घंटों जमें रहे सिमरिया विधायक



**चतरा।** टंडवा प्रखंड के धनगडा में हुए सड़क दुर्घटना में पंहुचे विधायक कुमार उज्वल साथ ही प्रतिदिन सड़क दुर्घटना में कॉल वहां से हो रही मृत्यु पर सख्त दिखे विधायक घटना स्थल पर से ही सभी अधिकारियों से बात कर चट्टीबरियातु एवं पकरी बरवाडीह से आने वाले कोलवाहन की गाड़ियों का परिचालन अविलंब बंद करने को कहा अगर बंद नहीं किया गया तो सिमरिया विधानसभा के साथ-साथ टंडवा के संपूर्ण जनता की सुरक्षा हेतु उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। सिमरिया विधानसभा के विधायक कुमार उज्वल दास के प्रयास से मृतक के परिवार को 6 लाख रुपये की सहयोग राशि कम्पनियो के द्वारा एवं 4 लाख रुपए हिट ऑफ रन के तहत मुआवजा के साथ सड़क जाम हटा लेने पर सहमति बनी। इस घटना की जानकारी विधायक प्रतिनिधि गोविंद तिवारी जी मुखिया संघ केजिला अध्यक्ष अरविंद सिंह जी मिश्रोल मंडल उपाध्यक्ष शिव प्रसाद गुप्ता भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद सिंह जी ने दिया।

### पदोन्नति से बढ़ती है जिम्मेदारी जवाबदेही समादेष्टा अविनाश कुमार



**पदमा (हजारीबाग)।** स्थानीय जैप-7 केंद्र में एक गरिमामय 'पीपिंग सेरेमनी' अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर जैप-7 के समादेष्टा (कमांडेंट) सह आईपीएस अधिकारी अविनाश कुमार ने सुनील कुमार यादव को उनके कंधे पर बैच और स्टार लगाकर सम्मानित किया। सुनील कुमार यादव को 'आयुधिक अवर निरीक्षक' से 'आयुधिक निरीक्षक (सशस्त्र)' के पद पर प्रोन्नति मिली है। "पदोन्नति मिलने से किसी भी अधिकारी की जिम्मेदारी और जवाबदेही पहले की तुलना में अधिक बढ़ जाती है। अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कर्मियों के बीच कड़ा अनुशासन बनाए रखते हुए पूरी निष्ठा से कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। अधिकारी सुनील कुमार यादव को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस विशेष अलंकरण समारोह में जैप-7 के पुलिस उपाधीक्षक राजेंद्र कुमार दुबे, श्रीमती आमिटा लकड़ा सहित कई अधीनस्थ अधिकारी और कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# चतरा कोर्ट केस में ढिलाई पर डीसी नाराज, कहा- समय पर जवाब न देने वाले अफसरों पर होगी कार्रवाई

नई सोच एक्सप्रेस



» न्यायालयी मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, उपायुक्त रवि आनंद ने दिए त्वरित निष्पादन के निर्देश

**चतरा।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में सर्वोच्च न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय, लोकायुक्त एवं विभिन्न आयोगों में लंबित वादों की एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त रवि आनंद ने जिले के विभिन्न विभागों में लंबित मामलों की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की और संबंधित पदाधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश जारी किए। **लापरवाही पर भड़के उपायुक्त, कहा- शिथिलता कतई स्वीकार्य नहीं:** समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न न्यायालयों और आयोगों द्वारा जारी आदेशों के अनुपालन की प्रगति रिपोर्ट देखी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि न्यायिक प्रक्रिया और आयोगों से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर ढिलाई या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभाग कोर्ट केस को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखें। **सटीक रिकॉर्ड संधारण और प्रभावी पैरवी पर विशेष जोर:** उपायुक्त रवि आनंद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों में समयबद्ध और मजबूती के साथ प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाए। अदालतों या आयोगों द्वारा मांगी गई कोई भी सूचना, जवाब (शो-कॉज) या प्रतिवेदन निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हर हाल में उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए उन्होंने अद्यतन अभिलेख (अपडेटेड रिकॉर्ड्स) संधारण पर विशेष बल दिया ताकि सरकारी पक्ष को मजबूती से रखा जा सके। त्वरित निष्पादन के लिए बेहतर अंतर्विभागीय समन्वय की आवश्यकता लंबित वादों के त्वरित निष्पादन पर जोर देते हुए उपायुक्त ने कहा कि कई मामले विभागों के बीच आपसी तालमेल की कमी के कारण लटके रहते हैं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपस में बेहतर समन्वय और तालमेल स्थापित कर एक टीम के रूप में कार्य करने का निर्देश दिया। इस उच्चस्तरीय बैठक में मुख्य रूप से विधि शाखा प्रभारी विनय कुमार के अलावा जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के नोडल पदाधिकारी, संबंधित विभागों के कर्मी और विधि विशेषज्ञ उपस्थित थे।

## झारखंड प्रदेश और चतरा जिला के संयुक्त एक शिष्टमंडल ने हजारीबाग जिला प्रशासन को दिए आवेदन




नई सोच एक्सप्रेस

**चतरा।** आज दिनांक 12 जून 2026 को झारखंड प्रदेश और चतरा जिला के संयुक्त शिष्टमंडल ने हजारीबाग उतरी चोटानगपुर प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय,जिला अनुमंडल पदाधिकारी, तथा बड़ा बाजार थाना को लिखित आवेदन पत्र देकर आगामी 16 जून 2026 को होने वाले ऐतिहासिक प्रमंडलीय स्तर विशाल आन्दोलन कार्य क्रम हेतु सूचना दिए हैं। जिसमें सभी कार्यालय से शिष्टाचार मुलाकात हुई है शिष्टमंडल में झारखंड प्रदेश महामंत्री श्री तुलेश्वर पांडेय जी, प्रदेश संरक्षक श्री दामोदर मिश्र, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री सरोज पांडेय जी चतरा जिला अध्यक्ष श्री संजय पांडेय जी चतरा जिला सचिव श्री राजन पांडेय जी हजारीबाग जिला प्रभारी श्री बद्री पांडेय जी प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री अजीत पांडेय जी शामिल हुए।

# किसान गोष्ठी का किया गया आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**कान्हाचट्टी।** प्रखंड के बेंगोकला पंचायत, के ग्राम सहोर, में कृषक गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हजारीबाग के क्षेत्र प्रबंधक चंदन कुमार जी,AGT गौतम कुमार ,SFA संदीप कुमार सिंह एवं लगभग 65सक्रिय पुरुष और महिला कृषकों ने भाग लिया इस अवसर पर इफको हजारीबाग के प्रबंधक श्री चंदन कुमार ने किसानों को नैनो उर्वरकों जैसे नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं नैनो जिंक के महत्व एवं उपयोग की विधि के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने आगामी खरीफ फसलों विशेषकर मक्का एवं धान में नैनो उर्वरकों के उपयोग पर विशेष चर्चा की। मक्का बीज उपचार हेतु नैनो डीएपी तथा धान की जड़ उपचार विधि में नैनो डीएपी के प्रयोग की जानकारी दी गई। साथ ही सभी चौड़ी पत्ती वाली फसलों में बेहतर परिणाम हेतु नैनो यूरिया के छिड़काव की सलाह दी गई। कार्यक्रम में जैव उर्वरक एनपीके कंसोर्टियम, सागरिका लिक्विड एवं सागरिका बकेट के उपयोग पर भी चर्चा की गई। चंदन कुमार जी ने मकई के बीच में नैनो डीएपी का लाइव डेमो करके भी दिखाया किसानों को मिट्टी स्वास्थ्य सुधार हेतु नीम खली के प्रयोग एवं मिट्टी उपचार के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। AGT गौतम कुमार जी ने मिट्टी जांच के बारे में किस को विस्तार से बताया और मिट्टी जांच होने से क्या फायदा होता है उसके बारे में बताया SFA संदीप कुमार ने लिक्विड कंसोर्टियां के बारे में किसानों को विस्तार से बताया जिसमे बीज उपचार भूमि उपचार और जड़ शोधन के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक एवं संतुलित कृषि तकनीकों से जोड़ना तथा उर्वरकों के वैज्ञानिक उपयोग के प्रति जागरूक करना था।

## आईजी ने किया समीक्षा बैठक आयोजित,अपराध नियंत्रण जनता से बेहतर व्यवहार संबंध स्थापित करने के दिए निर्देश

नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय हजारीबाग में उत्तरी छोटा नागपुर प्रक्षेत्र बोकारो के पुलिस महानिरीक्षक की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में हजारीबाग जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों को कानून-व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने और लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के संबंध में कई आवश्यक निर्देश दिए गए। अवैध ड्रग्स की खरीद-बिक्री वाले हॉटस्पॉट और इसमें संलिप्त अपराधियों को चिन्हित कर विशेष अभियान चलाकर गिरफ्तारी करने का आदेश दिया गया। संगठित अपराध, अवैध खनन और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों के खिलाफ सीसीए थाना हाजिरी और गुंडा पंजी में नाम दर्ज करने का प्रस्ताव भेजने का निर्देश मिला। गुमशुदगी, एससी/एसटी एक्ट, हत्या और महिला अपराध जैसे गंभीर मामलों की समीक्षा कर उनका जल्द से जल्द निपटारा करने को कहा गया। थानों में आने वाले आम नागरिकों के साथ शालीन व्यवहार करने, उनकी समस्याओं को ध्यान से सुनने और नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने की हिदायत दी गई।आगामी मुहर्रम त्योहार को लेकर पुलिस को विशेष अलर्ट पर रहने तथा किसी भी छोटी-बड़ी सूचना से तुरंत वरीय अधिकारियों को अवगत कराने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और थाना प्रभारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## उपायुक्त के जनता दरबार में उमड़े ग्रामीण, समस्याओं के त्वरित निष्पादन का मिला निर्देश



नई सोच एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** समाहरणालय परिसर में उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों और सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों को उपायुक्त के समक्ष रखा। जनता दरबार में मुख्य रूप से पेंशन, पेयजल आपूर्ति, प्लॉट ऑनलाइन, एनटीपीसी मुआवजा, प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास योजना, रोजगार, भू-मापी और म्यूटेशन से जुड़े कई आवेदन प्राप्त हुए। एक सप्ताह में पेंशन भुगतान का आदेश स्वास्थ्य विभाग के सेवानिवृत्त कर्मी राम कृपाल ठाकुर के लंबे समय से लंबित पेंशन मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर सभी बाधाएं दूर कर पेंशन भुगतान सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान का माध्यम है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनहित को सर्वोपरि रखते हुए प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध कार्रवाई करें। जनता दरबार में आए अन्य सभी मामलों को भी संबंधित विभागों को सौंपते हुए निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया गया है।

# विश्व बाल श्रम दिवस पर जागरूकता अभियान आयोजित




नई सोच एक्सप्रेस

**गिद्धौर (चतरा)।** विश्व बाल श्रम दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चतरा के निर्देशन में उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय, गिद्धौर में बाल श्रम उन्मूलन एवं शिक्षा जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व थाना पीएलवी जितेंद्र दास एवं पंचायत प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद राणा ने किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को बाल श्रम के दुष्परिणाम, शिक्षा का महत्व, बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। जागरूकता अभियान में "बचपन बचाओ, बाल श्रम हटाओ" तथा "नन्हे हाथों में किताब हो, हर बच्चे का सुनहरा ख्वाब हो" जैसे नारों के माध्यम से बच्चों और अभिभावकों को जागरूक किया गया। पीएलवी जितेंद्र दास ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है और बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध है। उन्होंने लोगों से अपील की कि कहीं भी बाल श्रम की जानकारी मिलने पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना दें, ताकि संबंधित बच्चों को संरक्षण और शिक्षा का अधिकार मिल सके। मौके पर प्रधानाध्यापक अर्जुन टोप्पो, शिक्षक यशवंत कुमार राणा, नागेश्वर दांगी, विद्यालय के छात्र-छात्राएं, रसोइया एवं अन्य विद्यालय कर्मी उपस्थित थे।

## एकादशी पर बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार, भजनों से भक्तिमय हुआ वातावरण



नई सोच एक्सप्रेस

**देवघर।** स्थानीय कॉस्टर टाउन स्थित श्री श्याम कीर्तन मंडल के श्री श्याम मंदिर में एकादशी के पावन अवसर पर बाबा श्याम का भव्य एवं अलौकिक श्रृंगार किया गया। इस दौरान विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुए। कार्यक्रम में स्थानीय भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक श्याम भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे मंदिर परिसर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर भजनों का आनंद लेते रहे। आयोजन में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में बाबा श्याम की महाआरती की गई तथा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार एकादशी का दिन अत्यंत शुभ और फलदायी माना जाता है। इस दिन व्रत, जप, दान एवं पूजा-अर्चना करने से सुख-समृद्धि, शांति और मनोकामनाओं की पूर्ति का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

# पाकुड़ में झामुमो का एसआईआर प्रशिक्षण शिविर, मतदाता सूची सत्यापन पर जोर

नई सोच एक्सप्रेस



**पाकुड़।** जिले के रविंद्र भवन में शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम ने की। कार्यक्रम में झामुमो के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय, केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा, राजमहल सांसद विजय हांसदा तथा लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। नेताओं का स्वागत माला, बुके और शॉल देकर किया गया। अपने संबोधन में विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा में प्रत्येक कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर मतदाता सूची का सत्यापन करने, छूटे हुए मतदाताओं के नाम जोड़ने और हटाए गए नामों को पुनः शामिल कराने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा ने बीएलए-2 एवं कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची पुनरीक्षण, बूथ प्रबंधन, सदस्यता अभियान तथा चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। वहीं सांसद विजय हांसदा ने बूथ स्तर के पदाधिकारियों को संगठन की वास्तविक ताकत बताते हुए योग्य मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल कराने पर जोर दिया। विधायक हेमलाल मुर्मू ने विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ पर मतदाताओं की मैपिंग और सत्यापन कार्य में सहयोग करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों, विभिन्न मोर्चों के प्रतिनिधियों, बीएलए-2 तथा बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# टंडवा हुआ अतिक्रमण मुक्त, चौथे और अंतिम दिन सिंघाम सीओ का बुलडोजर अभियान सफल

नई सोच एक्सप्रेस



**चतरा।** जिले में सिंघम नाम से चर्चित सीओ गौरव राय के नेतृत्व में टंडवा में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान चौथे और अंतिम दिन सफलतापूर्वक संपन्न हो रहा है। इस अभियान के तहत टंडवा मुख्य बाजार, गुप्ता चौक से लेकर प्लस टू हाई स्कूल तक सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया, जिससे क्षेत्र की वर्षों पुरानी जाम की समस्या से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। बताया जाता है कि टंडवा कोयलांचल क्षेत्र के लगभग दो लाख ग्रामीणों की एक दशक पुरानी मांग सिंघम सीओ गौरव राय ने पूरा किया है। लगातार चार दिनों तक चले इस विशेष अभियान में सड़क किनारे बने अवैध ढांचे, दुकानों और ठेलों को हटाया गया। सिंघम सीओ गौरव राय ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने के बाद यदि कोई व्यक्ति पुनः सड़क पर दुकान, ठेला या अन्य अवैध निर्माण करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए टंडवा पुलिस को भी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि दोबारा अतिक्रमण करने वालों पर जुर्माना लगाने के साथ-साथ मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा। सिंघाम ने कहा कि अतिक्रमण मुक्त अभियान एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों में किसी प्रकार की पैरवी, अमीर-गरीब या किसी भी वर्ग के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाएगा। अवैध कार्यों में पैरवी करने वालों को भी चेतावनी दी गई है। उन्होंने बताया कि सड़क किनारे के अतिक्रमण हटाने के बाद अब घरों को तोड़ने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। इसके लिए संबंधित घर मालिकों को पहले नोटिस जारी किया जाएगा, जिसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, अभियान के कारण कुछ गरीब लोगों के रोजगार पर असर पड़ने की संभावना को देखते हुए प्रशासन वैकल्पिक स्थान की व्यवस्था पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि छोटे दुकानदार और ठेला संचालक निर्धारित स्थानों पर अपना व्यवसाय जारी रख सकें। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस कार्रवाई के बाद टंडवा बाजार में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और आम नागरिकों को जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी। एक दशक से पुरानी मांग सिंघम सीओ गौरव कुमार राय ने पूरी करने पर टंडवा कोयलांचल के ग्रामीणों ने सिंघम सीओ पर आभार प्रकट किया है।

# संक्षिप्त समाचार

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने दिखाई एआई होम इकोसिस्टम के भविष्य की झलक

**पटना**।एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपने 'एआई होम' विज़न की रूपरेखा पेश की है, जिसका उद्देश्य एआई-संचालित उपकरणों, थिनक्यू एआई ऑर्केस्ट्रेशन और स्मार्ट होम रोबोट्स के जरिए घरों को अधिक स्मार्ट, सुविधाजनक और कनेकेड बनाना है। कंपनी के अनुसार, 'अफेक्शनेट इंटेलिजेंस' से लैस नया थिनक्यू इकोसिस्टम उपयोगकर्ताओं की आदतों और जरूरतों को समझकर उन्हें बेहतर और व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करेगा। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड के होम अप्लायंस सॉल्यूशन के वाइस प्रेसिडेंट यॉन्ग मिन ह्वांग ने कहा कि भारत में उपलब्ध एआई वॉश 2.0 और थिनक्यू इनेबल्ड उत्पाद इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। भारत में बढ़ती आय, शहरीकरण और प्रीमियम उत्पादों की मांग के चलते उपभोक्ता अब एआई आधारित और कनेक्टेड समाधानों को प्राथमिकता दे रहे हैं। कंपनी का लक्ष्य ऐसे कनेक्टेड और बुद्धिमान समाधान उपलब्ध कराना है, जो उपभोक्ताओं को अधिक सुविधाजनक और बेहतर जीवन अनुभव प्रदान करें।

## मैट्रिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्राओं के लिए संचालित हाई स्कूल सहयोग कार्यक्रम को जिला प्रशासन के द्वारा मार्गदर्शन

**पटना**।पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित हाई स्कूल सहयोग कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की गई। बैठक के दौरान बताया गया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मैट्रिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्राओं को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना तथा उन्हें आगामी मैट्रिक परीक्षा के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को उनके ही विद्यालयों में विशेष शैक्षणिक सहयोग, नियमित मार्गदर्शन, परामर्श, प्रेरणात्मक गतिविधियाँ, मोबिलाइजेशन तथा सतत फॉलो-अप के माध्यम से सीखने के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ पुनः परीक्षा में सम्मिलित होकर सफलता प्राप्त कर सकें। वर्ष 2026 की मैट्रिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुई 7,303 बालिकाओं तक पहुँच सुनिश्चित करने तथा उन्हें पुनः परीक्षा के लिए तैयार करने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान कार्यक्रम की उपलब्धियों, कार्यप्रणाली एवं छात्राओं के शैक्षणिक परिणामों पर पड़े सकारात्मक प्रभावों की जानकारी भी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की उपयोगिता एवं प्रभावशीलता से अवगत होने के उपरांत जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे छात्राओं के शैक्षणिक भविष्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी पहलें न केवल छात्राओं को शिक्षा से जोड़े रखने में सहायक हैं, बल्कि उन्हें पुनः अवसर प्रदान कर उनके आत्मविश्वास और भविष्य की संभावनाओं को भी मजबूत करती हैं।

## पंचायती राज विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने ली बाल श्रम रोकने की शपथ

**पटना**। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर पंचायती राज विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने बाल श्रम की रोकथाम तथा बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए सामूहिक रूप से शपथ ली। इस अवसर पर विभागीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने संकल्प लिया कि वे बाल श्रम जैसी सामाजिक बुराई को रोकने के लिए अपने स्तर से जागरूकता बढ़ाने, जन-सहभागिता को प्रोत्साहित करने और बच्चों के सुरक्षित एवं सम्मानजनक भविष्य के निर्माण में योगदान देंगे।शपथ के दौरान यह संदेश दिया गया कि बाल श्रम बच्चों के बचपन, शिक्षा, स्वास्थ्य और समग्र विकास को प्रभावित करता है। प्रत्येक बच्चे को शिक्षा प्राप्त करने, सुरक्षित वातावरण में आगे बढ़ने और गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार है। समाज के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि बच्चों को श्रम से दूर रखते हुए उन्हें शिक्षा और विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए।पंचायती राज विभाग ने बाल श्रम उन्मूलन को सामाजिक जागरूकता और सामूहिक उत्तरदायित्व से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताया। विभागीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने कार्यक्षेत्र में बच्चों के अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता बनाए रखेंगे तथा बाल श्रम की रोकथाम से जुड़े संदेशों को समाज तक पहुंचाने में सकारात्मक भूमिका निभाएंगे।इस अवसर पर यह भी रेखांकित किया गया कि ग्राम पंचायतें स्थानीय स्तर पर जन-जागरूकता बढ़ाने की महत्वपूर्ण इकाई हैं। पंचायत स्तर पर सामुदायिक सहभागिता] अभिभावकों की जागरूकता और बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के प्रयासों के माध्यम से बाल श्रम की रोकथाम में प्रभावी योगदान दिया जा सकता है।विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण के लिए सजग] संवेदनशील और प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लिया। वहीं विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर आज पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार सरकार के कार्यालय में बाल श्रम के विरुद्ध एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, पत्रांक के आलोक में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभाग के कॉन्फ्रेंस रूम में आयोजित इस कार्यक्रम में, ठीक अपराह्न 12:00 बजे, विभाग के अपर सचिव अनिल कुमार ठाकुर के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने बाल श्रम के पूर्ण उन्मूलन की शपथ ली। उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से यह प्रतिज्ञा ली कि वे किसी भी रूप में बाल श्रम का समर्थन नहीं करेंगे और न ही उसे बढ़ावा देंगे। उन्होंने यह भी संकल्प लिया कि वे अपने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में यह सुनिश्चित करेंगे कि 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे से श्रम कार्य न कराया जाए। इसके साथ ही, समाज में बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता फैलाने और राज्य को बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए पूरी ईमानदारी, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने का भी संकल्प लिया गया।

## होंडा ने अपने 2026 प्रीमियम मोटरसाइकिल पोर्टफोलियो को और मजबूत किया



**पटना**।होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने 2026 सीबी750 होर्नेट इ-क्लच और एक्सएल750 ट्रांसलप इ-क्लच को लॉन्च किया। कंपनी ने अपने 755सीसी प्लेटफॉर्म पर होंडा की इ-क्लच तकनीक जोड़ते हुए भारत में अपने प्रीमियम मोटरसाइकिल पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। इसके साथ ही, गोल्ड विंग अब नए रंग विकल्प में उपलब्ध है, जबकि सीबीआर1000आरआर-आर फायरब्लेड एसपी होंडा की फ्लैगशिप सुपरस्पोर्ट मोटरसाइकिल के रूप में जारी रहेगी, जो स्ट्रीट नैकेड, एडवेंचर टूरिंग, लग्ज़री टूरिंग और हाई-परफॉर्मेंस सेगमेंट में बिगविंग लाइन-अप को और मजबूत बनाती है। इन सभी मोटरसाइकिलों की बुकिंग देशभर में होंडा टॉपलाइन और बिगविंग डीलरशिप्स पर शुरू हो गई है। कंपनी ने सीबी750 होर्नेट इ-क्लच की कीमत 10.49 लाख रुपये, एक्सएल750 ट्रांसलप इ-क्लच की 13.20 लाख रुपये, गोल्ड विंग की 44.30 लाख रुपये तथा सीबीआर1000आरआर-आर फायरब्लेड एसपी की 33.50 लाख रुपये (सभी कीमतें एक्स-शोरूम, गुरुग्राम) निर्धारित की हैं।इस घोषणा पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के अध्यक्ष एवं सीईओ त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, "इ-क्लच के लॉन्च के साथ, होंडा प्रीमियम मोटरसाइक्लिंग अनुभव को और बेहतर बना रहा है, जिससे आराम, उपयोग में सरलता और राइडिंग में आत्मविश्वास बढ़ता है।"

# बेगूसराय सड़क हादसे पर सीएम सम्राट ने जताया दुख, प्रशिक्षण लेकर लौट रहे 3 थानाध्यक्षों समेत 4 की मौत

नई सोच एक्सप्रेस


ज्ञानानंद अमरेन्द्र नीरज कुमार साजन कुमार

**पटना**।बेगूसराय में हुए भीषण सड़क हादसे में तीन थाना प्रभारी समेत एक वाहन चालक की दर्दनाक मौत हो गई। सीएम सम्राट चौधरी ने इस घटना पर शोक जताते हुए अपनी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर अपना शोक प्रकट करते हुए लिखा कि बेगूसराय में हुए भीषण सड़क हादसे में तीन थाना प्रभारियों एवं वाहन चालक के असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि यह अपूरणीय क्षति पूरे पुलिस परिवार के लिए गहरा आघात है। दिवंगत आत्माओं की चिर शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करता हूं तथा शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। इस दुःख की घड़ी में बिहार सरकार शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी है। बता दें की यह दर्दनाक घटना बीती रात साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र स्थित NH 31 के पास की है, जहां एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने पीछे से ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हुआ। इस घटना में 3 थाना प्रभारी समेत कार चालक की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही बेगूसराय एसपी मनीष कुमार एवं सदर डीएसपी आनंद पांडेय सहित भारी संख्या में पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए। मृतकों की पहचान साजन पासवान रतवारा थाना प्रभारी, नीरज कुमार बेलारी थाना प्रभारी, ज्ञानेंद्र अमरेंद्र आरर थाना प्रभारी एवं ज्योतिष कुमार प्राइवेट कार चालक के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि पटना से एकदिवसीय प्रशिक्षण लेकर एक ही गाड़ी पर सवार होकर मधेपुरा जिला लौट रहे थे। तभी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई और ट्रक से पीछे से टकरा गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि दो थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र अमर एवं नीरज कुमार और ड्राइवर नीरज कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि एक थाना प्रभारी साजन पासवान को स्थानीय लोगों ने घायल अवस्था में उसे जगह से उठाकर आनन फानन में सदर अस्पताल बेगूसराय लाया जहां इलाज के दौरान कुछ ही देर के बाद मौत हो गई। इस तीन पुलिस अधिकारियों समेत चार की मौत की खबर लगते ही पुलिस महकमे में खलबली मच गई। हालांकि इस घटना की सूचना मिलते ही बेगूसराय के एसपी मनीष कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गए। हादसे की खबर मिलने के बाद से मृतकों के परिजनों में हड़कंप मचा हुआ है, सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# युवा लोजपा आर के प्रदेश सचिव बने मनोज कुमार, जताया आभार



नई सोच एक्सप्रेस

**मोतिहारी**। युवा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा मनोज कुमार को प्रदेश सचिव का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। इस मनोनयन पर उन्होंने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी बताया है।मनोज कुमार ने लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री Chirag Paswan, युवा लोक जनशक्ति पार्टी बिहार के प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय, प्रदेश प्रधान महासचिव प्रकाश कुशवाहा, जमुई सांसद एवं बिहार प्रदेश प्रभारी अरुण भारती, बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, प्रदेश महासचिव पंकज कुमार पांडेय उर्फ "लोहा पांडेय" सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा उन पर जताया गया विश्वास उनके लिए प्रेरणास्रोत है। यह पद केवल सम्मान नहीं, बल्कि संगठन के प्रति उनकी जिम्मेदारियों को और अधिक बढ़ाने वाला दायित्व है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ पार्टी संगठन को मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। मनोज कुमार ने कहा कि कार्यकर्ताओं का प्रेम, सहयोग और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से आगे भी मार्गदर्शन एवं सहयोग बनाए रखने की अपील

# बाल श्रम उन्मूलन की ली शपथ, एसडीपीओ की मौजूदगी में बच्चों के अधिकारों की रक्षा का लिया प्रण

नई सोच एक्सप्रेस



**हरनौत**।तेलमर थाना परिसर में शुक्रवार को बाल श्रम उन्मूलन और बच्चों के अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से एक विशेष शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। यह समारोह पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आयोजित हुआ, जिसमें सदर एसडीपीओ-2 संजय कुमार जायसवाल सहित थाने के पुलिस अधिकारियों और जवानों ने भाग लिया। इस दौरान सभी ने समाज को बाल श्रम से मुक्त बनाने और बच्चों के अधिकारों की रक्षा का प्रण लिया। उन्होंने 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे से श्रम कार्य न कराने और न ही इसका समर्थन करने का संकल्प लिया।इसके अतिरिक्त, पुलिसकर्मियों ने समाज में बाल श्रम के विरुद्ध निरंतर जागरूकता फैलाने और देश को पूर्णतः बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए ईमानदारी व संवेदनशीलता से कार्य करने का भी संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में लोगों से अपील की गई कि यदि कहीं बाल श्रम की जानकारी मिले तो इसकी सूचना संबंधित विभाग या पुलिस प्रशासन को दें, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाल श्रम के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना और बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश देना था। तेलमर के अलावा हरनौत, कल्याण बिगहा, चेरो, गोखुलपुर सहित अन्य थानों में भी थाना प्रभारियों ने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को बाल श्रम उन्मूलन की शपथ दिलाई।

# जनता दरबार में डीएम ने सुनी 72 लोगों की फरियाद, त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा**।सारण जिले में आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने 72 लोगों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में आमजन सीधे अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं। दिघवारा के एक आवेदक ने शिकायत की कि उनके घर के दो कमरों में स्थानीय लोगों द्वारा अवैध रूप से ताला लगा दिया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मशरक के एक आवेदक ने अगलगी की घटना के बाद भी आपदा अनुग्रह अनुदान की राशि नहीं मिलने की शिकायत की। जिलाधिकारी ने सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी को जांच कर अविलंब मुआवजा भुगतान सुनिश्चित कराने तथा भुगतान में देरी को लेकर संबंधित अंचलाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। सदर प्रखंड के करिंगा निवासी एक आवेदक ने खरीदी गई एवं म्यूटेशनयुक्त जमीन पर चहारदीवारी निर्माण में बाधा उत्पन्न किए जाने की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को सुनवाई कर मामले का समाधान करने का निर्देश दिया। अमनौर के एक आवेदक ने वार्ड में नल-जल योजना बाधित होने की जानकारी दी, जिस पर कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को तत्काल कार्रवाई करने को कहा गया। वहीं मशरक के एक अन्य आवेदक ने घर के समीप से गुजर रहे बिजली तार से खतरे की आशंका जताई, जिस पर कार्यपालक अभियंता विद्युत को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

# खबर का ड्राफ्ट:सुगौली में सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने वरिष्ठ बुद्धिजीवियों से की मुलाकात, संपर्क अभियान में सैकड़ों कार्यकर्ता हुए शामिल

नई सोच एक्सप्रेस



**मोतिहारी**।सुगौली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सुगौली नगर में सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने सम्मानित वरिष्ठ बुद्धिजीवियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के आवास पर पहुंचकर उनसे सप्रेम भेंट की, कुशलक्षेम जाना तथा आत्मीय संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने डॉ. कौशल्या केशरी, वरिष्ठ बुद्धिजीवी सुरेश मोदी एवं डॉ. सुधीर श्रीवास्तव को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके बाद भारगांवा पंचायत में बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर के आवास पर संपर्क अभियान चलाया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को सम्मानित किया जा रहा है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों से जनता को अवगत कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा किए गए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही क्षेत्रीय समस्याओं, विकास संबंधी सुझावों एवं जनहित के मुद्दों पर भी सार्थक चर्चा की जा रही है। सांसद ने कहा कि जनसंपर्क, संवाद और सेवा ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है।मौके पर स्थानीय विधायक बबलू गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय, सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सर्राफ, उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि विकास शर्मा, अंकुर कुमार चौधरी, जितेंद्र सिंह, अशोक सोनी, नारायण प्रसाद, प्रियांशु सर्राफ, चंदन गुप्ता, रवि पासवान, सुबोध चौधरी, संजय पांडेय, सुजीत सहनी, राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, जसवंत श्रीवास्तव, शंभू गुप्ता, राणा जी अरविंद, पूर्व प्रमुख ओमप्रकाश गुप्ता, अरुण गुप्ता, बेचु साह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आइकॉनिक व्हाइट की जीत का सिलसिला जारी, दुनिया का सबसे तेज़ी से बढ़ता मिलियनेयर व्हिस्की ब्रांड बना

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना**।भारत की अग्रणी स्पिरिट्स कंपनियों में से एक एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी) को एक बार फिर वैश्विक स्तर पर सम्मान प्राप्त हुआ है। कंपनी के आइकॉनिक व्हाइट व्हिस्की को ड्रिंक्स इंटरनेशनल की मिलियनेयर्स क्लब 2026 रिपोर्ट में लगातार तीसरे वर्ष दुनिया का सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला 'मिलियनेयर' व्हिस्की ब्रांड घोषित किया गया है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए ABD के प्रबंध निदेशक अमर सिन्हा ने कहा, "लगातार तीसरे वर्ष दुनिया के सबसे तेज़ी से बढ़ते 'मिलियनेयर' व्हिस्की ब्रांड के रूप में मान्यता मिलना मिलियनेयर्स क्लब के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह कम समय में उपभोक्ताओं के बीच बने मजबूत विश्वास और पसंद को दर्शाता है। मिलियनेयर्स क्लब में ऑफिसर्स चॉइस और स्टर्लिंग रिज़र्व की निरंतर उपस्थिति भी हमारे पोर्टफोलियो की व्यापकता और मजबूती को रेखांकित करती है। ये सम्मान बदलती उपभोक्ता प्राथमिकताओं की हमारी समझ, ब्रांडों में निरंतर निवेश और विभिन्न बाजारों में अनुशासित क्रियान्वयन का परिणाम हैं। अपने पोर्टफोलियो को और मजबूत बनाते हुए हम ऐसे ब्रांड विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो दीर्घकालिक मूल्य सृजित करें और उपभोक्ताओं के लिए प्रासंगिक बने रहें।"

# किऊल-गया रेलखंड के नवादा-तिलैया के मध्य रिकॉर्ड 8 घंटे के मेगा ब्लॉक में बनाया गया अंडरपास (लिमिटेड हाइट सबवे)

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।दानापुर मंडल ट्रेनों के परिचालन के साथ-साथ सदैव अपने यात्रियों की हर सुविधा का विशेष ध्यान रखता है। इसके साथ ही यात्रियों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी हर संभव प्रयास करता रहता है। इसी क्रम में नवादा-तिलैया रेलखंड के किलोमीटर संख्या 78/6-8 पर अनाधिकृत ट्रेंसपासिंग को रोकने एवं रेलवे लाइन क्रॉस करने के लिए एक उचित मार्ग प्रदान करने के उद्देश्य से दिनांक 09.06.2026 को रिकॉर्ड 8 घंटे का मेगा ब्लॉक लेकर लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण किया गया। इसके निर्माण में उच्च शक्ति वाले हाइड्रोलिक जैक एवं 200 टन क्षमता वाले क्रेन की मदद ली गई। रनिंग लाइन में प्री कास्ट बॉक्स लगाकर बनाए गए एलएचएस से अब स्थानीय लोगों के लिए रेलवे लाइन क्रॉस करने का एक सुरक्षित रास्ता प्रदान किया गया है, जो रेलवे की सुरक्षा के साथ ट्रेन परिचालन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। **LHS (Limited Height Subway) के प्रमुख फायदे हैं: सुरक्षा में वृद्धि** – सड़क और रेल यातायात के बीच समन्वय स्थापित करके एक सुरक्षित विकल्प प्रदान करता है जो दोनों मार्गों के लिए निर्बाध रूप से आवागमन की सुविधा प्रदान करता है। **दुर्घटनाओं में कमी** – संभावित दुर्घटनाओं को होने से रोकता है। **स्थानीय लोगों को लाभ** – आसपास के क्षेत्रों में आवागमन अधिक आसान और सुरक्षित हो जाता है। इसके साथ ही 09.06.2026 को ही किऊल-गया रेल खंड के करौटा पटनेर-सिरारी रेल खंड के बीच रेल पुल संख्या 31 पर सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से पुराने स्लैब को चार घंटे के रिकॉर्ड ब्लॉक में बदल दिया गया, जिससे इस पुल की मजबूती में वृद्धि हुई है। स्लैब बदले जाने के पूर्व में इस पुल पर ट्रेनों की निर्धारित गति 60 किलोमीटर प्रति घंटे थी,जो कि अब सामान्य गति हो गई। वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ ने कहा कि दानापुर मंडल ट्रेनों का परिचालन में सेफ्टी फर्स्ट के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए करता है जिसका उद्देश्य ट्रेन परिचालन के साथ-साथ बहुमूल्य जीवन की सुरक्षा भी है."-

# जट डुमरी में लाखों की चोरी, नकदी व शादी के गहने लेकर फरार हुए चोर

नई सोच एक्सप्रेस



**पुनपुन**।पुनपुन प्रखंड के जट डुमरी गांव में चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये नकद, सोने-चांदी के गहने तथा अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित रौशन कुमार, पिता बिनय प्रसाद केसरी, मूल रूप से आदर्श कॉलोनी पश्चिम, पटेल नगर, थाना शास्त्री नगर, पटना के निवासी हैं। उन्होंने कुछ समय पूर्व जट डुमरी गांव में नया घर बनाकर रहना शुरू किया था। हाल ही में उनके बेटे की शादी हुई थी। शादी के बाद वे अपने जनरल स्टोर के कामकाज के सिलसिले में पटना चले गए थे।इसी दौरान जट डुमरी में रहने वाले उनके एक रिश्तेदार ने फोन कर बताया कि उनके घर का दरवाजा खुला हुआ है। सूचना मिलते ही रौशन कुमार अपने घर पहुंचे। घर के अंदर प्रवेश करने पर उन्होंने देखा कि गोदरेज और बक्सों के ताले टूटे हुए हैं तथा सामान बिखरा पड़ा है।रौशन कुमार ने बताया कि गोदरेज में रखे लगभग 3.5 लाख रुपये नकद, शादी में मिले सोने-चांदी के गहने, जिनमें झुमका, नथिया, बेसर, पायल, चेन, मंगलसूत्र, अंगूठी सहित अन्य आभूषण शामिल थे, गायब थे। इसके अलावा शादी में मिले पीतल के बर्तन भी चोरी हो गए हैं।घटना की सूचना तत्काल पुनपुन थाना को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में चोरी की घटना की पुष्टि हुई है। बताया जा रहा है कि यह वारदात गुरुवार की रात को अंजाम दी गई।पीड़ित रौशन कुमार ने पुनपुन थाना में लिखित आवेदन देकर मामले की कानूनी कार्रवाई करने तथा चोरी गए सामान की बरामदगी और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है।इस संबंध में पुनपुन थाना अध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।

# डा अशोक कुमार 'ज्योति' केंद्र में बने हिन्दी सलाहकार समिति के सदस्य

नई सोच एक्सप्रेस



» साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष ने अपने सदस्य की इस उपलब्धि पर दी बधाई और शुभकामनाएँ

**पटना**।बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन की स्थायी समिति के सदस्य डा अशोक कुमार ज्योति को भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय की हिन्दी-सलाहकार-समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। दरभंगा ज़िले के ढाँगा ग्राम निवासी डा ज्योति संप्रति काशी हिंदू विश्वविद्यालय, बनारस में हिन्दी विभाग में प्राध्यापक हैं। ३८ सदस्यीय इस समिति के अध्यक्ष जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल तथा उपाध्यक्ष राज्यमंत्री वी सोमन्ना तथा राजभूषण चौधरी हैं। शेष सदस्यों में लोकसभा एवं राज्य सभा के दो-दो सदस्य एवं वरिष्ठ अधिकारीगण सम्मिलित हैं। डा ज्योति विगत तीन दशकों से हिन्दी भाषा और साहित्य की सेवा में संलग्न हैं। उनकी लिखित, संपादित और अनूदित २२ पुस्तकें हिन्दी को समृद्ध कर रही हैं। फ़िजी में आहूत हुए १२ वें विश्व हिन्दी सम्मेलन सहित मौरिशस, मलेशिया, सिंगापुर और नेपाल में सरकारी प्रतिनिधि मण्डल के रूप में यात्राएँ कर आपने हिन्दी के विश्विक-प्रचार में भी योगदान किया है। बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन से छात्र-जीवन से ही जुड़े हुए थे तथा एक समर्पित कार्यकर्ता की तरह सम्मेलन की सेवा की। वे लम्बे समय से सुलभ साहित्य अकादमी, दिल्ली से भी उसके उपाध्यक्ष के रूप में जुड़े हुए थे। बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएँ दी है। बधाई देने वालों में बिहार लोक सेवा आयोग के सदस्य प्रो अरुण कुमार भगत, डा शंकर प्रसाद, प्रो राजेंद्र गुप्ता, प्रो अनीता, पूर्व विधायक डा इज़हार अहमद, प्रो रचना सुचिन्मयी, प्रो शिव कुमार यादव, डा शिप्रा शर्मा, डा प्रिया, डा अरुण कुमार, कुमार अनुपम, डा पूनम आनन्द, डा पुष्पा जमुआर, विभारानी श्रीवास्तव, कृष्ण रंजन सिंह, ईं बाँके बिहारी साव, प्रवीर कुमार पंकज, इंदुभूषण सहाय आदि के नाम सम्मिलित हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### क्रिकेटर सूर्यकुमार संग फॉरएवरमार्क की खास साझेदारी, लॉन्च हुआ लिमिटेड एडिशन फॉरएवरमार्क एक्स स्काई डायमंड पेंडेंट



**पटना।**डी बीयर्स ग्रुप के फॉरएवरमार्क डायमंड ज्वेलरी ब्रांड ने भारतीय क्रिकेट स्टार सूर्यकुमार यादव के साथ मिलकर स्काई एक्स फॉरएवरमार्क लिमिटेड एडिशन पेंडेंट' लॉन्च किया है। क्रिकेट से प्रेरित इस पेंडेंट में बैट और बॉल का एक विशेष मोटिफ दिया गया है, जिसे 14-कैरेट गोल्ड में तैयार किया गया है और इसके एक्स केंद्र में एक चमचमाता फॉरएवरमार्क डायमंड जड़ा गया है। इस मौके पर फॉरएवरमार्क, डी बीयर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, मल्लिकार्जुन रेड्डी याराबोलू ने कहा, फॉरएवरमार्क डायमंड ज्वेलरी में हम हमेशा ऐसे सार्थक तरीकों की तलाश में रहते हैं, जो व्यक्तिगत पहचान, उत्कृष्टता और वास्तविक उपलब्धियों का उत्सव मना सकें। स्काई एक्स फॉरएवरमार्क लिमिटेड एडिशन पेंडेंट' इन्हीं मूल्यों का प्रतीक है, जो फॉरएवरमार्क डायमंड की स्थायी सुंदरता को क्रिकेट के जुनून और सटीकता के साथ जोड़ता है। स्काई एक्स फॉरएवरमार्क लिमिटेड एडिशन पेंडेंट' चुनिंदा फॉरएवरमार्क डायमंड ज्वेलरी बुटीक और ब्रांड के आधिकारिक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

### मुखिया मनजीत सिंह की पहल पर 4 दिन में दूर हुई भुईयाडीह की पेयजल समस्या, डीसी ने कराई बोरिंग



**मयूरहंड।** प्रखंड की मंझगावां पंचायत अंतर्गत भुईयाडीह गांव में कई महीनों से पेयजल की समस्या थी। पंचायत के मुखिया मनजीत सिंह ने मामले को लेकर उपायुक्त रवि आनंद से गुहार लगाई थी। उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। मात्र चार दिनों के भीतर गांव में बोरिंग का कार्य पूरा कराया गया। इससे भुईयाडीह के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। ग्रामवासियों ने उपायुक्त रवि आनंद और मुखिया मनजीत सिंह का आभार जताया है। मयूरहंड प्रखंड की ग्राम पंचायत मंझगावां के भुईयाडीह गांव में विगत कई महीनों से पेयजल की गंभीर समस्या व्याप्त थी। ग्रामवासियों की परेशानी को देखते हुए मुखिया द्वाराअनुरोध किया गया था। और इस मामले को गंभीरता से लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र चार दिनों के भीतर बोरिंग कार्य संपन्न कराया। आपकी इस सराहनीय पहल से समस्त ग्रामवासियों को राहत मिली है।

### वनाधिकार से जुड़े मामलों के समाधान को लेकर उपायुक्त गंभीर, आवश्यक कार्रवाई का दिया निर्देश



**लातेहार ।** झारखंड जनाधिकार महासभा के (लातेहार इकाई) द्वारा जेम्स हेरेंज, जॉर्च मोनोपली, नंद किशोर गंझू, जितेंद्र सिंह के द्वारा वनाधिकार कानून (FRA-2006) से संबंधित विभिन्न मुद्दों को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य परंपरागत वन निवासियों के लंबित दावों, अभिलेखों में अधिकारों की प्रविष्टि तथा पात्र लाभुकों को अधिकारों से वंचित किये जाने जैसे मामलों को उठाया गया। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद में उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुये संबंधित बिंदुओं की जांच कराने तथा वनाधिकार कानून के प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है।

### युवक-युवती का पीछा कर संबंध बनाने का दबाव बनाने के दो आरोपी गिरफ्तार



**भुरकुंडा (रामगढ़) ।** बासल थाना पुलिस ने युवक-युवती का पीछा कर उन्हें डराने-धमकाने, युवती से अवैध संबंध बनाने का दबाव डालने तथा मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में बासल थाना कांड संख्या 07/2026, 11 जून 2026 के तहत बीएनएस की धारा 305(बी) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार 10 जून की रात करीब 8:15 बजे एक युवक अपनी गर्लफ्रेंड को मोटरसाइकिल से लेकर भुरकुंडा से पतरातू की ओर जा रहा था। इसी दौरान भुरकुंडा निवासी मनोज कुमार (38) और भदानीनगर के कुरसे बस्ती निवासी कृष्णा कुमार तुरी (30) ने उन्हें देखा और अपनी पल्सर मोटरसाइकिल (जेएच 24 जी 8421) से पीछा करना शुरू कर दिया। बताया गया कि जब युवक-युवती लबगा चैक से मुरकट्टी डैम की ओर मुड़े तो दोनों आरोपी भी उनके पीछे-पीछे पहुंच गए। रात करीब 8:30 बजे जीरो प्वाइंट मुरकट्टी के पास आरोपियों ने युवक की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल की चाबी निकाल ली और पुलिस बुलाने की धमकी देकर दोनों को डराने-धमकाने लगे। आरोप है कि दोनों ने युवक और युवती पर अवैध संबंध बनाने का दबाव बनाया। विरोध करने पर दोनों को अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाने का प्रयास किया गया। स्थिति बिगड़ती देख युवक अपनी गर्लफ्रेंड को लेकर खेतों की ओर भाग निकला। अंधेरे के कारण दोनों आरोपी उन्हें पकड़ नहीं सके। इसके बाद आरोपियों ने युवक की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (बीआइ 25 एफ 8899) को अपने कब्जे में लेकर बासल थाना क्षेत्र स्थित जिंदल पार्किंग के समीप जंगल में छिपा दिया और वहां से फरार हो गए। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों की पहचान की। तत्पश्चात मनोज कुमार एवं कृष्णा कुमार तुरी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की गई स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल, घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल, एक हेलमेट तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। मामले की आगे की जांच जारी है।

# भाजपा द्वारा आयोजित 12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के मीडिया संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

नई सोच एक्सप्रेस

» विकसित भारत-2047 के संकल्प में बिहार निभाएगा अग्रणी भूमिका : सम्राट चौधरी
» एनडीए सरकार के एक वर्ष में 5 लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य
» महिलाओं, गरीबों और वंचितों के सशक्तिकरण को मिली नई दिशा

**पटना।**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित 12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के मीडिया संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों, विकास कार्यों और भविष्य की योजनाओं का विस्तृत खाका पत्रकारों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पत्रकारों के विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देते हुए सरकार की नीतियों और उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी प्रश्नों का बेबाकी से जवाब दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत-2047 का जो सपना देखा है, उसमें बिहार की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि देश और बिहार दोनों समृद्धि एवं विकास के नए दौर में प्रवेश कर चुके हैं और केंद्र तथा राज्य सरकार मिलकर इस दिशा में तेजी से कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने संकल्पों को पूरा करने वाली पार्टी रही है। उन्होंने धारा 370 और 35-ए की समाप्ति तथा अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण को भाजपा की वैचारिक प्रतिबद्धता और प्रधानमंत्री मोदी के मजबूत नेतृत्व का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो वादा किया, उसे पूरा कर दिखाया। मुख्यमंत्री ने बिहार में औद्योगिक विकास की चर्चा करते हुए कहा कि राज्य अब निवेशकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। सीमेंट, बेवरेज और डेटा सेंटर जैसी परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने घोषणा की कि एनडीए सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने तक लगभग 5 लाख करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारने का लक्ष्य रखा गया है। उद्योगों के लिए स्वीकृति प्रक्रिया को आसान बनाते हुए 30 दिनों की समय सीमा निर्धारित की गई है, जिसके बाद आवश्यक अनुमतियां स्वतः प्रदान हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद बिहार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। वर्ष 2004-14 की तुलना में पिछले 12 वर्षों में बिहार को केंद्र सरकार से टैक्स और केंद्रीय सहायता के रूप में चार गुना से अधिक राशि प्राप्त हुई है। राज्य का बजट बढ़कर 3.47 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्यों के लिए लिया गया ऋण पूरी तरह योजनाबद्ध है और उसका नियमित भुगतान भी किया जा रहा है। ?बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में सड़क, बिजली, रेल और हवाई संपर्क का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। दरभंगा और पूर्णिया एयरपोर्ट के बाद कई नए एयरपोर्ट, एयरस्ट्रिप और हेलीपैड परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। राजगीर, गया और मुजफ्फरपुर को जोड़ने वाली रैपिड रेल परियोजना पर भी गंभीरता से काम किया जा रहा है।ऊर्जा क्षेत्र में राज्य की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार देश में सबसे अधिक बिजली सब्सिडी देने वाले राज्यों में शामिल है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत अगले दो वर्षों में 50 लाख घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं सोलर पंप स्टोरेज परियोजनाओं में 13 हजार करोड़ रुपये का निवेश शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सड़कों के मामले में बिहार अन्य सभी राज्यों से आगे है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महिलाओं, गरीबों, किसानों और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है। लखपति दीदी योजना, जनधन योजना, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), उज्ज्वला, आवास, नल-जल और शौचालय जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने बताया कि देश में एक करोड़ से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं, जिनमें लगभग 30 लाख महिलाएं बिहार की हैं। जीविका समूहों के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक भागीदारी भी लगातार बढ़ रही है। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार आज नक्सलवाद से लगभग मुक्त हो चुका है और विकास की मुख्यधारा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। स्वास्थ्य क्षेत्र में दरभंगा एम्स, शिक्षा के क्षेत्र में कर्पूरी ठाकुर स्किल यूनिवर्सिटी तथा औद्योगिक क्षेत्र में डिफेंस कॉरिडोर जैसी परियोजनाएं बिहार के भविष्य को नई दिशा देंगी। उन्होंने भ्रष्टाचार को लेकर साफ कहा कि भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होने सरकार द्वारा चलाये जा रहे सहयोग कार्यक्रम की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों का कार्यकाल विश्वास, विकास, सुशासन और जनकल्याण का कालखंड रहा है। आज भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और वैश्विक मंच पर मजबूती से अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा विकसित भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएगा।अंत में मुख्यमंत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार के विकास और जनकल्याण की यात्रा में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा सरकार जनता के विश्वास को और मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। ?इस मीडिया संवाद में कई मीडिया संस्थानों के प्रमुख,संपादक, राजधानी के वरिष्ठ पत्रकार भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने किया जबकि विधान पार्षद और केंद्रीय सह मीडिया प्रभारी संजय मयूख उपस्थित रहे।

## मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने प्रकृति की बेहतरीन कृतियों से प्रेरित प्राकृतिक हीरों का नया कलेक्शन 'नुवा' किया लॉन्च

नई सोच एक्सप्रेस

**भागलपुर।**मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने प्राकृतिक हीरों से सजे अपने नए एक्सक्लूसिव ज्वेलरी कलेक्शन 'नुवा' का लॉन्च किया | प्रकृति में निहित अद्भुत पैटर्न्स, विशिष्ट टेक्सचर्स और सूक्ष्म बारीकियों से प्रेरित यह कलेक्शन आधुनिक लग्जरी को एक नए दृष्टिकोण से परिभाषित करता है। 'नुवा' प्रकृति की उन अनमोल कलाकृतियों का उत्सव है, जो अपनी खूबसूरती के बावजूद अक्सर हमारी नजरों से अनदेखी रह जाती हैं। इस कलेक्शन की प्रत्येक डिजाइन में प्रकृति की सहज कलात्मकता और उत्कृष्ट शिल्पकला का अनूठा संगम देखने को मिलता है। इसकी प्रेरणा आकर्षक स्ट्राइप्स, हनीकॉम्ब पैटर्न्स, प्रवाहमयी आकृतियों तथा धरती द्वारा रचे गए ऑर्गेनिक फॉर्मेशन्स और प्राकृतिक बनावटों से ली गई है। प्राकृतिक सौंदर्य और



समकालीन डिज़ाइन का यह शानदार मेल 'नुवा' को एक विशिष्ट पहचान प्रदान करता है, जो आधुनिक महिलाओं के लिए परिष्कृत लग्जरी और कालातीत आकर्षण का प्रतीक है। 18 कैरेट और 14 कैरेट सोने में तैयार किए गए इस कलेक्शन में ग्लोबल सोफिस्टिकेशन की झलक दिखाई देती है। नुवा कलेक्शन में प्राकृतिक हीरों को रंगीन रत्नों, सिरेमिक कलर इनैमलिंग और मल्टी-टोन रोडियम फिनिश के साथ और अधिक आकर्षक बनाया गया है। मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स का नवीनतम नुवा कलेक्शन प्राकृतिक हीरों के माध्यम से आधुनिक लक्ज़री का उत्सव मनाता है और प्रकृति की श्रेष्ठ कृतियों तथा वैश्विक डिज़ाइन प्रभावों से प्रेरणा ग्रहण करता है। इस कलेक्शन के प्रचार अभियान में प्रसिद्ध अभिनेत्री करीना कपूर खान को एक बार फिर नुवा का चेहरा बनाया गया है। अपनी सहज शालीनता, आत्मविश्वास और कालातीत आकर्षण के लिए जानी जाने वाली करीना कपूर खान इस कलेक्शन की व्यक्तिगत अभिव्यक्ति, आधुनिक नारीत्व और सदाबहार परिष्कार की भावना का सटीक प्रतिनिधित्व करती हैं। लॉन्च के अवसर पर मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, "इस कलेक्शन के केंद्र में पैटर्न की सुंदरता के प्रति सम्मान है—वे जटिल बनावटें, संरचनाएँ और विवरण जो चुपचाप हमारे आसपास की दुनिया को आकार देते हैं। नुवा के माध्यम से हमारा उद्देश्य इस प्राकृतिक सौंदर्य को एक समकालीन डायमंड कलेक्शन में बदलना था, जो परिष्कृत, बहुउपयोगी और आज की महिला के लिए प्रासंगिक हो। यह कलेक्शन उन महिलाओं के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया है जो सादगीपूर्ण विलासिता और अर्थपूर्ण डिज़ाइन को महत्व देती हैं। प्रकृति में मौजूद सामंजस्य से प्रेरित नुवा, नाजुक बारीकियों और प्रभावशाली दृश्य पहचान का अनूठा मेल प्रस्तुत करता है, जो आधुनिक डायमंड ज्वेलरी की विशिष्ट अभिव्यक्ति बनकर उभरता है। नुवा के साथ मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स अपने प्राकृतिक हीरा पोर्टफोलियो को और मजबूत कर रहा है। यह संग्रह उत्कृष्ट कारीगरी, डिज़ाइन नवाचार और समकालीन विलासिता का संगम है, जो कालातीत प्रेरणाओं से जुड़ा हुआ है।

## गोदरेज एंटरप्राइजेज ने चेन्नई संयंत्र के 25 वर्ष पूरे किए

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के स्टोरेज सॉल्यूशंस बिजनेस ने अपनी चेन्नई मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी (उत्पादन इकाई) के 25 साल पूरे होने का जश्न मनाया। यह इकाई भारत के औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और इसकी लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को मजबूत करने में एक अहम स्तंभ रही है। इंट्रा-लॉजिस्टिक्स (आंतरिक लॉजिस्टिक्स) में 70 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ, कंपनी ने इनोवेशन, ऑटोमेशन और अगली पीढ़ी के वेयरहाउसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को गति देने के लिए अपनी चेन्नई और बेंगलुरु इकाइयों में लगातार निवेश करने की घोषणा की है। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के स्टोरेज सॉल्यूशंस के बिजनेस हेड, श्री विकास चौधाहा ने कहाः "हमारी चेन्नई मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी के 25 साल पूरे होना यह दिखाता है कि कैसे हमने भारत के तेजी से बदलते लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग इकोसिस्टम को संभालने के लिए अपनी क्षमताओं को लगातार बढ़ाया है। आज, यह सेक्टर एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जहाँ ई-कॉमर्स, मैन्युफैक्चरिंग और थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक्स के कारण लगातार ग्रोथ हो रही है। सालाना मांग 3.9 करोड़ वर्ग फुट को पार कर रही है, जो मजबूत और कुशल सप्लाई चेन बनाने में इसके बढ़ते महत्व को रेखांकित करती है।

## तुर्किश एयरलाइंस ने पांचवीं बार जीता 2026 एपेक्स यूरोप का सर्वश्रेष्ठ भोजन एवं पेय सेवा पुरस्कार

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**दुनिया के किसी भी अन्य एयरलाइन की तुलना में सबसे अधिक देशों के लिए उड़ान भरने वाली तुर्किश एयरलाइंस को 2026 एपेक्स (एयरलाइन पैसेंजर एक्सपीरियंस एसोसिएशन) बेस्ट एयरलाइन अवॉर्ड्स के तहत 'यूरोप में सर्वश्रेष्ठ भोजन एवं पेय सेवा' का पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह लगातार पांचवीं बार है जब राष्ट्रीय विमानन कंपनी को यह सम्मान मिला है, जो उसकी उत्कृष्ट इन-फ्लाइट डाइनिंग सेवा और यात्रियों की संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस उपलब्धि पर तुर्किश एयरलाइंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अहमेत ओलमुश्तूर ने कहा, यूरोप की सर्वश्रेष्ठ भोजन एवं पेय सेवा वाली एयरलाइन के रूप में एपेक्स द्वारा पांचवीं बार सम्मानित किया जाना हमारे लिए बेहद खुशी की बात है। यह पुरस्कार हमारे उन कर्मचारियों के समर्पण और कौशल का प्रमाण है, जो मेनू की योजना से लेकर भोजन को यात्रियों तक पहुंचाने तक हर चरण में उत्कृष्टता सुनिश्चित करते हैं। हम अपने यात्रियों के निरंतर विश्वास और तुर्किश एयरलाइंस परिवार के प्रत्येक सदस्य के प्रति आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने इस अनुभव को संभव बनाया है। एपेक्स समूह



के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. जो लीडर ने कहा, तुर्किश एयरलाइंस को 2026 एपेक्स बेस्ट फूड एंड बेवरेज इन यूरोप पुरस्कार मिलना केवल उत्कृष्ट भोजन सेवा का सम्मान नहीं है, बल्कि यह उस एयरलाइन की पहचान है जिसने इन-फ्लाइट डाइनिंग को संस्कृति, आतिथ्य, शिल्पकला और राष्ट्रीय गौरव की अभिव्यक्ति बना दिया है। तुर्किश एयरलाइंस हर भोजन, हर प्रस्तुति और हर यात्री अनुभव के माध्यम से तुर्किये की समृद्ध विरासत को दुनिया तक पहुंचाती है।"

## जमीन विवाद में बहा दिया अपनों का ही खून, छोटे भाई ने की बड़े भाई की हत्या, भाभी-भतीजा गंभीर

नई सोच एक्सप्रेस

**लातेहार ।**जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत अत्यंत ही सुदूरवर्ती गांव पोतमाडीह में जमीन विवाद के मामले में छोटे भाई पोलीकार्प बेक ने अपने ही बड़े भाई कामिल बेक की हत्या टांगी से मार कर कर दी। वहीं अपनी भाभी और भतीजे को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद में बेहतर इलाज के लिये रेफर कर दिया गया है। दरअसल, महुआडांड़ थाना क्षेत्र के पोटकाडीह के रहने वाले दो भाई पॉलीकार्प बेक और कामिल बेक के बीच पिछले कुछ दिनों से जमीन का विवाद चल रहा था। इसी मामले को लेकर दोनों के बीच में विवाद काफी बढ़ गया और झगड़ा शुरू हो गया। विवाद इतना काफी बढ़ गया कि पोलीकार्प ने टांगी से अपने बड़े भाई



पर हमला कर दिया, जिससे बड़ा भाई कामिल गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। कामिल को बचाने के लिये उसकी पत्नी और उनका बेटा सामने आये तो उन्हें भी पॉलीकार्प ने टांगी से हमला करते हुये गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बाद घायल महिला और उनका बेटा जोर-जोर से आवाज लगाकर मदद करने की गुहार लगाने लगे। यह सुनकर जब आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे तो ग्रामीणों को देखकर आरोपी वहां से फरार हो गया। इसके बाद ग्रामीणों ने तीनों घायलों को इलाज के लिए महुआडांड़ अस्पताल लेकर पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने जांच करने के बाद कामिल बेक को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल महिला और उनके बेटे को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिये रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम भी अस्पताल में पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला आपसी भूमि विवाद से संबंधित लगा रहा है। उन्होंने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिये लातेहार सदर अस्पताल भेजा जा रहा है। पूरे मामले की पुलिस छानबीन कर रही है। साथ ही आरोपी की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी भी की जा रही है।

## एसआईआर को लेकर गांडेय विधानसभा के झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ बैठक, अनमैप्ड मतदाताओं की मैपिंग में मदद करें बीएलए-2 : सुदिव्य कुमार

नई सोच एक्सप्रेस

**गिरिडीह ।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर झामुमो ने गांडेय विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ उत्सव उपवन गिरिडीह में एक बैठक की। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण में गाण्डेय विधानसभा क्षेत्र के 60,432 मतदाता अनमैप्ड हैं। इन सभी अनमैप्ड मतदाताओं को मैपिंग कराने में पार्टी द्वारा नियुक्त बीएलए-2 मदद करें। बीएलए-2 के साथ-साथ जो राजनीतिक कार्यकर्ता और पदाधिकारी हैं उनको भी एसआईआर में लगना होगा। उन्होंने कहा कि अनमैप्ड मतदाताओं को मैपिंग में आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराने के लिए झारखंड सरकार गंभीर है। बहुत जल्द राइट टू सर्विस एक्ट के तहत सेवा पखवारा का आयोजन कर कैम्प लगाकर लोगों का जन्म प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, आवासीय प्रमाणपत्र और वंशावली बनवाने का कार्य किया जाएगा। इससे लोजिकल एरर को खत्म करने में भी मदद मिलेगी। जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर गंभीर है। विशेष गहन पुनरीक्षण में एक भी



पात्र मतदाता का नाम नहीं छूटे इसके लिए पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसको लेकर आगामी 14 जून को उत्सव उपवन गिरिडीह में जिला के सभी विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। जमुआ के पूर्व विधायक केदार हाजरा ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर कार्य करना शुरू कर दिया है। मतदाताओं को भी जागरूक होने की जरूरत है। यदि एसआईआर में नाम कट गया तो फिर भविष्य में नाम जुड़ेगा कि नहीं जुड़ेगा यह अधर में है। जिला उपाध्यक्ष शाहनवाज अंसारी ने कहा कि अनमैप्ड मतदाताओं को हर हाल में अपनी मैपिंग करवानी होगी। इसके लिए वो अभी से ही आवश्यक दस्तावेज की व्यवस्था में लग जायें। जिला प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि झारखंड में अंतिम एसआईआर 2003 में हुआ था, इसमें कहीं भी किसी मतदाता के माता-पिता, दादा-दादी या नाना-नानी का नाम है तो उनका नाम जुड़ जाएगा। झारखंड के बाहर भारत में भी कहीं मतदाता के माता-पिता दादा-दादी या नाना-नानी का नाम रहेगा तब भी उनका नाम जुड़ेगा। बैठक में बेंगाबाद के प्रखंड अध्यक्ष नुनूराम किस्कू उर्फ़ टाइगर, सचिव खुरशीद अनवर हादी, गाण्डेय प्रखंड अध्यक्ष चांद मल मरांडी, सचिव शब्बीर अंसारी, गिरिडीह प्रखंड पश्चिमि के अध्यक्ष अनवर अंसारी, सचिव बिनोद सोरेन, तेलोडीह पंचायत के मुखिया शब्बीर आलम ने अपने अपने क्षेत्र के मतदाताओं की एसआईआर को लेकर समस्या रखी और सुझाव भी दिए। बैठक में मुख्य रूप से विजय सिंह, हलधर राय, गोपीन मुर्मू, धूर्पदेव पंडित, बैजनाथ राणा, भैरव वर्मा, बिनोद सोरेन, अरूण पाठक, चांदमल मरांडी, वाहिद खान, किसुन सोरेन, मो सलीम, मुस्तकीम अंसारी, जाकिर अंसारी, फक्करूदीन अंसारी, राजेश दास, मंजू मरांडी, आजाद अंसारी, केसो मुर्मू, बासुदेव यादव, नीलकंठ मंडल, सुरेन्द्र सोरेन, बिन्दु लाल मरांडी, एनामुल हक, गोपीन मुर्मू, सनातन चौडे, प्रेमचंद मुर्मू, बैजनाथ मुर्मू, रवि वर्मा, प्रकाश पंडित, लेखो मंडल, बासुदेव मंडल, शब्बीर आलम, बिजू वर्मा, देवचरण दास, लखन तुरी, अशोक सोरेन, सीताराम हांसदा, मनोज मंडल, रविन्द्र वर्मा, सरफराज अंसारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## जिला परिवहन पदाधिकारी के विशेष जांच अभियान में 12 ओवरलोड वाहन जब्त

नई सोच एक्सप्रेस

**गिरिडीह ।** जिले में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने, यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित रखने तथा परिवहन नियमों के प्रभावी अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार के नेतृत्व में जीटी रोड पर विशेष जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन जांच की गई, जिसमें निर्धारित मानकों का उल्लंघन कर परिचालन कर रहे कुल 12 ओवरलोड भारी वाहनों को जब्त किया गया। इनमें बगोदर थाना क्षेत्र से 10 तथा निमियाघाट थाना क्षेत्र से 2 वाहन शामिल हैं। संबंधित वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि ओवरलोड वाहनों का परिचालन सड़क दुर्घटनाओं की



आशंका को बढ़ाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग द्वारा नियमित रूप से निगरानी एवं जांच अभियान चलाया जा रहा है। परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन संचालकों एवं मालिकों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी। जिला प्रशासन ने सभी वाहन मालिकों एवं परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित भार सीमा एवं परिवहन नियमों का पालन करें, ताकि सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था को बनाए रखा जा सके।

# 'अल्फा का टीजर हुआ रिलीज, आलिया भट्ट का दिखा दमदार एक्शन अवतार

## बॉबी देओल ने दिया खतरनाक ट्विस्ट



यश राज फिल्म्स ने आखिरकार अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म अल्फा का टीजर जारी कर दिया है, जो वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की अगली किस्त है. शिव रावेल द्वारा निर्देशित और आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित इस एक्शन थ्रिलर में आलिया भट्ट और शरवरी लीड रोल में हैं. साथ ही बॉबी देओल और अनिल कपूर भी अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं. यह फिल्म 3 जुलाई, 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी और स्पाई फ्रैंचाइजी की पहली फीमेल लीड स्पाई फिल्म है. टीजर दर्शकों को वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स के एक गहरे और अधिक भावनात्मक पहलू से जोड़ रहा है. किसी स्थापित जासूस पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, अल्फा एक ऐसी युवती की कहानी बयां करती है, जिसे बचपन से ही एक उच्च कुशल जासूस बनने के लिए ट्रेन किया जाता है. लगभग दो मिनट के इस टीजर की शुरुआत एक इमोशनल पिता-बेटी के पल से होती है. बॉबी देओल का किरदार आलिया का 18वां जन्मदिन मनाता है और उसे एक चाबी देता है, जो एक खास तोहफा लगता है. हालांकि, माहौल तुरंत बदल जाता है जब वह बताता है कि इस चाबी से आलिया का पहला मिशन खुलता है. आलिया का किरदार निराश हो जाता है, क्योंकि उसे जन्मदिन के खाने की उम्मीद थी, लेकिन उसके पिता उसे याद दिलाते हैं कि यही वह जीवन है जिसके लिए वह बचपन से तैयारी कर रही थी. जैसे-जैसे टीजर आगे बढ़ता है, दर्शकों को भारत की अगली पीढ़ी के सैनिकों को तैयार करने के लिए डिजाइन किए गए एक हार्ड ट्रेनिंग कार्यक्रम की झलक मिलती है. बॉबी का किरदार आलिया को एक निडर योद्धा के रूप में प्रशिक्षित और आकार देता हुआ दिखाई देता है. एक इमोशनल सीन में उसे आलिया की बांह पर अल्फा संगठन का प्रतीक चिन्ह टैटू करते हुए दिखाया गया है, जो सीक्रेट मिशन के प्रति उसके कमिटमेंट को दर्शाता है. टीजर का मुख्य आकर्षण एक्शन सीक्वेंस हैं. आलिया को हाथ से हाथ की लड़ाई, सामरिक अभियानों और जोखिम भरे मिशनों में प्रभावशाली सटीकता के साथ भाग लेते हुए दिखाया गया है. सीन स्टाइलिश होने के साथ-साथ रियल भी हैं, जबकि एक्शन बिल्कुल सच और जमीनी लगतेत हैं. टीजर का अंत एक भावुक सीन के साथ होता है, जब बॉबी का किरदार अपनी बेटी को अपना पहला मिशन सफलतापूर्वक पूरा करते हुए गर्व से देखता है.

फिल्म ने पहले ही काफी चर्चा बटोर ली है क्योंकि इसमें आलिया को एक बिल्कुल नए अवतार में दिखाया गया है. इस प्रोजेक्ट के बारे में पहले बात करते हुए, अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें अल्फा फिल्म इसलिए पसंद आई क्योंकि इसमें उन्हें एक ऐसे जॉनर को एक्सप्लोर करने का मौका मिला है जिसे भारतीय सिनेमा में महिला प्रधान फिल्मों के रूप में शायद ही कभी सफलता मिली है. उन्होंने कहा कि हालांकि दर्शकों ने पुरुष प्रधान कहानियों में महिला एक्शन किरदार देखे हैं, लेकिन इस जॉनर में पूरी तरह से महिलाओं द्वारा अभिनीत फिल्में अभी भी कम ही देखने को मिलती हैं.

अल्फा, वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की सातवीं फिल्म है, जिसकी शुरुआत 2012 में एक था टाइगर से हुई थी. बाद में इस फ्रैंचाइजी का विस्तार टाइगर ज़िंदा है, वॉर, पठान, टाइगर 3 और वॉर 2 के साथ हुआ, और यह भारत के पहले सिनेमाई यूनिवर्स में से एक बन गया.





## सीरीज राख का नया ट्रेलर जारी रंगा-बिल्ला मामले की परतें खोलेंगे अली फजल

अली फजल की सीरीज राख के पहले ट्रेलर को काफी पसंद किया गया था। अब निर्माताओं ने इसका दूसरा ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसने आते ही लोगों का ध्यान खींच लिया। पुलिस की वर्दी पहने सब-इंस्पेक्टर जयप्रकाश के किरदार में अली दमदार नजर आए हैं। सोनाली बेंद्रे भी इसका हिस्सा हैं। पाताल लोक के निर्देशक प्रोसित रॉय ने राख का निर्देशन किया है। सीरीज दिल्ली के चर्चित गीता और संजय चोपड़ा अपहरण मामले से प्रेरित बताई जा रही है। ट्रेलर की शुरुआत 1970 के दौर से होती है, जब इंसानी क्रूरता का भयानक चेहरा दिखता है। 2 बच्चों के अपहरण और कत्ल की घटना ने हर किसी को हिलाकर रख दिया है। मामले की जांच ईमानदार पुलिस अधिकारी (अली) को सौंपी जाती है। जैसे-जैसे जांच बढ़ती है, शहर में एक के बाद एक कत्ल का सिलसिला सामने आता है। इसके जरिए निर्माता रंगा-बिल्ला केस की परतों को खोलते दिखेंगे। सीरीज 12 जून को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। राख एक काल्पनिक क्राइम-थ्रिलर सीरीज है।



# फिल्म है जवानी तो इश्क... से आया नया गाना पड़ोसन, मौनी रॉय के डांस ने मचाया तहलका




वरुण धवन की फिल्म है जवानी तो इश्क होना है सिनेमाघरों में 5 जून को रिलीज हो चुकी है। डेविड धवन के निर्देशन में बनी इस रोमांटिक कॉमेडी में पूजा हेगड़े और मृणाल ठाकुर भी मुख्य किरदारों में हैं। फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों ने अपनी मिली-जुली प्रतिक्रिया दी है। इस बीच, निर्माताओं ने फिल्म से एक नया गाना पड़ोसन जारी किया है, जिसमें मौनी रॉय अपने डांस का तड़का लगाती हुई नजर आ रही हैं।

पड़ोसन मुख्य रूप से एक आइटम गाना है, जिसमें मौनी के साथ जिमी शेरगिल भी नजर आए हैं। मधुबंती बागची और दिव्या कुमार की आवाज में आए इस धमाकेदार गाने को टिप्स फिल्म्स के यूट्यूब चैनल पर जारी किया गया है। इसके बोल जयराज ने लिखे हैं। फिल्म में जिमी ने पूजा के भाई का किरदार निभाया है। वहीं मौनी, वरुण की नकली मां बनी हैं। मनीष पॉल, चंकी पांडे, राजपाल यादव और राकेश बेदी भी फिल्म का हिस्सा हैं। है जवानी तो इश्क होना है ने आज पांचवे दिन 2.86 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है, जो लगातार बढ़ेगी। डेविड धवन की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 30.36 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। है जवानी तो इश्क होना है का मुबाकला बॉक्स ऑफिस पर बॉबी देओल की फिल्म बंदर और राम चरण की फिल्म पेद्दी से है। इन तीनों फिल्मों की कमाई करोड़ों में पहुंच चुकी है, लेकिन इन तीनों फिल्मों में से सबसे ज्यादा कलेक्शन राम चरण की साउथ फिल्म पेद्दी का है।







# अभिनेता अजय देवगन ने दिखाई धमाल 4 की पहली झलक, फिल्म से मजेदार पोस्टर हुए जारी

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने अपनी आगामी कॉमेडी फिल्म धमाल 4 का पहला कैरेक्टर पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। पोस्टर को देखकर साफ है कि फिल्म में पहले की तरह ही जबरदस्त कॉमेडी, हंगामा और रोमांच देखने को मिलेगा। धमाल 4 का निर्देशन एक बार फिर इंद्र कुमार करेंगे। पोस्टर शेयर करते हुए अजय देवगन ने लिखा, इन दोनों का एक ही लक्ष्य है, सोना हासिल करना। इन पोस्टर में रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और जावेद जाफरी की झलक दिखाई गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह फिल्म पहले 17 जुलाई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे एक हफ्ते पहले 10 जुलाई को रिलीज किया जा सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि 10 जुलाई का स्लॉट खाली है। हालांकि, मेकर्स की तरफ से इस नई तारीख की आधिकारिक घोषणा होना अभी बाकी है। धमाल 4 का निर्देशन एक बार फिर इंद्र कुमार कर रहे हैं, जिन्होंने धमाल सीरीज की पिछली सभी फिल्में बनाई हैं। इस फिल्म को टी-सीरीज और देवगन फिल्म्स मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म में अजय देवगन के अलावा रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और जावेद जाफरी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस बार फिल्म धमाल 4 में संजीदा शेख, अंजली आनंद, उपेंद्र लिमये, विजय पाटकर और रवि किशन जैसे कलाकार भी हंसी का तड़का लगाते हुए नजर आएंगे। इन पोस्टर्स के सामने आने के बाद से फैंस के बीच धमाल 4 को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है।




## संयुक्ता हेगड़े के इस अंदाज को देखकर विक्रम हुए खुश सीधे दे दी ये फिल्म

अभिनेत्री संयुक्ता हेगड़े अब तमिल फिल्म चियान 63 का हिस्सा बन गई हैं। इस फिल्म में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता विक्रम मुख्य भूमिका में हैं और इसका निर्देशन आनंद शंकर कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि संयुक्ता को यह किरदार निर्माताओं ने तब दिया, जब उन्होंने उन्हें साड़ी पहनकर पुश-अप्स करते देखा। इस फिल्म के जरिए रिया शिबू भी तमिल इंडस्ट्री में कदम रख रही हैं। संयुक्ता ने विक्रम की तारीफ करते हुए कहा कि वह बेहद विनम्र स्वभाव के हैं। उन्होंने बताया कि विक्रम अपनी शूटिंग न होने पर भी अक्सर सेट पर आते थे। संयुक्ता के मुताबिक, पर्दे पर उनका किरदार उनकी असल जिंदगी से काफी अलग है। उन्होंने तमिल फिल्म इंडस्ट्री को उनके भरपूर समर्थन के लिए धन्यवाद भी दिया। इस फिल्म की शूटिंग 7 जून, 2026 को शुरू हो चुकी है। यह फिल्म विक्रम की पिछले साल आई वीरा धीरा सूरण: पार्ट 2 के बाद बड़े पर्दे पर उनकी वापसी है।



# आयरन तवे का इस्तेमाल करते समय न करें ये गलतियां, बिगड़ सकता है खाने का स्वाद

आयरन तवा एक खास रसोई का सामान है, जिसका सही इस्तेमाल करना जरूरी है। अक्सर लोग इसे इस्तेमाल करते समय कुछ छोटी-छोटी गलतियां कर देते हैं, जो उनके खाने के स्वाद और सेहत पर असर डाल सकती हैं। इस लेख में हम ऐसी ही कुछ सामान्य गलतियों पर चर्चा करेंगे, जिन्हें सुधारकर आप अपने खाने का अनुभव बेहतर बना सकते हैं और अपने परिवार को स्वस्थ रख सकते हैं। आयरन तवे पर सीधे तेल डालना एक आम गलती है, जिसे कई लोग अनजाने में करते हैं। इससे तवे पर खाना बनाते समय तेल जल्दी जल जाता है और खाने का स्वाद बिगड़ जाता है। इसके बजाय पहले तवे को अच्छी तरह गर्म करें और फिर उसमें थोड़ा-सा तेल डालें। इससे खाना अच्छे से पकेगा और उसका स्वाद भी बेहतरीन रहेगा। इस तरीके से आप अपने खाने का अनुभव सुधार सकते हैं। आयरन तवे की सफाई करते समय डिटर्जेंट का उपयोग करना ठीक नहीं है क्योंकि इससे तवे की सतह खराब हो सकती है और खाने का स्वाद भी बिगड़ सकता है। तवे को साफ करने के लिए हमेशा गर्म पानी और हल्के साबुन का इस्तेमाल करें। अगर तवे पर जिद्दी दाग लगे हों तो उसे नरम कपड़े से रगड़ें और सूखे कपड़े से पोंछ दें। इससे तवे की सतह सुरक्षित रहती है और खाने का स्वाद भी बेहतरीन बना रहता है। कुछ लोग तवे पर खाना बनाने के बाद तुरंत उसे ठंडा करने के लिए उस पर पानी डाल देते हैं, जो कि सही नहीं है। ऐसा करने से तवे जल्दी खराब हो सकता है और उसमें जंग लग सकता है। सही तरीका यह है कि तवे को पहले हल्का ठंडा होने दें और फिर उसे साफ करें। इस तरीके से तवे की उम्र बढ़ती है और आपके खाने का अनुभव बेहतर बना रहता है। आयरन तवे पर खाना बनाते समय तेज आंच का इस्तेमाल करने से बचें क्योंकि इससे खाना जल सकता है और उसका स्वाद बिगड़ जाता है। हमेशा मध्यम आंच पर ही खाना पकाएं ताकि वह अच्छे से पके और स्वादिष्ट बने। इससे न केवल आपका खाना स्वादिष्ट बनेगा, बल्कि तवे की उम्र भी बढ़ेगी और उसमें जंग लगने की संभावना कम होगी। इस तरीके से आप अपने खाने का अनुभव बेहतर बना सकते हैं। आयरन तवे पर खाना बनाते समय धातु की चम्मच का उपयोग करना ठीक नहीं है क्योंकि इससे तवे पर खरोंचें पड़ सकती हैं और उसकी सतह खराब हो सकती है। इसके बजाय लकड़ी या सिलिकॉन की चम्मच का इस्तेमाल करें, जो तवे को सुरक्षित रखेंगी। इन सरल सुझावों को अपनाकर आप अपने आयरन तवे का सही तरीके से इस्तेमाल कर सकते हैं और अपने खाने के अनुभव को बेहतर बना सकते हैं।





# बांग्लादेश ने रचा इतिहास, ऑस्ट्रेलिया को हराकर पहली बार जीती वनडे द्विपक्षीय सीरीज

एजेंसी, नई दिल्ली



बांग्लादेश क्रिकेट के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। ढाका के शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में खेले गए दूसरे वनडे मुकाबले में बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर पहली बार किसी द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में कंगारू टीम पर विजय हासिल की। इस ऐतिहासिक जीत के साथ बांग्लादेश ने तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त बना ली और देशभर में जश्न का माहौल बन गया। कप्तान मेहदी हसन मिराज के विजयी छक्के ने इस यादगार सफलता पर मुहर लगा दी। बारिश से प्रभावित मुकाबले में बांग्लादेश को डकवर्थ-लुईस-स्टर्न पद्धति के तहत 41 ओवर में 192 रन का लक्ष्य मिला था। मैच के अंतिम चरण में कप्तान मेहदी हसन मिराज और तौहीद हृदॉय क्रीज पर मौजूद थे। 35वें ओवर की अंतिम गेंद पर मिराज ने राइली मेरेडिथ की गेंद को डीप लॉन्ग लेग के ऊपर से शानदार छक्के के लिए भेज दिया। इस शॉट के साथ बांग्लादेश ने 35 ओवर में पांच विकेट खोकर 195 रन बनाते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज कर ली। इससे पहले टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। पारी के पहले ही ओवर में मैथ्यू शॉर्ट बिना खाता खोले आउट हो गए। इसके बाद कूपर कॉनोली और मैट रेनशॉ भी शून्य पर पवेलियन लौट गए। शुरुआती झटकों के बाद कप्तान जोश इंग्लिस ने 34 रन बनाकर पारी को संभालने का प्रयास किया, लेकिन वह भी बड़ी पारी नहीं खेल सके। एलेक्स कैरी 13 रन बनाकर आउट हुए और ऑस्ट्रेलिया का शीर्ष क्रम पूरी तरह लड़खड़ा गया। टीम संकट में थी तब मार्नस लाबुशेन और जेवियर बार्टलेट ने जिम्मेदारी संभाली। लाबुशेन ने 85 गेंदों पर नाबाद 55 रन बनाए, जबकि बार्टलेट ने 48 गेंदों में 52 रनों की तेजतर्रार पारी खेली। दोनों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया 42 ओवर में आठ विकेट पर 187 रन तक पहुंचने में सफल रहा। बांग्लादेश की ओर से तास्किन अहमद और मुस्तफिजुर रहमान ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि तनवीर इस्लाम ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और तंजीद हसन तमीम बिना खाता खोले आउट हो गए। इसके बाद सौम्य सरकार और नजमुल हुसैन शांतो ने पारी को संभाला। सौम्य ने 42 और शांतो ने 41 रन बनाए। मध्यक्रम में लिटन दास ने 21 रन का योगदान दिया, जबकि तौहीद हृदॉय ने नाबाद 40 रन बनाकर जीत की नींव मजबूत की। अंत में मेहदी हसन मिराज ने 22 रन की उपयोगी पारी खेलते हुए टीम को ऐतिहासिक मंजिल तक पहुंचाया। यह जीत बांग्लादेश क्रिकेट के लिए केवल एक श्रृंखला विजय नहीं, बल्कि वर्षों की मेहनत और निरंतर प्रगति का प्रतीक मानी जा रही है। विश्व क्रिकेट की सबसे मजबूत टीमों में शामिल ऑस्ट्रेलिया को द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में हराकर बांग्लादेश ने साबित कर दिया है कि वह अब बड़े मंचों पर किसी भी टीम को चुनौती देने की क्षमता रखता है।

## तेज गेंदबाज आकाशदीप 24 जून को रचाएंगे शादी

एजेंसी, नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज आकाशदीप जल्द ही अपने जीवन की नई पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं। मैदान पर अपनी तेज गेंदबाजी से बल्लेबाजों को परेशान करने वाले आकाशदीप अब विवाह बंधन में बंधने की तैयारी में हैं। जानकारी के अनुसार वह 24 जून को अपनी मंगेतर अक्षिता के साथ सात फेरे लेंगे। शादी समारोह बिहार के रोहतास जिले में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आयोजित किया जाएगा। आकाशदीप की होने वाली पत्नी अक्षिता डेहरी-ऑन-सोन के मानिकपुर गांव की निवासी हैं। दोनों परिवारों की सहमति से यह विवाह संपन्न होगा। शादी को लेकर दोनों परिवारों में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं और रिश्तेदारों के आने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। विवाह समारोह को पारंपरिक और पारिवारिक माहौल में आयोजित करने की योजना बनाई गई है। सूत्रों के अनुसार शादी से पहले विभिन्न रस्में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न होंगी। 21 जून को तिलक समारोह आयोजित किया जाएगा, जबकि 22 जून को मेहंदी की रस्म होगी। इसके बाद 23 जून को हल्दी समारोह का आयोजन किया जाएगा। इन सभी कार्यक्रमों में परिवार के सदस्य, करीबी रिश्तेदार और मित्र शामिल होंगे। 24 जून को आकाशदीप बारात लेकर अक्षिता के घर पहुंचेंगे और विवाह की सभी परंपराओं का पालन करते हुए दोनों जीवनसाथी बनेंगे। आकाशदीप का पैतृक गांव रोहतास जिले का बड्डी गांव है, जहां विवाह से जुड़ी कई रस्में संपन्न की जाएंगी। स्थानीय लोगों में भी इस शादी को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। क्रिकेट के जरिए राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके आकाशदीप की इस खुशखबरी से उनके प्रशंसकों में भी खुशी का माहौल है। भारतीय टीम के लिए खेलते हुए आकाशदीप ने अपनी तेज और सटीक गेंदबाजी से कई बड़े बल्लेबाजों को परेशानी में डाला है। घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन के बाद उन्होंने राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। क्रिकेट मैदान पर विपक्षी बल्लेबाजों को क्लीन बोल्ड करने वाले आकाशदीप अब अपने निजी जीवन की नई शुरुआत करने जा रहे हैं।

परिवार के करीबी लोगों का कहना है कि विवाह समारोह को सादगी और पारंपरिक मूल्यों के साथ आयोजित किया जाएगा। शादी में परिवार, रिश्तेदारों और मित्रों की मौजूदगी रहेगी। क्रिकेट जगत से जुड़े कुछ करीबी लोगों के भी समारोह में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

## ऑस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक सीरीज जीत के बीच बांग्लादेश को झटका

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे क्रिकेट में नया इतिहास रचते हुए पहली बार किसी द्विपक्षीय श्रृंखला में कंगारू टीम को पराजित किया है। लगातार दो मुकाबले जीतकर बांग्लादेश ने तीन मैचों की श्रृंखला अपने नाम कर ली, लेकिन इस ऐतिहासिक सफलता के बीच टीम को अपने कप्तान मेहदी हसन मिराज की चोट को लेकर चिंता का सामना करना पड़ा। दूसरे वनडे के दौरान सिर में गंभीर चोट लगने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। मुकाबला ढाका में खेला गया, जहां बांग्लादेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। हालांकि मैच के दौरान एक ऐसा क्षण आया जिसने खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों की चिंता बढ़ा दी। बांग्लादेशी पारी के 34वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज राइली मेरेडिथ की एक तेज बाउंसर मेहदी हसन मिराज के हेलमेट पर जा लगी। गेंद लगते ही कप्तान दर्द से कराह उठे और घुटनों के बल मैदान पर बैठ गए। उनकी स्थिति को देखते हुए तुरंत मेडिकल टीम मैदान में पहुंची। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के नियमों के अनुसार मैदान पर ही उनका कंकशन परीक्षण किया गया।

## अफगानिस्तान 'ए' से हार के बाद तिलक वर्मा निराश

एजेंसी, नई दिल्ली



दांबुला में खेली जा रही त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला में अफगानिस्तान 'ए' ने बड़ा उलटफेर करते हुए भारत 'ए' को डकवर्थ-लुईस-स्टर्न नियम के आधार पर चार रन से हरा दिया। वर्षा से प्रभावित इस मुकाबले में भारत 'ए' ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 349 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था, लेकिन बारिश के कारण बदले समीकरणों ने अंततः अफगानिस्तान 'ए' को जीत दिला दी। हार के बाद भारतीय कप्तान तिलक वर्मा ने निराशा जताते हुए कहा कि यदि मैच पूरा खेला जाता तो परिणाम कुछ और हो सकता था। मुकाबले में भारत 'ए' के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने 69 गेंदों पर 84 रन बनाए, जबकि उपकप्तान रुतुराज गायकवाड़ और कप्तान तिलक वर्मा ने 66-66 रन की महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने भी आक्रामक अंदाज में 22 गेंदों पर 44 रन बनाकर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। बारिश के कारण मुकाबले को 50 के बजाय 49 ओवर का कर दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद भारतीय बल्लेबाजों ने नौ विकेट पर 349 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में अफगानिस्तान 'ए' ने भी आक्रामक शुरुआत की। कप्तान इमरान और हसन इसाखिल ने तेज रन बटोरते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। बाद में बहीर शाह और इमरान ने पारी को संभालते हुए स्कोर को 25.5 ओवर में दो विकेट पर 177 रन तक पहुंचा दिया। इसी दौरान एक बार फिर बारिश शुरू हो गई और खेल रोकना पड़ा। जब आगे खेल संभव नहीं हो सका तो डकवर्थ-लुईस-स्टर्न नियम के आधार पर परिणाम घोषित किया गया। उस समय अफगानिस्तान 'ए' की टीम निर्धारित पार-स्कोर से चार रन आगे थी, जिसके चलते उसे विजेता घोषित कर दिया गया। मैच के बाद तिलक वर्मा ने कहा कि उनकी टीम ने बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया और इस पिच पर 349 रन का स्कोर प्रतिस्पर्धी माना जा सकता था। उन्होंने कहा कि बारिश और डकवर्थ-लुईस-स्टर्न नियम के कारण मुकाबले की दिशा बदल गई।

# बिजनेस

# स्टॉक मार्केट में जेनएक्सआई एनालिटिक्स ने किया निराश

- अपर सर्किट के बावजूद घाटे में आईपीओ निवेशक

एजेंसी, नई दिल्ली




आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सेक्टर में काम करने वाली कंपनी जेनएक्सआई एनालिटिक्स के शेयरों ने शेयर बाजार में निराशाजनक शुरुआत की। कंपनी के शेयर शुक्रवार को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर भारी डिस्काउंट के साथ सूचीबद्ध हुए, जिससे आईपीओ निवेशकों को पहले ही दिन नुकसान का सामना करना पड़ा। कंपनी ने अपने आईपीओ के तहत शेयरों का निर्गम मूल्य 116 रुपये प्रति शेयर तय किया था। हालांकि बाजार में इसकी एंट्री 20 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 92.80 रुपये पर हुई। कमजोर लिस्टिंग के बावजूद बाद में निवेशकों की खरीदारी बढ़ने से शेयर में कुछ सुधार देखने को मिला और यह 97.40 रुपये के अपर सर्किट स्तर तक पहुंच गया। इसके बावजूद आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 18.60 रुपये अथवा 16.03 प्रतिशत का नुकसान झेलना पड़ा। जेनएक्सआई एनालिटिक्स का 54.84 करोड़ रुपये का आईपीओ पांच जून से नौ जून तक निवेशकों के लिए खुला था। कंपनी के इश्यू को निवेशकों का अच्छा समर्थन मिला था और यह कुल 16.99 गुना सब्सक्राइब हुआ था। क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) श्रेणी में 17.58 गुना, नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) श्रेणी में 30.92 गुना तथा रिटेल निवेशकों के हिस्से में 12.59 गुना आवेदन प्राप्त हुए थे। आईपीओ के तहत कंपनी ने 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 47.28 लाख नए शेयर जारी किए हैं। इस इश्यू से जुटाई गई राशि का उपयोग कंपनी अपने कर्ज को कम करने, कार्यशील पूंजी (वर्किंग कैपिटल) की जरूरतों को पूरा करने और अन्य सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए करेगी। वित्तीय प्रदर्शन की बात करें तो कंपनी ने पिछले कुछ वर्षों में राजस्व और लाभ दोनों मोर्चों पर उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी का शुद्ध लाभ 84 लाख रुपये था, जो 2023-24 में बढ़कर 2.65 करोड़ रुपये और 2024-25 में 6.55 करोड़ रुपये हो गया। वहीं वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीनों (अप्रैल से दिसंबर 2025) में ही कंपनी 13.31 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित कर चुकी थी। कंपनी की आय में भी लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2022-23 में जेनएक्सआई एनालिटिक्स को 16.61 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। यह आंकड़ा 2023-24 में बढ़कर 24.21 करोड़ रुपये और 2024-25 में 28.88 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। वहीं 2025-26 के पहले नौ महीनों में कंपनी का राजस्व 64.47 करोड़ रुपये दर्ज किया गया।

## टाटा मोटर्स एक जुलाई से यात्री वाहनों की कीमतों में करेगी 1.5 फीसदी का इजाफा

एजेंसी, नई दिल्ली

टाटा मोटर्स लिमिटेड ने इंटरनल कंबशन इंजन (आईसीई) और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सहित अपने यात्री वाहनों की कीमतों में एक जुलाई से 1.5 फीसदी तक इजाफा करने का ऐलान किया है। टाटा मोटर्स ने शुक्रवार को शेयर बाजार को नियामक फाइलिंग में बताया, ''यह मूल्य संशोधन कच्चे माल की बढ़ती लागत और महंगाई के निरंतर दबाव के प्रभावों को आंशिक रूप से संतुलित करने के लिए किया जा रहा है।

कीमतों में यह बदलाव मॉडल और वेरिएंट के हिसाब से अलग-अलग होगा।'' कंपनी ने एक बयान में कहा कि टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स इन लागत वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा स्वयं वहन कर रही है, लेकिन इसका कुछ प्रभाव इस मूल्य समायोजन के जरिये ग्राहकों पर डाला जा रहा है। कंपनी ने कहा कि कीमतों में वृद्धि विभिन्न मॉडल और संस्करणों के लिए अलग-अलग होगी।

# एफएसएसएआई ने केएफसी, फ्लिपकार्ट इंडिया और नेस्ले को जारी किया नोटिस

- खाने के सामान में कीड़े मिलने की शिकायत पर एफएसएसएआई ने भेजा नोटिस

एजेंसी, नई दिल्ली




भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तीन बड़ी कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने सोशल मीडिया पर सामने आई उपभोक्ताओं की शिकायतों के आधार पर नेस्ले इंडिया, फ्लिपकार्ट इंडिया और केएफसी को नोटिस जारी कर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।

एफएसएसएआई की ओर से जारी नोटिस में कंपनियों से पूछा गया है कि संबंधित शिकायतों की जांच के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कौन-से सुधारात्मक उपाय किए जा रहे हैं।

प्राधिकरण के अनुसार, केएफसी को उसके आउटलेट्स में स्वच्छता संबंधी शिकायतों के मामले में नोटिस भेजा गया है। वहीं, फ्लिपकार्ट इंडिया से उन आरोपों पर जवाब मांगा गया है जिनमें उसके प्लेटफॉर्म के माध्यम से बेचे गए खजूर के उत्पाद में कीड़े पाए जाने की शिकायत सामने आई थी। इसके अलावा, नेस्ले इंडिया को मैगी के पैकेट में कीड़े अथवा लार्वा मिलने के मामलों के संबंध में नोटिस जारी किया गया है।

एफएसएसएआई ने कंपनियों से घटनाओं की पूरी जानकारी, जांच रिपोर्ट तथा उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों का विवरण देने को कहा है। प्राधिकरण का कहना है कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि एफएसएसएआई की यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा नियमन में उभरते नए रुझान को दर्शाती है। अब सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली उपभोक्ताओं की शिकायतें सीधे नियामक एजेंसियों के संज्ञान में आ रही हैं और उन पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इससे शिकायत दर्ज होने और संबंधित कंपनियों से जवाब तलब किए जाने के बीच का समय काफी कम हो गया है। उपभोक्ता अधिकारों के दृष्टिकोण से भी यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे कंपनियों पर उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने और शिकायतों के त्वरित समाधान का दबाव बढ़ेगा। साथ ही, आम उपभोक्ताओं का भरोसा भी मजबूत होगा कि उनकी शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है।

# सोने के भाव में लगातार दूसरे दिन बड़ी गिरावट, चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली



घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में जबरदस्त गिरावट का रुख बना हुआ है। भाव में आई कमजोरी के कारण चेन्नई के अलावा देश के दूसरे सर्राफा बाजार में सोना आज 2,950 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 3,220 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। वहीं, चेन्नई में सोने के भाव में 3,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 3,270 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई। सोना के विपरीत चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। भाव में गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,45,630 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,47,270 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, 22 कैरेट सोना आज 1,33,490 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,34,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,49,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,45,780 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,33,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,45,630 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,45,680 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,33,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,47,270 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,34,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

# स्टॉक मार्केट में हेक्सागॉन न्यूट्रिशन की प्रीमियम एंट्री, मुनाफे में आईपीओ निवेशक

एजेंसी, नई दिल्ली



न्यूट्रिशन प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनी हेक्सागॉन न्यूट्रिशन के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में प्रीमियम एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 45 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग लगभग सात प्रतिशत प्रीमियम के साथ 48 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 48.25 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली के सपोर्ट से ये शेयर उछल कर 50.66 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गया। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 5.66 रुपये यानी 12.58 प्रतिशत का फायदा हो गया। हेक्सागॉन न्यूट्रिशन का 138.87 करोड़ रुपये का आईपीओ पांच से नौ जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से शानदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 53.68 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 19.77 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 161.49 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 26.85 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत एक रुपये फेस वैल्यू वाले 3,08,59,704 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिए जारी किए गए हैं। हेक्सागॉन न्यूट्रिशन की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 5.82 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 12.21 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 24.38 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।